संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 14 फरवरी 2024 ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



पीएम मोदी-राष्ट्रपति नाहयान ने की द्विपक्षीय वार्ता। अबू धाबी में किया यूपीआई रुपे कार्ड सेवा का हुआ शुभारंभ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 44 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आप का कांग्रेस को 1 लोकसभा सीट का प्रपोजल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने गोवा और गुजरात के अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। मंगलवार (13 फरवरी) को आप सांसद संदीप पाठक ने पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक के बाद इंडिया ब्लॉक के साथ सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा की। संदीप ने कहा कि योग्यता के आधार पर कांग्रेस पार्टी दिल्ली में एक भी सीट की हकदार नहीं है। हम गठबंधन धर्म को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव दे रहे हैं कि दिल्ली में कांग्रेस एक सीट और आप 6 सीटों पर लड़े।

**कांग्रेस से सीट शेयरिंग पर 2 मीटिंग हुई, दोनों बेनतीजाः** संदीप ने यह भी कहा कि सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस पार्टी के साथ दो बैठकें हुईं, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसके अलावा, पिछले 1 महीने में कोई बैठक नहीं हुई है। हम अगली मीटिंग का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं को भी अगली बैठक की जानकारी नहीं है। आज, मैं भारी मन से यहां बैठा हूं। हमने असम से तीन उम्मीदवारों की घोषणा की और मुझे उम्मीद है कि इंडिया गठबंधन उन्हें स्वीकार करेगा। संदीप ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में 2019 लोकसभा चुनाव में जीरो सीट, विधानसभा में जीरो सीट, एमसीडी चुनावों में 250 में से सिर्फ 9 सीटें जीती हैं। उधर, आप ने गुजरात में पिछले स्टेट इलेक्शन में वोट शेयर के अनुपात में 26 में से 8 लोकसभा सीटों की मांग की है।

**पंजाब की 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी आप : आप** ने पिछले महीने 24 जनवरी को ही ऐलान कर दिया था कि वह पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसके लिए अंदरूनी तौर पर आप ने पूरी तैयारी कर ली है। 13 लोकसभा सीटों पर 40 नामों की लिस्ट भी तैयार कर ली गई है। किसी सीट पर 2 तो किसी पर 4 विकल्प भी रखे गए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनवरी 2024 में मुर्शिदाबाद में कहा था- मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस पार्टी को इतना अहंकार किस बात का है। मुझे नहीं लगता कि वो 300 में से 40 सीट भी जीत पाएगी। ममता ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले जहां-जहां जीतती थी, अब वहां भी हारती जा रही है। अगर उसमें हिम्मत है तो बनारस और प्रयागराज में भाजपा को हराकर दिखाए।

## दिल्ली जाने के लिए अड़े किसान...



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मंगलवार** को किसानों के दिल्ली कूच होने को लेकर जहां एनसीआर में भारी जाम देखने को मिला, वहीं गाजीपुर बॉर्डर, सिंघु बॉर्डर और संभू बॉर्डर समेत सभी बॉर्डर को सील कर दिया गया। किसानों ने मंगलवार को संभू बॉर्डर क्रॉस करने की कोशिश की तो सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प हो गई। किसानों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने का प्रयास किया। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस ने ड्रोन से आंसू गैस के गोले दागे। किसान आंदोलन को लेकर चीफ ओवैसी ने कहा कि मोदी सरकार को किसानों की मांगे पूरी करनी चाहिए। यह सरकार की विफलता है कि वह लगातार समय बर्बाद कर रही है। एमएसपी कानून जल्द लागू होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मैं किसानों से आग्रह करता हूं कि वे ऐसे तत्वों से सावधान रहें, जो माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट की सिफारिश के अनुसार, सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी वाला कानून बनाने की मांग के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसे कई मामलों पर सहमत है। अर्जुन मुंडा किसान नेताओं के साथ बातचीत करने वाले मंत्रियों की टीम में शामिल हैं। इस टीम में खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल, नित्यानंद राय और पंजाब के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल भी शामिल हैं। इस बार किसान आंदोलन 'संयुक्त किसान मोर्चा' और 'पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति' किया जा रहा है। जिसका नेतृत्व किसान यूनियन नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंढेर कर रहे हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर के अनुसार, लगभग 10 हजार किसान शंभू बोर्डर पर हैं। किसान यहां शांतिपूर्ण स्थिति बनाए हुए हैं, लेकिन हमारे खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है।


### किसान आंदोलन के कारण सड़कें अवरुद्ध

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**किसानों** के दिल्ली कूच को रोकने के लिए हरियाणा में सड़कों को बाधित करने व इससे लोगों को होने वाली परेशानी को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार, पंजाब सरकार, दिल्ली सरकार और यूटी प्रशासन सहित दोनों किसान यूनियन को नोटिस जारी कर 15 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने केंद्र, हरियाणा सरकार और पंजाब सरकार को कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा मिलकर इस मुद्दे का हल निकालने का प्रयास करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो दोनों राज्यों को सुरक्षा बल मुहैया करने के लिए केंद्र सरकार तैयार है।

## कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई जगहों पर ईडी की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले के कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई जगहों पर छापेमारी की। ईडी ने बताया कि दोनों राज्यों में छापेमारी की कार्रवाई में 31 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई है। बता दें कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। ईडी ने बताया कि इस मामले में कर्नाटक के बेल्लारी में एफआईआर दर्ज कराया गया था और 10 फरवरी को तलाशी ली गई थी।

**अवैध लेनदेन के मिले सबूतः** जांच एजेंसी को तलाशी के दौरान ऐसे सबूत मिले हैं, जो दशार्ते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए थे और उसका उपयोग गैरकानूनी लेनदेन के लिए किया गया था। जानकारी के अनुसार, ईडी की छापेमारी में आपत्तिजनक दस्तावेजों का नेटवर्क, व्यावसायिक रिकॉर्ड और अचल व चल संपत्तियों का विवरण मिला है।




## एक राष्ट्र एक चुनावः समिति ने राज्य चुनाव आयुक्तों के साथ किया मंथन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एक राष्ट्र,** एक चुनाव पर गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और सदस्यों एनके सिंह, संजय कोठारी ने एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर विचार जानने के लिए राज्य चुनाव आयुक्तों के साथ बैठक जारी रखी। बैठक में कानून सचिव डॉ राजीव मणि भी मौजूद रहे। गत सितंबर को लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे की जांच करने और सिफारिशें करने के लिए समिति का गठन किया गया था।

उच्च स्तरीय समिति ने महाराष्ट्र के चुनाव आयुक्त यूपीएस मदन, कर्नाटक के चुनाव आयुक्त डा. बी. बासवराजू और कर्नाटक के राज्य चुनाव आयोग के सचिव होनम्बा एस. के साथ बैठक की।

### मुद्दों के निदान की आवश्यकता पर बल

**दोनों** आयुक्तों ने राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के साथ-साथ स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के लिए विभिन्न मुद्दों के निदान की आवश्यकता पर जोर दिया। गत सप्ताह समिति ने राजस्थान के चुनाव आयुक्त मधुकर गुप्ता, केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली के पूर्व चुनाव आयुक्त संजय श्रीवास्तव और हरियाणा के पूर्व चुनाव आयुक्त डा. दलीप सिंह के साथ बैठकें की थी। इससे पहले गत 27 जनवरी को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित, मद्रास हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीब बनर्जी और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के साथ परामर्श किया था।

# भ्रष्टाचार के रास्ते पर बिहार से मथुरा पहुंची स्लीपर बस, बड़ी लापरवाही ने ले ली हादसे में पांच लोगों की जान

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा।** बिहार से उत्तर प्रदेश तक यातायात पुलिस में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं। इसी की बदौलत बिहार के गया से चलकर स्लीपर बस मथुरा तक पहुंच गई। मौत बनकर दौड़ रही बस का टायर सोमवार को मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेस वे के 117 माइल स्टोन के नजदीक फट गया। बस के ईंधन टैंक से स्विफ्ट कार के टकराने से पांच लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई।

**समाप्त हो चुकी थी आरसी, बीमा प्रमाण पत्र की वैधता**

इतनी लंबी दूरी तय कर चुकी बस की आरसी, बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी थी, लेकिन बस धड़ल्ले से यातायात पुलिस की नाक के नीचे से गुजरते हुए दिल्ली की ओर आगे बढ़ती रही। यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार सुबह स्लीपर बस का टायर फटने से वह सड़क पर तिरछी खड़ी हो गई। आगरा की ओर से आ रही स्विफ्ट कार इस बस के ईंधन टैंक से टकरा गई। कार में सवार पांचों लोग जिंदा जल गए। बस में बैठी सवारियां सुरक्षित निकल गई, लेकिन बस में आग लग गई। हादसे की शुरूआत जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वह आश्चर्यजनक है। सड़कों पर गहरी हो चुकी भ्रष्टाचार की जड़ों का पदार्फाश हो गया है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि हादसे का कारण बनी स्लीपर बस को पश्चिम बंगाल से स्टेज कैरिज परमिट जारी हुआ था। बस को 12 अक्टूबर 2023 में आरसी जारी हुई थी। आरसी की वैधता पिछले साल 21 अक्टूबर को समाप्त हो चुकी थी।



यानि करीब चार माह से बस बिना वैध आरसी के दौड़ रही थी। प्रदूषण प्रमाण पत्र की वैधता भी चार जनवरी 2024 और बीमा 15 जनवरी 2024 को समाप्त हो गई थी।

**बिहार के गया से आ रही थी दिल्ली:** सवाल है कि हर चौराहे पर खड़ी यातायात पुलिस जो वाहन चालकों की लापरवाही या यातायात नियमों के उल्लंघन पर भारी भरकम जुमार्ना लगाकर चालान काट देती है। उसी यातायात पुलिस को वैधता समाप्त होने के बाद सड़क पर दौड़ रही स्लीपर बस कैसे नजर नहीं आई। बस बिहार के गया से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। यानि बिहार के विभिन्न जिलों से गुजरने के अलावा बस ने उत्तर प्रदेश बिहार राज्य की सीमा को भी क्रास किया । उत्तर प्रदेश में भी कई जिलों से गुजरकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, यमुना एक्सप्रेस वे गुजरने के दौरान भी जांच की कार्रवाई से बस बची रही। बस चालक को एक्सप्रेस वे पर यातायात पुलिस की गैर मौजूदगी का भी पूरा फायदा मिला। रेलवे में आरक्षण की मारामारी के कारण यात्रा के लिए स्लीपर बसों पर लोगों की निर्भरता काफी बढ़ चुकी है। बसें रात में गंतव्य की ओर रवाना होती हैं, और सुबह लोगों को उनकी मंजिल तक पहुंचा देती है। अंधेरा गहराते ही सड़कों व एक्सप्रेस वे पर स्लीपर बसों धड़ल्ले से दौड़ने लगती हैं। लखनऊ, इलाहाबाद, कानपुर के अलावा मध्य प्रदेश, बिहार के लिए ये बसें संचालित होती है। कई बार इनकी रफ्तार भी निर्धारित सीमा से अधिक होती है, इसके बावजूद चालान की कार्रवाई सिफर रहती है।

**शासन को पत्र लिखेगा यमुना प्राधिकरणः** यमुना प्राधिकरण शासन को पत्र लिखकर एक्सप्रेस वे पर रूट की वैधता न होने के कारण गुजरने वाली बसों पर कार्रवाई की मांग करेगा। सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि हादसाग्रस्त बस की आरसी, प्रदूषण व बीमा की वैधता समाप्त होने के बावजूद यह बिहार से मथुरा तक पहुंचा गई। अपने आप में यह बड़ा सवाल है। एक्सप्रेस वे से होकर गुजरने वाले वाहनों की सख्ती से जांच और कार्रवाई का शासन से आग्रह किया जाएगा।

## ऐतिहासिक साबित होगा शाहगंज महोत्सव

**जौनपुर**
रामलीला मैदान में 17, 18 फरवरी को आयोजित होने वाले शाहगंज महोत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को विधायक रमेश सिंह ने डाक बंगले में अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को उन्होंने बताया कि शाहगंज महोत्सव भव्य, ऐतिहासिक और अयोध्या की तर्ज पर आयोजित होगा।
उन्होंने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा दान है।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ :- i) निविदा सूचना क्रमांक 69/2023-2024 दिनांक 17/11/2023 ii) निविदा संख्या: 15235182 13/03/2024 को देय है। 01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नियत तिथि 15/02/2024 से बढ़ाकर 13/03/2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

479/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

**कार्य का नाम तथा स्थान :** रेल भवन के ग्राउंड, पहली, दूसरी, चौथी, पांचवीं, छठी मंजिल पर टेली सुविधाओं और पीएई सिस्टम का नवीनीकरण/उन्नयन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 7,25,62,930.91/- मात्र

**धरोहर राशि :** रु. 5,12,900.00/- मात्र

**कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

**निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 11.03.2024, 15.00 बजे तक

**वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

No.: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-999 दिनांक: 12.02.2024 467/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## मंदिर में बुजुर्ग महिला की लूट के बाद गला रेतकर हत्या



**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियाबाद।** रेलवे कॉलोनी में बने मंदिर में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला शीला देवी की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। महिला का शव आज मंगलवार सुबह करीब आठ बजे ड्यूटी से लौटकर आये बेटे सचिन ने सबसे पहले देखा। महिला के पुत्र अमित के मुताबिक मंदिर में उनकी मां छोटे भाई सचिन के साथ रहती थीं। सचिन सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है जबकि वह खुद ऑटो चलाते हैं और वह खुद छपरौला रहते हैं। महिला के गले को रेता गया है और हाथ पर भी धारदार हथियार से वार किया गया है। अमित के मुताबिक उनकी मां के कुंडल और करीब दस हजार रुपये भी गायब हैं। कल ही महिला ने बैंक से रुपये निकाले थे।

## आंदोलन पर किसान और जनता जाम से परेशान



**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा।** किसान संगठनों के दिल्ली कूच के आह्वान के कारण नोएडा-दिल्ली बार्डर पर मंगलवार को सुबह से दिल्ली और नोएडा पुलिस की संयुक्त सतर्कता रही। सुबह सात बजे से दिल्ली और नोएडा पुलिस के जवान किसी भी उपद्रव से निपटने के लिए तैयार दिखे। चिल्ला, डीएनडी, कालिंदी कुंज बार्डर पर बैरिकेडिंग के कारण पुलिस की मुस्तैदी के कारण बार्डर पर सुबह से लेकर शाम तक ट्रैफिक जाम की समस्या रही। व्यस्त समय में सुबह आठ बजे से 11 बजे के बीच नोएडा-दिल्ली बार्डर को पार करने में लोगों को आधे से एक घंटे का समय लग गया।

**बड़ी संख्या में नहीं आए कोई किसान गुट :** सेक्टर-14ए स्थित चिल्ला बार्डर बार्डर पर बैरिकेड के साथ पुलिस की मुस्तैदी से दलित प्रेरणा स्थल, कालिंदी कुंज पर चेकिंग से ओखला बार्ड सेंचुरी मेट्रो स्टेशन व डीएनडी फ्लाईवे पर चेकिंग से टोल प्लाजा लूप तक जाम रहा। हालांकि देर शाम तक बड़ी संख्या में कोई भी किसान गुट नहीं आए। नोएडा सीमा में दिल्ली-नोएडा लिंक रोड पर मौजूद पुलिसकर्मी ट्रैफिक को पूरे दिन सामान्य बनाने में लगे रहें। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए दिल्ली और नोएडा पुलिस की व्यवस्था सुबह से शाम तक चाक चौबंद दिखाई दी। यहां पर 50 से अधिक बैरिकेड के अलावा, पुलिसकर्मियों, उच्चाधिकारियों के रुकने, कंट्रोल रूम और बैठक कक्ष के लिए टेंट लगाया गया है। एहतियात के तौर पर सीमेंट के बैरियर की संख्या भी रिजर्व में रखा गया।

**500 से अधिक जवान रहे मुस्तैदः** अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) शिव हरी मीणा, अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) बबलू कुमार, डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्र, एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्र, एसीपी रजनीश वर्मा कंट्रोल रूम का निरीक्षण करने के साथ मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों को 500 से अधिक जवानों को ब्रीफ करते नजर आए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

शुद्धिपत्र संख्या: 04/2023-24/टी.एम.सी./मु./उ.म.रे./प्रयागराज दिनांक: 13.02.2024

**शुद्धिपत्र-4th**

निविदा संख्या टी.एम.सी. 0032324 खुलने की तिथि दिनांक 14.02.2024 निविदा सूचना संख्या 03/P-69/2023-24/TMC/HQ/NCR/Prayagraj dated 16.11.2023 का शुद्धिपत्र।

सभी संबंधित निविदाकाराओं को सूचित किया जाता है कि निविदा संख्या टी.एम.सी. 0032324 के खुलने की तिथि 14.02.2024 से बढ़ा कर दिनांक 20.03.2024 तक पुनः निर्धारित की गई। अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट http://ireps.gov.in एवं www.ncr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। 1871/23(A)

North central railways @CPRONCR



**गुमशुदा लड़की की तलाश**



वर्षा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका नाम वर्षा पुत्री देवप्रकाश निवासी ए–2/131, नन्द नगरी, दिल्ली उम्र : 17 साल, **कद :** 5'4", **चेहराः** लम्बोतरा, **रंग :** गेहुंआ, **शरीरः** पतला, **पहचानः** नाक के दायीं तरफ तिल, जिसने लाल रंग की स्वेटर, नीले रंग की जीन्स और पांव में लेडीज चप्पल पहने हुए है, दिनांक 05.02.2024 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 125/2024 दिनांक 06.02.2024 धारा 363 भा.द.स. थाना नन्द नगरी, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें–

ई–मेलः cic@cbi.gov.in
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
फैक्सः 24368639,
दूरभाषः 24368638/24368641

थानाध्यक्षः थाना नन्द नगरी, दिल्ली
दूरभाष सं: 011-22583307, 22595985, 08750870733

DP/1744/NE/24



**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** अज्ञात, **पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, **उम्रः** लगभग 60 साल, **लिंगः** पुरुष, **कदः** 5 फुट 4 इंच, **रंगः** सांवला, **पहनावाः** ग्रे रंग का धारीदार शर्ट व पैन्ट पहने हुए है दिनांक 14.01.2024 को समय 01.40 बजे दोपहर को MTNL आफिस, R-ब्लाक, दिलशाद गार्डन, दिल्ली थाना अन्तर्गत जीटीबी इन्क्लेव, दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया।

इस संदर्भ में DD No. 40A, dated 14.01.2024 थाना जीटीबी इन्क्लेव, दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना– जीटीबी इन्क्लेव, दिल्ली
DP/1792/SHD/2024 (UIDB) फोनः 011- 22137444, 7065036031


## उत्तर प्रदेश के स्कूलों में बदलेगा बड़ा नियम

**नोएडा।** परिषदीय स्कूलों के सुस्त सिस्टम को गति देने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए दैनिक कार्यों से जुड़े 12 रजिस्टर को ऑनलाइन कर दिया गया है। 15 फरवरी से यह व्यवस्था प्रदेश के सभी स्कूलों में शुरू होनी है। इसके लिए स्कूलों में प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों में टैबलेट पहुंच चुके हैं, लेकिन अभी तक सिम को लेकर कोई स्पष्ट निर्देश नहीं है।

**61 जूनियर हाइस्कूल में अभी तक नहीं मिले टैबलेट**

ऐसे में बड़ा प्रश्न है कि बिना सिम और इंटरनेट टैबलेट काम कैसे करेगा। 61 जूनियर हाइस्कूल में अभी तक टैबलेट भी नहीं मिले हैं। प्रदेश सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को लेकर जिला बेसिक शिक्षा विभाग का लचर रवैया अधिकारियों की कार्यशैली की भी पोल खोल रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षकों से अपने पहचान पत्र से सिम खरीदने के लिए कह रहे हैं, जबकि शिक्षकों का कहना है कि इसके लिए सीयूजी नंबर की व्यवस्था की जाए। अब वह अपने व्यक्तिगत पहचान पत्र से सिम लेंगे और भविष्य में उनका स्थानांतरण होता है। तब उनको नंबर ले जाने दिया जाएगा। जब उस नंबर का प्रयोग स्कूल की पहचान के तौर पर सभी विभागीय प्लेटफार्म और एप पर होना है तो विभाग सीयूजी नंबर उपलब्ध क्यों नहीं करा रहा है। सीयूजी नंबर रहेगा तो वह व्यक्ति के स्थान पर प्रधानाचार्य पद का होगा। उससे भविष्य में भी कोई दिक्कत नहीं आएगी। अभी तक सिम खरीदने को लेकर सहमति नहीं बनी है। ऐसे में बिना सिम टैबलेट में इंटरनेट भी नहीं चल जाएगा। ऐसे में अगले दो दिन में स्थिति साफ नहीं होगी तो जिले में 15 फरवरी से ऑनलाइन व्यवस्था शुरू होना भी मुश्किल लग रहा है। जिले में 511 परिषदीय स्कूलों में करीब एक लाख छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रों व शिक्षकों की उपस्थिति, मिड-डे मील, समेकित निश्शुल्क सामग्री वितरण, आय-व्यय, पत्र-व्यवहार, बाल गणना, पुस्तकालय, खेलकूद समेत 12 रजिस्टर का काम एप के माध्यम से ऑनलाइन होगा।

61 स्कूलों में नहीं मिले टैब, निजी मोबाइल में चलाने का दबाव


**उत्तर रेलवे**

**हॉल्ट कांट्रेक्टर के ठेके के लिए सूचना**

सं. 631-CP-Halt Tender-2023 दिनांक : 13.02.2024

पात्र आवेदकों से निम्नलिखित हॉल्ट स्टेशन पर पांच वर्षो (05) के लिए कमीशन पर टिकट विक्रय के ठेके के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र दिनांक 14.02.2024 से 04.03.2024 (प्रातः10:00 बजे से शाम 17:00 बजे तक) तथा दिनांक 05.03.2024 को 11.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में स्वीकार किये जायेंगे जो कि दिनांक 05.03.2024 को समय 12.00 बजे खोले जायेंगे। यदि आवेदन पत्र खोलने वाले दिन 05.03.2024 को अवकाश घोषित हो जाता है तो आवेदन पत्र अगले कार्य दिवस में खोला जायेगा।

| क्र.सं. | हॉल्ट स्टेशन का नाम | रोहतक-महम-हांसी खंड के बीच नई लाईन | जिला |
|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] | रोहतक–महम–हांसी | रोहतक (हरियाणा) |
| 2 | खरकड़ा | रोहतक–महम–हांसी | रोहतक (हरियाणा) |
| 3 | बहलबा | रोहतक–महम–हांसी | रोहतक (हरियाणा) |
| 4 | सोरखी | रोहतक–महम–हांसी | हिसार (हरियाणा) |

संबंधित आवश्यक योग्यताओं, महत्वपूर्ण तिथियों, आवेदन पत्र के प्रारूप देय कमीशन तथा अन्य जानकारी हेतु कृपया उत्तर रेलवे की वेब साइट www.nr.indianrailways.gov.in को लॉग इन करें। आवेदन से सम्बंधित सभी शुद्धि पत्र, संशोधन, अंतिम तिथि में विस्तार / बढ़ोतरी, स्पष्टीकरण, इत्यादि सभी जानकारी मात्र उत्तर रेलवे की उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

477/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## नोएडा में भीषा सड़क हादसा, कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत



**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र में सोमवार दोपहर कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत हो गई, जबकि बच्ची घायल है। पुलिस ने मृतक के पुत्र की शिकायत पर कर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली फेज-दो क्षेत्र के गांव भंगेल के अतुल कुमार सिंह ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि वह मूलरूप से बिहार के जिला सारण के रहने वाले हैं। सोमवार दोपहर पिता रंजन कुमार, माता रूब देवी व छोटी बहन मिलकी दिल्ली से लौटकर अपने घर भंगेल आ रहे थे।

**पति-पत्नी की हादसे में मौत**

दोपहर करीब दो बजे रास्ते में 31/25 चौराहे के पास पीछे से तेज रफ्तार व लापरवाही से आइ20 कार के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिस कारण रंजन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि माता रुब देवी की अस्पताल में मौत हो गई। छोटी बहन मिलकी की हालत गंभीर है, जिसके सिर मे काफी चोट आई है। इलाज अस्पताल में चल रहा है। कोतवाली प्रभारी विवेक श्रीवास्तव का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।


**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए–15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली– 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली का टीकरी बॉर्डर पूरी तरह से सील

## हरियाणा-पंजाब सीमा पर किसानों के उग्र प्रदर्शन के बाद पुलिस अलर्ट, मल्टी-लेयर बैरिकेड्स के साथ आवाजाही को अवरुद्ध करके सीमा को बंद किया

**चौकसी**

8 टीकरी बॉर्डर को भी पूरी तरह से सील कर दिया गया है। साथ ही बॉर्डर के पास की गलियों को भी बंद किया गया





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** जा रहे किसानों की शंभू बॉर्डर पर पुलिस के साथ झड़प के बाद दिल्ली की सीमाओं पर पहरा कड़ा कर दिया गया है। हरियाणा-पंजाब की सीमा पर पुलिस के साथ झड़प को देखते हुए टीकरी बॉर्डर को भी पूरी तरह से सील कर दिया गया है। साथ ही बॉर्डर के पास की गलियों को भी बंद किया गया है।

**लगाई गई मल्टी लेयर बैरिकेडिंग:** दोनों कैरिजवे पर पांच फीट लंबे सीमेंट ब्लॉकों के साथ-साथ मल्टी-लेयर बैरिकेड्स के साथ आवाजाही को अवरुद्ध करके सीमा को बंद कर दिया गया था।

दिल्ली पुलिस ने टीकरी मेट्रो स्टेशन के पास राजमार्ग को जोड़ने वाली आसपास की सड़कों और गांवों के सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं को भी बंद कर दिया है। हालाँकि, ग्रीन लाइन पर मेट्रो सेवाएं जारी हैं।

**मेट्रो से आवाजाही की अनुमति:** विशेष पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, मधुप तिवारी ने व्यवस्थाओं की जांच करने के लिए टीकरी सीमा का दौरा किया। उन्होंने कहा कि हमने टीकरी बॉर्डर पर दोपहर 3 बजे तक यातायात की अनुमति दे दी है।

अब हमने एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं और जो लोग दिल्ली की ओर पैदल जा रहे हैं, उन्हें मेट्रो लेने की अनुमति दे दी है। हमारे पास पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था है।

**बहादुरगढ़ आने-जाने वाले रास्ते बंद:** टीकरी बॉर्डर पर अर्धसैनिक बल की तीन महिला कंपनियों समेत भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा सिंघु बॉर्डर पर हरियाणा की तरफ से सीमेंट के बैरिकेड्स, ब्लॉक्स लगा दिए गए हैं। साथ ही बहादुरगढ़ आने व जाने वाला रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

## किसानों की मांग जायज... हो रहा अन्याय': केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार ने बवाना में किसानों के लिए जेल बनाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया है। इस संबंध में दिल्ली सरकार ने कहा कि किसानों की मांगें जायज हैं। दिल्ली के गृहमंत्री कैलाश गहलोत ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को चिट्ठी लिखकर अवगत कराया है कि वह किसानों के प्रदर्शन के साथ है और उनके लिए अस्थाई जेल बनाने की अनुमति नहीं दे सकते।

**संविधान में हर किसी को शांतिपूर्ण मार्च का अधिकार:** गहलोत ने अपने खत में लिखा, किसानों की मांग जायज है। दूसरी बात ये कि संविधान के अनुसार हर नागरिक को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है। इसीलिए किसानों को गिरफ्तार करना गलत होगा। कैलाश गहलोत ने आगे लिखा, केंद्र को तो किसानों को बातचीत का न्योता देना चाहिए और समस्या का उचित समाधान निकालना चाहिए। भारत के किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनके साथ ऐसा सलूक करना और उन्हें गिरफ्तार करना उनके घावों पर नमक छिड़कने जैसा होगा।

### दिल्ली के नौ मेट्रो स्टेशनों के कई गेट बंद, किसान आंदोलन के चलते लिया फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पंजाब** से चले किसानों के आंदोलन को देखते हुए एहतियात के तौर पर जहां दिल्ली के तमाम बॉर्डर सील कर दिए गए हैं, वहीं मेट्रो स्टेशनों पर भी पुख्ता इंतजाम रहे। दिल्ली में सुबह से ही दिल्ली मेट्रो के आठ स्टेशनों पर सख्त पाबंदियां लागू रही। इसके साथ ही इन आठ स्टेशनों के कई दरवाजे भी बंद कर दिए गए। हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि जिन स्टेशनों के कई दरवाजे बंद किए गए हैं, उन स्टेशनों को बंद नहीं किया गया है। यानी यहां ट्रेनें रुक भी रही हैं, लोग यहां से मेट्रो में चढ़ रहे हैं और उतर भी रहे हैं। सिर्फ कुछ गेट से निकासी और प्रवेश बंद है। मेट्रो गेट के दरवाजे पुलिस के निर्देश पर सुरक्षा के लिहाज से बंद किए गए हैं। इसके साथ ही किसानों के आंदोलन के चलते एक बार फिर सिंघु बॉर्डर, टीकरी बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर पर कई लेयर की बैरिकेडिंग की गई है, ताकि किसानों को दिल्ली में घुसने से रोका जा सके।

## गाजीपुर बॉर्डर पर भीषण जाम, रफ्तार पर लगा ब्रेक



**पंजाब** के किसानों ने दिल्ली के लिए कूच किया। सोमवार को चंडीगढ़ में तीन केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच हुई बैठक में कोई नतीजा नहीं निकला। जिसके बाद किसानों ने दिल्ली कूच की घोषणा कर दी। मंगलवार को अंबाला के शंभू बॉर्डर पर किसानों के ट्रैक्टर पहुंचने शुरू हुए। हालांकि वहां पुलिस ने भारी भरकम बैरिकेडिंग की हुई थी।। साथ ही भारी सुरक्षाबल भी तैनात किया गया था। रास्ते में पुलिस ने कील बिछा दी हैं। हाईवे पर दीवारें बनाई इसके साथ ही बड़े-बड़े बोल्डर भी रख दिए हैं। ताकी किसान देश की राजधानी दिल्ली में न पहुंच पाए। वहीं, इसका असर आम जनता पर भी पड़ रहा है। किसानों के दिल्ली पहुंचने से पहले ही शंभू, टिकरी और सिंघू बॉर्डर के अलावा गाजीपुर सीमा पर जाम लगना शुरू हो गया है। दिल्ली-मेरठ हाईवे पर एक किलोमीटर लंबा जाम लगा है। एनएच नौ पर बैरिकेडिंग की वजह से भीषण जाम लगा है। इस वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली-नोएडा के चिल्ला बॉर्डर पर भी लंबा ट्रैफिक जाम है। दिल्ली के कालंदीकुंज बॉर्डर पर भी भीषण जाम लगा है। उधर, किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च के बीच दिल्ली-गुरुग्राम सीमा पर यातायात प्रभावित हो रहा है। यहां लंबा जाम लगा है। दिल्ली

**हर जगह जाम**

8 एक किलोमीटर लंबा जाम लगा एनएच नौ पर बैरिकेडिंग की वजह से भीषण जाम लगा

पुलिस ने सिरहोल बार्डर पर किसानों के कूच को देखते हुए सुबह नाका लगाया है, इसलिए जमा लगा है। इस बीच, किसान आंदोलन के चलते केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-2 को शाम तक बंद कर दिया गया है। आंदोलन के आह्वान के मद्देनजर दिल्ली में कई स्थानों पर सुरक्षा तैनात की गई है। पूरी दिल्ली में धारा 144 लागू कर दी गई। राजीव चौक, मंडी हाउस, केंद्रीय सचिवालय, पटेल चौक, उद्योग भवन स्टेशन बंद, जनपथ और बाराखंभा रोड मेट्रो स्टेशन को बंद कर दिया गया है। इन मेट्रो स्टेशनों के गेटों को सुरक्षा करणों के बंद किया गया है। बाकी सभी मेट्रो स्टेशन सामान्य तौर पर खुले हुए हैं। गाजियाबाद से दिल्ली की तरफ जाने वाले रास्ते पर यूपी गेट पर पूरी तरीके से बैरिकेडिंग लगा दी गई है, आम जनता को आगे नहीं जाने दिया जा गया।

# 2021: 'किसानों को हुई थी फंडिंग, आंदोलन में घुसे थे खालिस्तान समर्थक'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**13 फरवरी से** किसानों के दिल्ली कूच करने के एलान ने लोगों को 2021 की घटना की यादें ताजा कर दी है। इस बार दिल्ली पुलिस ने पिछली बार की तरह सुरक्षा में कोई चूक नहीं करना चाह रही है, जिससे किसान दोबारा दिल्ली में घुसकर पहले की तरह की उपद्रव मचाकर लोगों के लिए खतरा पैदा कर सकें। पिछली बार किसानों को शुरू में कई बड़े किसानों व आढ़तियों ने उकसाने व उन्हें फंडिंग करने का काम किया था। बाद में अच्छा अवसर देख खालिस्तान समर्थक भी घुस आए थे और फिर एक राजनीतिक पार्टी ने आंदोलन को हाईजेक कर किसानों को मोहरा बना जमकर फंडिंग की थी। केंद्र सरकार को बदनाम करने व दिल्ली का माहौल बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

**किसानों को उकसाने और फंडिंग के सबूत मिले:** दिल्ली पुलिस के तत्कालीन पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव ने कहा कि दिल्ली पुलिस की जांच में किसानों को उकसाने व फंडिंग किए जाने के स्पष्ट सबूत मिल गए थे। इसके बाद ही करीब 20 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए थे।

**वही देश विरोधी चेहरे किसानों के पीछे:** मुख्यालय सूत्रों की मानें तो इस बार भी पुलिस को पूरा शक है कि पिछली बार जो देश विरोधी चेहरे किसानों के पीछे थे, अमूमन वही चेहरे इस बार भी उनके पीछे हैं जो किसानों को उकसा रहे हैं और देश विरोधी हरकतें करने के लिए उनपर दबाव बना रहे हैं। दिल्ली पुलिस समेत सभी केंद्रीय एजेंसियां इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

**यूपी-हरियाणा में ही किसानों को रोकने की कोशिश:** एसएन श्रीवास्तव का कहना है कि पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि हरियाणा व उत्तर प्रदेश में ही किसानों को रोकने के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। अगर 2021 में भी इस तरह किया जाता, तब किसान दिल्ली की सीमाओं तक नहीं आ पाते और कई महीने तक सीमाओं पर बैठकर दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए परेशानी नहीं खड़ा कर पाते।

**तब किसान तेजी से पहुंच गए दिल्ली:** किसानों का जत्था जब पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश से दिल्ली के लिए निकला था तब तेजी से वे दिल्ली की सीमाओं तक आ गए थे।

कहीं भी उक्त राज्यों की पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश नहीं की थी।

### 'दिल्ली ने मजबूत तरीके से रोके किसान'

**दिल्ली** पुलिस ने बहुत ही मजबूत तरीके से सिंघु, टीकरी, गाजीपुर व औचंदी समेत अन्य सभी छोटे बड़े सीमाओं पर पहली बार बैरिकेडिंग कर किसानों को दिल्ली आने से रोक दिया था। पहली बार जर्सी बैरियर, लोहे के कंटीले तार, डंपर, कंटेनर लगाए गए थे। सड़कें भी खोद दी गई थी।

**आंदोलन में खालिस्तान समर्थक भी घुसे:** पुलिसकर्मियों ने कोई ऐसा बल प्रयोग नहीं किया, जिससे किसी किसान की मौत हो गई हो। कोरोना व सर्दी के कारण कुछ किसानों की मौत जरूर हो गई थी। जांच में यह बात सामने आइ थी कि शुरू में किसानों को कई बड़े किसानों व आढतियों ने फंडिंग करना शुरू किया बाद में खालिस्तान समर्थक भी घुस आए थे।

**आंदोलन हुआ हिंसक:** इसके बाद आंदोलन को हिंसक रूप देने की कोशिश की गई। फिर एक राजनीतिक पार्टी व कुछ वामपंथी विचार धारा के नेताओं ने पर्दे के पीछे से गलत हवा देने की भरपूर कोशिश की थी।

# सुल्तानपुरी में लोगों के सामने युवक की चाकू मारकर हत्या, तीन अरेस्ट

**वारदात**

8 पुलिस ने मंगलवार को बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के सुल्तानपुरी में 25 वर्षीय युवक की सबसे सामने चाकू मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की वारदात को पांच लोगों ने अंजाम दिया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**नशे में थे सभी आरोपी:** जिस समय युवक की हत्या की गई, उस समय आरोपी नशे की हालत में थे। पुलिस ने कहा कि पीड़ित की पहचान आजाद के रूप में हुई है। पीड़िता के शरीर पर चाकू से कई वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मोटरसाइकिल पर धक्का मारने पर पीड़ित की पांच लोगों से बहस हो गई थी।

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल:** नशे में धुत्त हमलावरों ने आजाद की मोटरसाइकिल को नीचे गिरा दिया। जब आजाद ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर चाकू और पत्थर से हमला कर दिया। घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी पीड़िता पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं।

# बीजेपी विधायक राष्ट्रपति से मिलकर करेंगे विधानसभा भंग करने की मांग

## सत्ता पक्ष पर लगाया सदस्यों के अधिकार छीनने का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्न काल नहीं रखे जाने का भाजपा विधायकों ने विरोध किया है। उन्होंने सत्ता पक्ष पर विधानसभा सदस्यों के संवैधानिक अधिकार छीनने का आरोप लगाया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि विधायक प्रश्न काल में अपने क्षेत्र और दिल्ली सरकार से संबंधित प्रश्न पूछते हैं।

**"नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोका जाता है":** भाजपा विधायक विधानसभा के प्रत्येक सत्र में दिल्ली की जनता से जुड़े मामलों पर चर्चा के लिए समय पर नोटिस देते हैं, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी जाती है। यदि विपक्ष का कोई विधायक दिल्ली से संबंधित विषय को उठाना चाहता है तो उसे सदन से बाहर कर दिया जाता है। नेता प्रतिपक्ष को भी बोलने से रोका जाता है। दिल्ली सरकार के इस रवैये के विरोध में भाजपा विधायक राष्ट्रपति से मिलकर दिल्ली विधानसभा को भंग करने की मांग करेंगे।

**दिल्ली सरकार के दो पूर्व मंत्रियों की हुई गिरफ्तारी:** विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में दिल्ली सरकार के दो पूर्व मंत्रियों की गिरफ्तारी हुई है। उन्हें नियमित जमानत नहीं मिल रही है। सरकार से आबकारी व जल बोर्ड घोटाले को लेकर भाजपा विधायक जवाब मांगेंगे। मुख्यमंत्री व मंत्री आतिशी ने भाजपा पर आप विधायकों को तोड़ने का तथ्यहीन आरोप लगाया था। इसकी पुलिस से शिकायत की गई थी। मुख्यमंत्री से इसका जवाब मांगा जाएगा। दिल्ली परिवहन निगम में बसों की कमी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुजुर्गों को पेंशन, यमुना की सफाई, जल बोर्ड अन्य बोर्ड की खराब वित्तीय स्थिति के बारे में भी सरकार से जानकारी मांगी जाएगी। मुख्य सचेतक अजय महावर ने कहा कि भाजपा सशक्त विपक्ष की भूमिका निभा रही है।

**साधा निशाना**

8 बिधूड़ी ने कहा कि विधायक प्रश्न काल में अपने क्षेत्र और दिल्ली सरकार से संबंधित प्रश्न पूछते हैं

# सूर्य नमस्कार का बहिष्कार करें मुस्लिम समुदाय: जमीयत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजस्थान** सरकार द्वारा स्कूलों में विशेषकर 15 फरवरी को सूर्य सप्तमी के अवसर पर सभी स्कूलों में सूर्य नमस्कार अनिवार्य करने का निर्देश जारी किया गया था। इसी संदर्भ में जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के निर्देश पर जमीयत उलेमा राजस्थान की राज्य कार्यकारिणी की बैठक हुई।

**"धार्मिक स्वतंत्रता की स्पष्ट अवहेलना":** बैठक में सूर्य नमस्कार पर प्रस्ताव जमीयत उलमा राजस्थान के महासचिव मौलाना अब्दुल वाहिद खत्री ने पेश किया । बैठक में पारित प्रस्ताव के माध्यम से स्कूलों में सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में समस्त विद्यालयों में विद्यार्थियों, अभिभावकों व अन्य लोगों से सामूहिक सूर्य नमस्कार के सरकारी आदेश की निन्दा करते हुये इसे धार्मिक मामलों में खुला हस्तक्षेप और संविधान में दी गई धार्मिक स्वतंत्रता और न्यायालयों के आदेशों की स्पष्ट अवहेलना बताया गया।

**स्कूलों में सूर्य नमस्कार को अनिवार्य करने पर रोक की मांग:** इसके साथ ही मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि वे दिनांक 15 फरवरी को विद्यार्थियों को स्कूल में न भेजे और इस समारोह का बहिष्कार करें। इस बीच, जमीयत उलेमा-ए-हिंद सहित अन्य मुस्लिम संगठनों द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय में एक संयुक्त याचिका दायर की गई है, जिसमें 15 फरवरी के कार्यक्रम को रद्द करने और स्कूलों में सूर्य नमस्कार को अनिवार्य करने के फैसले पर रोक की मांग की गई है।

**14 फरवरी को होगी सुनवाई:** जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से कोर्ट में वकील जहूर नकवी मौजूद थे, हालांकि आज ही सुनवाई पर जोर दिया गया, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने 14 फरवरी की तारीख तय की है। जमीयत उलेमा ए राजस्थान की राज्य कार्यकारिणी ने स्पष्ट किया है कि बहुसंख्यक हिन्दु समाज में सूर्य की भगवान/देवता के रूप में पूजा की जाती है। इस अभ्यास में बोले जाने वाले श्लोक और प्रणामासन्न, अष्टांगा नमस्कार इत्यादि क्रियाएं एक पूजा का रूप है और इस्लाम धर्म में अल्लाह के सिवाय किसी अन्य की पूजा अस्वीकार्य है। इसे किसी भी रूप या स्थिति में स्वीकार करना मुस्लिम समुदाय के लिये सम्भव नहीं है। जमीयत के नेताओं के अनुसार लोकतांत्रिक देश में अभ्यास का बहाना बनाकर किसी विशेष धर्म की मान्यताओं को अन्य धर्म के लोगों पर थोपना संवैधानिक मान्यताओं और धार्मिक स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन है।

**अवहेलना**

8 संविधान में दी गई धार्मिक स्वतंत्रता और न्यायालयों के आदेशों की स्पष्ट अवहेलना बताया गया

## दिल्ली की अदालतों में रिटायर 376 अधिकारियों की फिर से होगी नियुक्ति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शहर की अदालतों में सुचारू कामकाज के लिए अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर सेवानिवृत्त 376 अधिकारियों की नियुक्ति मंजूर कर दी है। इनमें 112 निजी सहायक, 254 कनिष्ठ न्यायिक सहायक और चपरासी/अर्दली/डाक चपरासी के 10 पद शामिल हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल ने 376 सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति की मंजूरी तब तक के लिए मंजूर की है, जब तक नियमित अदालतों में खाली स्वीकृत पदों पर नियुक्ति हो नहीं जाती।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मदारी' का शुभारंभ

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय कला मंच एवं दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मदारी' का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय में डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, अखिल विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रफुल्ल अकांत, राष्ट्रीय कला मंच की संयोजिका गुंजन ठाकुर, डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा, छात्र संघ सचिव अपराजिता, छात्र संघ सह-सचिव सचिन बैसला एवं राष्ट्रीय कला मंच दिल्ली प्रांत संयोजक, अनुपम तिवारी मौजूद रहे।

# एम्स: भर्ती होने वाले मरीजों को फ्री में मिलेगा स्मार्ट कार्ड




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मेट्रो के स्मार्ट** कार्ड की तर्ज पर एम्स में इलाज का कैशलेस शुल्क भुगतान के लिए सोमवार को एसबीआई के साथ मिलकर स्मार्ट कार्ड जारी किया गया। इसका नाम एसबीआई एम्स स्मार्ट कार्ड दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास और बैंक के अधिकारियों की मौजूदगी में इसे जारी किया।

**डिजिटल भुगतान को मिलेगा बढ़ावा:** इसके साथ ही एम्स के मातृ एवं शिशु ब्लॉक में इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है। इसलिए अब मरीज इस स्मार्ट कार्ड के जरिये एम्स में इलाज का शुल्क कैशलेस भुगतान कर सकेंगे। एम्स के मीडिया डिविजन की प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने बताया कि एम्स के मुख्य अस्पताल व विभिन्न केंद्रों में विभिन्न चरणों में इस स्मार्ट कार्ड से इलाज का शुल्क भुगतान की सुविधा शुरू की जाएगी। इससे डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा।

**मरीजों से नहीं लिया जाएगा सुरक्षा शुल्क:** साथ ही इस पहल से भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। पहले चरण में 12 दिसंबर को संस्थान के कर्मचारियों के कैफेटेरिया में इसे लागू किया गया था। दूसरे चरण में मरीजों के लिए सबसे पहले मातृ एवं शिशु ब्लाक में शुरू कर दिया गया। एम्स मुख्य अस्पताल व अन्य केंद्रों भी जल्दी ही इसे लागू कर दिया जाएगा। एम्स में भर्ती होने वाले सभी मरीजों को यह कार्ड निशुल्क जारी किया जाएगा। मरीज से सुरक्षा शुल्क भी नहीं लिया जाएगा।

अस्पताल के भूतल, मातृ एवं शिशु ब्लाक और कर्मचारियों के कैफेटेरिया से यह लिया जा सकता है। यह कार्ड अस्पताल के यूएचआईडी (विशेष स्वास्थ्य पहचान नंबर) व आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट) नंबर से जुड़ा होगा। अधिकृत काउंटर से यह कार्ड लेने के लिए मरीज को अपना यूएचआईडी नंबर बताना होगा। इस कार्ड को सक्रिय करने के लिए यूएचआईडी से पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी मिलेगा।

**इन तरीकों से स्मार्ट कार्ड को कर सकेंगे टॉपअप:** यह ओटीपी दर्ज करने पर कार्ड इस्तेमाल के लिए सक्रिय हो जाएगा। इस कार्ड में पैसा टॉपअप कर इलाज का शुल्क भुगतान किया जा सकेगा। इस कार्ड को नकद राशि, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड से टॉपअप किया जा सकता है। इसके अलावा मरीज या उनके परिजन ऑनलाइन कहीं से भी पैसा ट्रांसफर कर कार्ड टॉपअप कर सकते हैं।

**सुविधा**

8 विभिन्न केंद्रों में विभिन्न चरणों में इस स्मार्ट कार्ड से इलाज का शुल्क भुगतान की सुविधा शुरू की जाएगी

# किसान आंदोलन: गुरुग्राम में पुलिस अलर्ट पर रही

### गुरुग्राम-दिल्ली सरहौल टोल पर लगा वाहनों का जाम, पुलिस ने कहा, जो ट्रैक्टरों पर आएंगे उन्हें ही रोकेंगे

**अलर्ट**

**8 गुरुग्राम की तरफ कई तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। किसी भी गाड़ी को दिल्ली में प्रवेश नहीं होने दिया जा रहा**



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**मंगलवार** को किसानों के दिल्ली कूच को लेकर गुरुग्राम में पुलिस अलर्ट पर रही। गुरुग्राम से दिल्ली का मुख्य प्रवेश सरहौल टोल प्लाजा से होता है। वहां पर दिल्ली पुलिस की तरफ से भी कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान गुरुग्राम की तरफ कई तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। किसी भी गाड़ी को दिल्ली में प्रवेश नहीं होने दिया जा रहा था। गुरुग्राम पुलिस व दिल्ली पुलिस यहां वाहनों को नियंत्रित करने में जुटी रही। यहां टोल पर पहुंचने के बाद यू-टर्न भी दिल्ली में प्रवेश के बाद फ्लाईओवर के नीचे से है। इस पर पुलिस काफी मंथन करती रही। पुलिस किसानों के कूच को किसी भी तरह से सफल नहीं होने देना चाहती थी। जब स्थिति नियंत्रण से बाहर होने लगी। गुरुग्राम की तरफ जाम बढ़ता जा रहा था तो पुलिस ने निर्णय लिया कि गाडि?ों को ना रोककर यहां आने वाले ट्रैक्टर को रोका जाएगा। किसी भी ट्रैक्टर को दिल्ली में प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा। गाडि?ों की एंट्री के बाद ही जाम से राहत मिल पाई। किसानों के दिल्ली प्रवेश को लेकर गुरुग्राम व दिल्ली पुलिस के जवान सेंकड़ों की संख्या में यहां सरहौल बॉर्डर पर तैनात रहे।

## पंजाब के किसानों ने सिरसा के गांव पंजुआना में डाला डेरा



**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

डबवाली के रास्ते सिरसा होकर दिल्ली जाने वाले किसानों को पुलिस ने गांव पंजुआना के पास ही रोक दिया है। सिरसा जिले के गांवों से आए किसान गांव पंजुआना में डटे हुए हैं और अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ दिल्ली जाने पर अड़े हुए हैं। मंगलवार सुबह से ही सिरसा जिले के विभिन्न गांवों के किसान अपने-अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर डबवाली के रास्ते सिरसा में प्रवेश करने के लिए हाइवे पर आ गए थे। जैसे ही किसान हाइवे पर आगे बढ़ने लगे तो पहले से ही तैनात पुलिस कर्मियों ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। किसानों का नेतृत्व कर रहे बीकेयू के अध्यक्ष लखविंद्र सिंह लक्खा ने किसानों के साथ आगे बढ़ने का प्रयास किया, मगर पुलिस कर्मियों की संख्या अधिक होने की वजह से वह आगे नहीं बढ़ पाए। उसके बाद किसानों ने पंजुआना में ही अपने वाहन रोक दिए और वहां डट गए। किसानों ने मौके पर ही चाय का लंगर शुरू कर दिया। प्रधान लक्खा ने कहा कि सरकार किसानों के साथ ज्यादती कर रही है। किसान शांतिपूर्वक अपनी मांग रख रहे हैं, लेकिन सरकार रास्ता बंद करके किसानों को उकसा रही है। अभी किसान कोई बैरिकेडिंग नहीं तोड़ रहे हैं। किसान आराम से बैठे हुए हैं। आज शाम को मीटिंग होगी,उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। पंजुआना से आगे गांव खैरेकां के पास तथा घग्गर पुल पर पुलिस की ओर से सीमेंट के ब्लॉक्स लगाए गए हैं। कंटीली तारें बिछाई गई हैं। सड़क के बीच खाई कर दी गई है ताकि किसान अपने वाहन लेकर आगे न बढ़ पाए। समाचार लिखे जाने तक सिरसा जिला में शांति का यमथी और किसान पंजुआना में रूककर आगे के आदेश का इंतजार कर रहे थे। योजना के तहत पुलिस कर रही है काम- किसानों के दिल्ली कूच को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन योजना के तहत काम कर रहा है। योजना के तहत जिन-जिन गांवों से किसानों को दिल्ली जाना था, उन्हें उनके गांवों में ही रोक दिया गया है। गांवों के लिंक रास्तों को भी बंद किया गया है। हाइवे पर गांव खैरेकां के पास रास्ता बंद किया गया है।

## करमन-अलीगढ़ बॉर्डर सील कर फोर्स तैनात



**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

पलवल में किसानों के दिल्ली कूच को लेकर जिला पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट हो गया है। जिले से लगती उत्तरप्रदेश व राजस्थान की सीमाओं से आने वाले मार्गों पर सोमवार रात से नाकेबंदी कर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दी है। एसपी डॉ.अंशु सिंगला ने जिले में किसी भी प्रकार की हिंसा को देखते हुए फोर्स बॉर्डरों के अलावा विभिन्न मार्गों पर तैनात किया गया है। जिला पुलिस अधिक्षक स्वयं पुलिस लाइन पहुंची और किसी भी घटना से निपटने के लिए पुलिस टीम को निर्देश देते हुए दिखाई दीं। इसके अलावा जिले के हथीन व होडल में सोमवार रात पुलिस ने फ्लैग मार्च भी निकाल कर लोगों को अपना बल दिखाया। बिना चेकिंग वाहनों को आगे जाने की अनुमति नहीं दी। मंगलवार सुबह से ही जिले की पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग-19, केएमपी- वे व केजीपी एक्सप्रेस-वे से गुजरने वाले वाहनों की जांच में जुटी है। पुलिस किसी भी वाहन को बिना जांच के दिल्ली की तरफ नहीं जाने दे रही है। दिल्ली की तरफ जाने वाले मार्गों पर जिले में डीएसपी रैंक के अधिकारियों से लेकर इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, एएसआई, हवलदार व सिपाही काफी संख्या में मौजूद हैं।

समय-समय पर अधिकारी अपनी टीमों को मार्गों पर एकत्रित कर अलर्ट करते हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन सुबह से पुलिस नाकों पर कोई किसान ट्रैक्टर लेकर नहीं पहुंचा, क्योंकि जिला पलवल के किसान संगठन पहले ही दिल्ली कूच को लेकर अपना रुख बता चुके हैं कि यह दिल्ली कूच का नारा दूसरे संगठनों का है, उनका नहीं।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता मास्टर महेंद्र सिंह चौहान ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के सभी किसान नेताओं व किसानों से घरों पर ही रहने के लिए कहा है, क्योंकि उनका संगठन दिल्ली कूच में हिस्सा नहीं ले रहा है।

## 'आप किसानों के साथ खड़ी, एमएसपी की गारंटी मिले'



**समर्थन**

**8 किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं और किसानों से दो साल पहले प्रधानमंत्री ने एमएसपी का वादा किया गया था**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने मंगलवार को किसानों के दिल्ली कूच को लेकर बयान जारी कर कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों के साथ खड़ी है। किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं और किसानों से दो साल पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एमएसपी का वादा किया गया था। उसको लेकर ही केंद्र सरकार से बातचीत के लिए किसान दिल्ली आ रहे हैं। उन्होंने कहा की एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी किसानों को कुचलने की तैयारी कर रही है। किसानों ने तीन काले कानूनों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया था। अब एमएसपी की लड़ाई है। जैसे जब टमाटर मार्केट में आता है तो 50 पैसे प्रति किलो रेट होता है, जबकि जब सीजन चला जाता है तो 150 रुपए किलो तक रेट हो जाता है। किसान कर्जदार होकर आत्महत्या कर रहे हैं। इसलिए किसानों को एमएसपी मिलना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में अबको शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन सरकार शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निहत्थे किसानों पर रबड़ की गोली चलवा रही है, आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। एक पत्रकार भी इस दौरान रबड़ की गोली लगने से घायल हो गया। वहीं किसानों पर लाठीचार्ज के आदेश दे दिए गए हैं। पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से दिल्ली आने वाले सभी रास्ते सील कर दिए गए हैं। मनोहर लाल खट्टर सरकार ने 2 साल पहले भी कंटीले तार बिछाए थे, लाठियां भांजी गई थी और उनके रास्ते में सीमेंट के बैरिकेड लगाए गए थे। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार को किसानों की एमएसपी की मांग को मानना ही पड़ेगा। किसान दिन प्रतिदिन कर्ज के बोझ के नीचे दबता जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एमएसपी की गारंटी को लाने के लिए कानून बनाने का वादा किया था। अब समय उसको लेकर बातचीत करने का नहीं बल्कि किसान हित में एमएसपी को लेकर कानून बनाने का है। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि किसान की मांगों का सरकारों को भी पता है। किसानों की दो प्रमुख मांगों में पहली मांग एमएसपी कानून की गारंटी है। मोदी सरकार ने दो साल पहले विश्वास दिलाया था कि एमएसपी कानून को लागू करेंगे। दूसरी मांग कर्ज माफी की थी।

## फसलों को एमएसपी पर खरीदकर सीधा किसानों के खातों में भुगतान करने वाला हरियाणा अकेला राज्य: अजय



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**जननायक** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जेजेपी प्रदेश के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसके लिए पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता फील्ड में उतरकर लोगों के बीच जा रहे है। वे मंगलवार को महेंद्रगढ़ जिले के विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि देश में हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां की सरकार किसानों की फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदती है और उसका भुगतान सीधा किसानों के खाते में करती है। उन्होंने कहा कि किसानों की खुशहाली और उनकी समस्याओं के समाधान के हम सदैव पक्षधर रहे है तथा किसान आंदोलन के दौरान भी जिन किसानों पर मुकदमे दर्ज हुए थे, उन्हें वापस लेने का काम अकेली हरियाणा सरकार ने ही किया था। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव तैयारियों में जुट जाने का आह्वान भी किया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को बूथ स्तर पर और मजबूती प्रदान करें।

## सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित किया गया शो एंड टैल और फोटोग्राफी मुकाबला

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

सुरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला परिसर में प्रतिदिन अलग-अलग स्कूलों के छात्र-छात्राओं की विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाकर उनके हुनर को निखारने का कार्य किया जा रहा है। 37वें सूरजकुंड मेले में आज दिखाओ और बताओ की जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रतियोगिता तथा फोटोग्राफी मुकाबला आयोजित करवाया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में अलग-अलग विद्यालयों के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में अरावली इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद के जयदित्या विज ने प्रथम, अराध्या पब्लिक स्कूल तिलपत के संस्कार ने द्वितीय और आइडियल पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की स्मृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, सीनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झाडसैंतली के अदित्य ने प्रथम और मॉडर्न बी.पी. पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के केशव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में आदर्श पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के सुमित कुमार ने प्रथम, रेयान इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद के गुरसादिक सिंह ने द्वितीय और आदर्श पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के विद्यार्थी सुदिश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## मेले की मुख्य व छोटी चौपाल पर दिनभर हो रहे हैं रंगारंग कार्यक्रम

**मनोरंजन**

**8 सिद्दी समुदाय के कलाकारों ने सिद्दी धमाल नामक डांस की जोरदार पेशकश कर दर्शकों का मनोरंजन किया**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**सूरजकुंड** मेले में देश व विदेश से आए सभी वर्गों के लोग एक सूत्र में बंधे अनेकता में एकता की झलक दिखा रहे हैं। देश के अलग-अलग प्रांत और विश्व के करीब 40 से अधिक देशों से आए शिल्पकार व कलाकार 37वें सूरजकुंड मेले की शान को बनाए रखने में मददगार साबित हो रहे हैं। मेले में एक ओर जहां शिल्पकार अपने हुनर को पर्यटकों के समक्ष रख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अलग-अलग कलाकार भी अपने देश की समृद्ध विरासत, संस्कृति, गायन-वादन-नृत्य कला और वेशभूषा से लोगों का मन मोह रहे हैं। मेले की मुख्य व छोटी चौपाल पर अलग-अलग जगहों से आए कलाकारों ने अपनी-अपनी मन मोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कोंगो से आए ला-सांजा ग्रुप के कलाकारों ने अपने पारंपरिक डांस फॉर्म माकूतानू की शानदार प्रस्तुति दी। थीम स्टेट गुजरात के सिद्धी समुदाय के कलाकारों ने सिद्धी धमाल नामक डांस की जोरदार पेशकश कर दर्शकों का मनोरंजन किया। असम से आए कलाकारों ने बीहू नृत्य से दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा चौपाल पर इथोपिया, जाम्बिया, नाइजिरिया, किर्गिस्तान, केपवर्दे, बेलारूस, सेनेगल, बोटस्वाना आदि देशों के कलाकारों ने अपने-अपने देश के लोकगीतों व पारंपरिक गायन की कला से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

## सूरजकुंड मेले में बॉयोस्कोप से हो रहे हैं राम मंदिर के दर्शन

**अवलोकन**

**8 शिवम अपने बॉयोस्कोप के जरिए पर्यटकों को अनोखे अंदाज में विभिन्न स्मारकों का अवलोकन करवा रहे**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**फरीदाबाद** में आयोजित किए जा रहे 37वें सूरजकुंड मेले में 'बाबा जी का बॉयोस्कोप' पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। देश के विभिन्न स्मारकों को एक ही स्थान पर लोगों को दिखाने का कार्य कर रहा है यह 'बाबा जी का बॉयोस्कोप'। 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में राजस्थान के भीलवाड़ा क्षेत्र से आए शिवम अपने बॉयोस्कोप के जरिए पर्यटकों को अनोखे अंदाज में विभिन्न स्मारकों का अवलोकन करवा रहे हैं। मात्र 50 रुपए के टिकट पर वे पुराने समय में दिखाए जाने वाले चलचित्र की तर्ज पर बॉयोस्कोप की चकरी घुमाकर झांसी और चित्तौड़गढ़ का किला, कुतुब मीनार, दुनिया के सात अजूबों में एक ताजमहल जैसे अन्य स्थलों के चित्रों को दिखाकर लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। बॉयोस्कोप में एक ओर जहां पर्यटक अयोध्या के राम मंदिर के दर्शन कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर जी-20 के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को भी निहार पा रहे हैं। शिवम ने बताया कि वे अपने पुश्तैनी कार्य को आगे बढ़ने में अपने पिता का सहयोग कर रहे हैं। इस बॉयोस्कोप को लेकर वे सूरजकुंड शिल्प मेले में पिछले 12 वर्षों से आ रहे हैं।

इससे पहले उनके पिता सोहनलाल और उनके दादा भंवरलाल भी सूरजकुंड के मेले के साथ - साथ दिल्ली हाट में भी बॉयोस्कोप दिखाकर लोगों का मनोरंजन करते आए हैं। यह बॉयोस्कोप मेले में चार जगह पर लगाए गए हैं। शिवम ने बताया कि बॉयोस्कोप को स्थानीय भाषा में 'बारह मण की धोबन' भी कहा जाता है। सके अलावा, सूरजकुंड मेले में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ की ओर से भी एक स्टॉल लगाई गई है। जहां जूट, मोबाइल और पोटली बैग, सिलाई के कपड़े, ऊन से बनाए गए बंदरबान, थारपोश, चंकेरी (बोइया), वेस्ट कपड़ो से बनाए गए हैंड बैग, बोतल बैग जैसे हाथ से कढ़ाई - बुनाई कर-के बनाए गए विभिन्न उम्दा उत्पाद उपलब्ध हैं। यह सभी उत्पाद बाल कल्याण परिषद की ओर से प्रशिक्षण कर रही लड़कियों और महिलाओं के द्वारा तैयार किए गए हैं, जोकि बेहद कम दामों में स्टॉल पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय है कि बाल कल्याण परिषद हरियाणा की ओर से प्रत्येक जिला में स्थित बाल कल्याण भवन में प्रशिक्षण केंद्र चलाए जा रहे हैं, जहां पर लड़कियों एवं महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, ब्यूटी केयर आदि जैसे विभिन्न प्रशिक्षण निशुल्क प्रदान किए जाते हैं।

इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने में सक्षम बन रही हैं।

## 'पीएम मोदी रेवाड़ी से हरियाणा को देंगे करोड़ों की सौगात'

### भालखी माजरा में देश के 22वें एम्स की आधारशिला रखेंगे पीएम



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 16 फरवरी को रेवाड़ी में होने वाली रैली के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। रैली को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मंगलवार को गुरुग्राम पार्टी कार्यालय गुरुकमल पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं की बैठक ली। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को रेवाड़ी के भालखी माजरा में एम्स की आधारशिला रखने के साथ ही हरियाणा को करोड़ों की सौगात भी देंगे और एक भव्य रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का रेवाड़ी आना हम सभी दक्षिणी हरियाणा के लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को रेवाड़ी लेकर आने का आहवान किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर जिला अध्यक्ष कमल यादव ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को रेवाड़ी के भालखी माजरा में एम्स की आधारशिला रखने के साथ ही गुरुग्राम में मेट्रो के नए रूट की भी आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, रोहतक जिला को भी करोड़ों का तोहफा देंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को हरियाणा से काफी लगाव है, इसलिए वे 22वें एम्स की आधारशिला रखने खुद रेवाड़ी आ रहे हैं, यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अन्य प्रदेशों में भी एम्स का उद्घाटन व आधारशिला रखी जानी है लेकिन प्रधानमंत्री वहां ना पहुंचकर रेवाड़ी आ रहे हैं यह बहुत बड़ी बात है। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पहले मनेठी में एम्स बनाने की योजना थी, लेकिन किन्हीं कारणों से मनेठी की जमीन नामंजूर हो गई थी।

## प्रदेश सरकार ने किए शिक्षा में गुणात्मक सुधार किए: देवेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा के** विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार किए है और आज विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए बेहतरीन वातावरण मिला रहा है। कैबिनेट मंत्री आज जिला फतेहाबाद के टोहाना में इंदिरा गांधी गवर्नमेंट कॉलेज में आयोजित 'लोकरंग उत्सव' में मुख्य अतिथि के रूप शिरकत कर रहे थे। इस दौरान विकास एंव पंचायत मंत्री ने महाविद्यालय की धरती और गुरुजनों को नमन करते हुए कहा कि जिस कॉलेज से शिक्षा-दीक्षा की प्राप्ति की आज उसी कॉलेज में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर वे बहुत गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि 'मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता हौसलों से ही उड़ान होती है'।

उन्होने कहा कि टोहाना विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को सुधारने एवं गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे पूरी मेहनत से बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान दें ताकि विद्यार्थी शिक्षित और संस्कारवान बने।

## रेवाड़ी: न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव





**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**

**हरियाणा** के रेवाड़ी के गुड़ियानी गाँव स्थित न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल ने अपना वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में छात्रों, माता-पिता, शिक्षकों और महान अतिथियों की उत्साही भागीदारी देखी गई।

इस अवसर पर ओम प्रकाश राज्य मंत्री के अलावा लक्ष्मण सिंह यादव विधायक कोसली, जिला रेवाड़ी, राम पाल यादव हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष, चेयरमैन शीला यादव, डायरेक्टर राकेश यादव, प्रिंसिपल प्रोमिला, जितेंद्र यादव, राजबीर सिंह यादव, सुधीर सर, विजेन्द्र यादव की उपस्थिति रही। इस दौरान बच्चों के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की। आपको बातदें कि न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल, रेवाड़ी एक प्रमुख शैक्षिक संस्थान है जो छात्रों को एक संपूर्ण शिक्षा अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित है। मिस्टर विवेक वर्ष्णेय शैक्षणिक निदेशक ने कहा कि वार्षिक दिवस के अवसर पर हम 2024-25 शैक्षणिक वर्ष से हमारी अगली चरण की नई पहल की घोषणा करते हुए खुश हैं। न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल जूनियर स्तर के आईआईटी-जेईई, नीट और एनडीए और सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षाओं के लिए आधारभूत बैच की शुरूआत कर रहा है। इस दौरान ओम प्रकाश को उनकी उपस्थिति से और शिक्षा और युवा विकास के लिए उनके अटल समर्थन के लिए गहरा आभार व्यक्त किया है। न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल के वार्षिक दिवस का उत्सव केवल एक समागम नहीं है, यह हमारे शैक्षणिक समुदाय में उद्दीपन और प्रतिभाओं के महत्वपूर्ण स्थान का विशाल समारोह है। इस वर्ष का आयोजन विशेष था, क्योंकि यह हमारे संस्थान को परिभाषित करने वाली रचनात्मकता, समर्पण, और सहयोगी आत्मा को प्रदर्शित किया।

न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल के वार्षिक दिवस का उत्सव न केवल पिछले वर्ष की उपलब्धियों का जश्न मनाता है, बल्कि यह आगामी रोचक अवसरों का एक स्मरण भी है।

# 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा संकल्प के तहत 16 को आयोजित होंगे विधानसभा वाईज कार्यक्रम'

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेवाड़ी में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर देंगे संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** **विकसित** भारत-विकसित हरियाणा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली और उनको आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार निर्णय के अनुसार विकसित भारत-विकसित हरियाणा संकल्प के तहत 16 फरवरी को विधानसभा क्षेत्र अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। इन कार्यक्रमों में जन प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों के द्वारा समाज कल्याण विभाग की ओर से नई पैंशन के लाभार्थियों को पैंशन प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे और उसी दिन लाभार्थियों के खाते में पैंशन राशि डाली जाएगी।



उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विकसित भारत-विकसित हरियाणा संकल्प के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर बेहतरीन तरीके से व्यवस्था करें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के रेवाड़ी जिला में 16 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के माध्यम से करीब 12 बजे वर्चुअली जुड़ेंगे और अपना संदेश देंगे। इसलिए सभी आवश्यक प्रबंधों की तैयारियां समय रहते पूरी करवाएं। विशेषतौर से इंटरनेट, बिजली सप्लाई तथा बेहतरीन किस्म का साउंड सिस्टम व एलईडी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त सभी प्रबंधों को लेकर सभी एसडीएम निजी तौर पर निगरानी रखें और अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रम को अच्छे तरीके से संपन्न करवाएं। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रहेगी।

ऐसे में सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में बड़ा पंडाल स्थापित करने के लिए जगह का चयन करें। कार्यक्रम स्थल पर लोगों के बैठने, पीने के पानी तथा सुलभ शौचालय की भी उचित व्यवस्था करवाएं। कार्यक्रम के आयोजन में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आने दें।

## न्यूज फ्लैश

### सरकारी मनमानी ठीक नहीं है : सेवा राम बड़सर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का साफ मानना है कि जनांदोलनों को कुचलने के लिए सरकार द्वारा अपनाई जा रही मनमानी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। उपरोक्त ब्यान संघ के जिला सचिव सेवा राम बड़सर और जिला प्रेस प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने दिया। दोनों संघ प्रतिनिधि आज आज हुडा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों से मुखातिब थे।

उन्होंने ने कहा कि आगामी सौलह फरवरी को देशभर के किसान मजदूर कर्मचारी मिलकर भारतं बंद-हड़ताल करेंगे, क्योंकि सरकार किसानों, मजदूरों और कर्मचारियों की जायज माँगों को मानने की बजाय झूठे आश्वासन देकर मनमाने तरीके से कुचलने पर लगी है, जिसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जा सकता। जिला प्रेस प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने सीधा सवाल उठाया कि पुरानी पेंशन की बहाली की मांगएकच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने की मांग, न्यूनतम वेतन, न्यूनतम सेलिंग प्राइस की मांग करना, तमाम खाली पड़े कई लाख पदों पर स्थाई, नियमित भर्ती की मांग करना कहाँ अनुचित है, बल्कि यह न्यायसंगत है और संविधान अनुसार होने के साथ-साथ जनता की मांग है। न्यूनतम तीन सौ दिन की मनरेगा के तहत मजदूरी की गारंटी की मांग कैसे औचित्यहीन हो सकती है, क्योंकि इससे तो देशभर के करोड़ों मजदूरों को फायदा होगा। उन्होंने मांग की कि सौलह फरवरी को किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, महिला, जनवादी संगठन, कर्मचारी मिलकर हड़ताल करेंगे और जरूरत पड़ी तो इस हड़ताल को अनिश्चितकाल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

जिला सचिव सेवा राम बड़सर ने कहा कि सरकार आंदोलनों के प्रति बेरुखी का रुख अपनाए हुए है, जो कि स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने दावा किया कि सौलह फरवरी को बिजली, पानी, परिवहन, सफाई पूर्णतया बंद रहेगी और देशभर के तमाम कार्यालय भी बंद रहेंगे, क्योंकि यह जरूरी है और अगर सरकार ने किसी भी प्रकार की मनमानी, हठधर्मिता जारी रखी, तो फिर अनिश्चितकालीन हड़ताल-भारत बंद भी किया जा सकता है।

### एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा ।** एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ("कंपनी") ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") दाखिल किया है। एफएंडएस रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान राजस्व, उत्पादन क्षमता और सेवा प्रदान किए गए क्लाइंट्स के मामले में सबसे बड़ा भारत-केंद्रित फार्मास्युटिकल अनुबंध विकास और विनिर्माण संगठन ("सीडीएमओ") है (एफएंडएस द्वारा मूल्यांकन किए गए सीडीएमओ के बीच)। कंपनी अंकित मूल्य 2 प्रत्येक के इक्विटी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। इश्यू ऑफर में ? 680 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 18,598,365 इक्विटी शेयर तक की बिक्री की पेशकश (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। कंपनी नए इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग 1। हमारी कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों की ऋणग्रस्तता का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; 2. हमारी कंपनी की वृद्धिशील कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को फाइनेंस सुविधा उपलब्ध कराने; 3. अधिग्रहण के माध्यम से इन ओर्गेनिक विकास पहल को आगे बढ़ाने; और 4. सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य की ओर करने का प्रस्ताव करती है। बिक्री के प्रस्ताव में शामिल हैं - संजीव जैन द्वारा 2,145,965 इक्विटी शेयर तक, संदीप जैन द्वारा 2,145,965 इक्विटी शेयर तक (सामूहिक रूप से, "प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक"), और रूबी क्यूसी इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (सामूहिक रूप से, "निवेशक बेचने वाले शेयरधारक) द्वारा 14,306,435 इक्विटी शेयर तक (दोनों "प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक" और "निवेशक बेचने वाले शेयरधारक", "बिक्री करने वाले शेयरधारक")।

# गौरव मित्तल एंटी करप्शन फाउंडेशन इंडिया के नेशनल वाइस चेयरमैन नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए गौरव मित्तल को नैशनल वाईस चेयरमैन नियुक्त किया। नरेंद्र अरोड़ा ने गौरव मित्तल को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। गौरव मित्तल ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि



एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार-प्रसार करना आदि शामिल हैं।

# खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास होता है : संजय

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** **राई हलके** के गांव छतहेरा (बहादुरपुर) के करण पहलवान ने हैदराबाद में हुई अंडर 17 कुश्ती राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने गांव का नाम रौशन किया। पहलवान करण व कोच संदीप के स्वागत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस नेता एवं खेवड़ा गांव के पूर्व सरपंच संजय आंतिल ने विजेता पहलवान व कोच का स्वागत किया। संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने कहा कि पहलवान ने पदक जीतकर गांव व प्रदेश का नाम रौशन किया है। यह बड़े गर्व की बात है। आंतिल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ खेलो की तरफ ध्यान दे। खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास होता है। इसलिए जीवन में कोई न कोई खेलना चाहिए। जीवन में जितना शिक्षा का महत्व है, उतना ही खेलो का। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा बनाई गई खेल नीति की आज भी खिलाड़ी सराहना कर रहे है। खेलो में पदक लेकर आने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न पदो पर नौकरी दी गई। कांग्रेस की खेल नीति को आज भी युवा याद कर रहे है। इस मौके पर दीपक दहिया, डा. के पी सिंह, अनिल, नीरज पंच, जयकवार, जयभगवान, सुनील शर्मा आदि मौजूद थे।



# खेत ट्यूबवेल से केबल चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना** रामनगर की टीम द्वारा ट्यूबवेल केबल चोरी करने वाले तीन आरोपी सुमित पुत्र बंसीलाल वासी रंगरूटी खेड़ा, सुमित पुत्र सुनहरा सिंह वासी गुरुनानकपुरा और सोनू पुत्र रामकुमार वासी रतनगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से 11 फरवरी को शिकायतकर्ता रमेश कुमार, विक्रम, गुरपिंदर और हरभगवान के खेत से चोरी हुई ट्यूबवेल केबल बरामद की गई। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना रामनगर में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में पाया गया कि तीनों आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सैक्टर-13 में बंद घर में दिन-दिहाड़े हुई चोरी

## चोर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लेकर हुए फरार , रिश्तेदार की शादी में नागपुर गया हुआ है परिवार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सेक्टर-13 में** चोरों ने एक मकान में दिन-दिहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया। मकान मालिक नागपुर में शादी समारोह में गया हुआ है। चोरों ने सोने, चांदी के जेवरात और कुछ नकदी पर हाथ साफ किया है। करीब 6-7 लाख का नुकसान होने का अनुमान है। ड्राइवर ने मकान मालिक के भांजे को चोरी की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सेक्टर-13 निवासी संजय गुप्ता 11 फरवरी को नागपुर में अपने रिश्तेदार की शादी में गए हुए हैं। संजय गुप्ता के भांजे अमन गोयल पुत्र डीपी गोयल ने बताया है कि उसके मामा के पास दो ड्राइवर हैं। चूंकि घर पर कोई नहीं था, इसलिए दोनों ड्राइवरों की ड्यूटी लगाई हुई थी कि वे रात को घर पर सिक्योरिटी के लिए सो जाएं। राजकुमार ड्राइवर कुंजपुरा का रहने वाला है, जबकि दूसरा ड्राइवर जुंडला गेट का रहने वाला है। 12 फरवरी की शाम को राजकुमार को मकान में सोने के लिए आना था, लेकिन वह शाम को मकान में पहुंचा तो उसे वहां पर ताला टूटा हुआ दिखा। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि राजकुमार ने मुझे कॉल करके चोरी की सूचना दी। इसके बाद मैं मौके पर पहुंचा तो घर में सारा सामान बिखरा हुआ था। मैंने अपने मामा को कॉल करके पूरी घटना बताई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार घर में सोने, चांदी, हीरे के आभूषण व नकदी भी रखी हुई थी। वह चोरी हुई है। करीब छह-सात लाख का नुकसान है। अमन ने बताया कि पुलिस को मामले की शिकायत दे दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी सुनील ने बताया कि सेक्टर-13 के एक मकान में चोरी की जानकारी मिली है। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महाराजा सूरजमल की जयंती पर लगाया गया रक्तदान शिविर

## महाराजा सूरजमल ग्रुप द्वारा लगाए गए इस शिविर में लगभग 200 यूनिट रक्तदान हुआ, बड़ी संख्या में युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। महाराजा** सूरजमल की जयंती के अवसर पर सेक्टर 12 स्थित पेट्रोल पंप के समीप रक्तदान शिविर लगाया गया। महाराजा सूरजमल ग्रुप द्वारा लगाए गए इस शिविर में लगभग 200 यूनिट रक्तदान हुआ। बड़ी संख्या में युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्य मंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने कार्यक्रम में पहुंचकर रक्तदाताओं को सम्मानित किया और उनका हौंसला बढ़ाया।



स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि महाराजा सूरजमल के कार्यों को कदापि भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने के समाज के लिए कई सामाजिक कार्य करते हुए कुरीतियों का अंत किया। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर युवाओं को समाज सेवा व देश सेवा के कार्य करने चाहिए। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। आज युवाओं ने रक्तदान कर समाज को अच्छा संदेश दिया है। आयोजक महाराजा सूरजमल ग्रुप के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। इस दौरान सैकड़ों युवाओं के साथ साथ कई सरपंचों ने भी रक्त दान कर प्रेरक संदेश दिया।

**रक्तदान महादान**

**8 संस्कार जीवन की पूंजी है। जीवन में संस्कार के बिना मनुष्य अपनी पहचान नहीं बना सकता**

पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने बताया कि रक्तदान से किसी को डरने की आवश्यकता नही है। इससे किसी भी तरह की कोई कमजोरी नही आती। रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर का संतुलन बना रहता है, हमारे शरीर से कई बीमारियों का खतरा दूर रहता है। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि रक्तदान करना एक पुनीत कार्य है। उन्होंने युवाओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संस्कार जीवन की पूंजी है। जीवन में संस्कार के बिना मनुष्य अपनी पहचान नहीं बना सकता।

# प्रदीप की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ खाली

**गन्नौर। बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र फेज में हुई प्रदीप की हत्या के मामले में बड़ी थाना पुलिस के हाथ अभी खाली हैं।



पुलिस अब तक न तो हत्या की वजह और न ही आरोपित के संबंध में कोई सुराग हासिल कर पाई है। आरोपित का पता लगाने के लिए टीमों का गठन किया गया है। थाना बड़ी पुलिस टीम के अलावा गन्नौर सीआईए भी आरोपितों की तलाश में जुटी है, लेकिन अभी कामयाबी नहीं मिली है। पुलिस कुछ संदिग्धों को लेकर पूछताछ भी कर रही है। पुलिस जल्द ही खुलासे की उम्मीद जता रही है।

**यह था मामला**

गांव खरेहना, जिला लखीमपुर खीरी, यूपी का रहने वाला प्रदीप फिलहाल बड़ी गांव में अपने मामा के साथ किराये के मकान पर रह रहा था। सोमवार को प्रदीप का शव बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 की खाली जमीन में पड़ा मिला था। उसकी गर्दन पर तेजधार हथियार से हमला किया गया था। प्रदीप का गुप्तांग भी तेजधार हथियार से काट दिया गया। प्रदीप की हत्या के बाद आरोपितों ने उसकी पहचान छिपाने का भी प्रयास किया था। आरोपितों ने प्रदीप के शव को जलाने का प्रयास किया। बड़ी थाना पुलिस ने प्रदीप के पिता शिवकुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर रखा है।

– आरोपितों की जल्द होगी गिरफ्तारी

बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस की टीमें हत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी हैं। आरोपितों के बारे में पता लगाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। जल्द ही पुलिस आरोपितों का पता लगा कर उन्हें गिरफ्तार कर लेगी।

# 'आपदा प्रबंधन में ब्रिगेड की अहम भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भारतीय** रेडक्रॉस समिति एवं सेंट जॉन एंबुलेंस (भारत), हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ द्वारा 11 से 13 फरवरी तक माता मनसा देवी के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय ब्रिगेड अधिकारी प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।

समापन समारोह पर बोलते हुए डॉ. सुषमा गुप्ता ने कहा कि रेडक्रॉस के वालंटियर आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य ऐसे स्वयंसेवकों को किसी भी आपदा के लिए तैयार करना है, जो निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि ब्रिगेड डिवीजन का गठन इसलिए भी किया जाता है कि प्राथमिक सहायता में निपुण लोगों का ऐसा गठन तैयार किया जाए, जो किसी भी घायल अथवा दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचा र उसके जीवन की रक्षा कर सके।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने गंतव्य स्थल पर जाने के बाद ब्रिगेड डिवीजन का गठन करके अपने जिले के रेडक्रॉस शाखा के माध्यम से राज्य रेडक्रॉस में भेजना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आपका यह कारवां रुकना नहीं चाहिए

और आप अन्य लोगों को भी ब्रिगेड डिवीजन का गठन करने के लिए प्रेरित करेंगे।

डॉ.सुषमा गुप्ता ने कहा कि ब्रिगेड डिवीजन ने शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा ग्राम स्तर, कस्बा, मोहल्ला, धार्मिक संस्थाओं पर भी बनाने के लिए काम करें। इससे लोगों में जनसेवा करने की भावना प्रबल होगी और रेडक्रॉस का मानव सेवा का उद्देश्य सार्थक सिद्ध होगा। यह ब्रिगेड डिवीजन किसी भी कार्यक्रम उत्सव और वार्षिक सम्मेलन अथवा खेल प्रतियोगिताओं के अवसर पर प्राथमिक सहायता पोस्टर लगाकर घायल व्यक्ति को तुरंत सहायता प्रदान करने के लिए एक सराहनीय कदम होगा।

# स्वस्थ शरीर में होता है स्वस्थ मस्तिष्क का निवास : दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस कहावत को चरितार्थ करते हुए मेरा मिशन स्वस्थ भारत के प्रमुख दिनेश गुलाटी तिकोना पार्क सेक्टर 6 में लगाए गए विशेष योग शिविर में साधकों को योगाभ्यास और प्राणायाम का शिक्षण दिया। उन्होंने साधकों को विभिन्न तरह से सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्राणायाम करवाया।

इस दौरान प्राणायाम के महत्व को समझते हुए उन्होंने कहा कि योग शारीरिक रूप से स्वस्थ करने के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में भी मदद करता है। योग करने वाला व्यक्ति समता में जीना सीख जाता है। बच्चे, व्यस्क और बुजुर्ग सभी के जीवन में योग समान रूप से लाभकारी है। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में यदि एक घंटा भी योग किया जाए तो अनगिनत लाभ मिलते हैं। योग द्वारा श्वसन संबंधी समस्या, रक्त संचार, हृदय और फेफड़ों संबंधित कई समस्याओं से निजात पा सकते हैं और स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं।



शिक्षक देवेश भाटिया और रीता कुमारी ने सभी साधकों को घूम-घूम कर सही तरीके से योग करने के लिए प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर भूपिंदर कुमार, ममता धवन, मीतू, सरोज, सीमा, मीनू, ज्योति, कुमकुम, हरजिंदर, सुरजीत, सुमन अरोड़ा, नमिता, रीता, प्रवीण, कान्ता रेखा, वीना, करणदीप, अनु, संध्या, भूपेंद्र, राकेश, राजन भाटिया, गोकुल, गौरव, संजय और काफी संख्या में साधक उपस्थित रहे।

# पांच युवकों ने किया युवक का अपहरण, मांगी 10 लाख की फिरौती

## टोल प्लाजा पर उसका दोस्त फिरौती के पैसे देने के लिए पहुंचा तो टोल के पास गाड़ी आते ही पीड़ित का जीजा भी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल** की दुर्गा कालोनी में मौसेरे भाई के साथ वीडियो गेम खेल रहे युवक का पांच लोगों ने अपहरण कर लिया। पीड़ित यमुनानगर का रहने वाला है और करनाल में अपनी मौसी के घर पर आया हुआ था। आरोपी उसे घर के अंदर से खींचकर गली में ले आए और मारपीट कर कार में डाल लिया। इसके बाद अपहरण करके ले गए। आरोपियों ने उससे 10 लाख की फिरौती भी मांगी। पानीपत टोल प्लाजा पर उसका दोस्त फिरौती के पैसे देने के लिए पहुंचा तो टोल के पास गाड़ी आते ही पीड़ित का जीजा भी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया, जिसे देख आरोपी पीड़ित को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित तरुण पुत्र रमेश कुमार खजुरी रोड यमुनानगर का रहने वाला है और 10 फरवरी को करनाल की दुर्गा कॉलोनी में अपनी मौसी के घर पर आया हुआ था। उसने बताया कि 11 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे मैं अपनी मौसी के लड़के रवि के साथ वीडियो गेम खेल रहा था। इसी दौरान घर में अचानक चार लड़के घुस आए, जिनके हाथों में तलवार व डंडे थे। जिनमें बजिदपुर निवासी साहिल व सेक्टर-4 निवासी रोशन बिहारी मेरे पुराने जानकार हैं। इससे पहले मैं कुछ समझ पाता, चारों ने मुझे पकड़ लिया और खींचकर घर के बाहर ले आएए जहां पर एक और व्यक्ति मौजूद था। रिट्ज कार घर के बाहर खड़ी थी। मुझे इन पांचों ने जबरन गाड़ी में डाल लिया और मौके से फरार हो गए। कार को साहिल चला रहा था। पहले गाड़ी सेक्टर-9 करनाल की तरफ ले जाई गई। साहिल ने मुझे कहा कि तुम्हारी वजह से पंकज मानपुरा के पास मेरे पैसे फंसे हैं और उन पैसों की भरपाई तेरे से करवानी है। अपने घर वालों को फोन करके 10 लाख रुपए मंगवा ले, उसके बाद ही तुझे छोड़ेंगे। तरुण ने बताया कि मेरी डर से हालत खराब हो गई। मैंने आरोपियों को बता दिया कि मेरी गाड़ी में 60 हजार रुपए रखे हुए हैं वह पैसे मैं दे देता हूं। साहिल ने अपने किसी बंदे को कॉल किया और दुर्गा कॉलोनी में रवि के पास से कार की चाबी लेकर 60 हजार रुपए मंगवा लिए। अपहरणकर्ताओं ने मुझे दोबारा धमकी दी और कहा कि बाकी के पैसे मंगवाओ। इसके बाद कार से मुझे जठलाना ले गए और उसके बाद रादौर और फिर इंद्री ले आए। जहां पर खेतों में मेरे साथ मारपीट की और हथियारों से मुझे डराकर फिरौती मांगने के लिए मेरे जीजा सुमित व बहन को मेरे नंबर से कॉल कर दिया। तरुण ने बताया कि मेरे घर वालों ने अपने पास से मेरे खाते में दो लाख रुपए डलवा दिए। अपहरणकर्ता पैसे निकलवाने के लिए मुझे कुरुक्षेत्र मनी ट्रांसफर की दुकान पर लेकर गए। साहिल व एक अन्य लड़का कार से नीचे उतरकर दुकान पर गए और कुछ ही देर में वापस आ गए, क्योंकि दुकानदार ने पैसे निकालने से मना कर दिया था।

**वारदात**

**8 मेरी डर से हालत खराब हो गई। मैंने आरोपियों को बता दिया कि मेरी गाड़ी में 60 हजार रुपए रखे हुए हैं**

फिर मुझे धमकी दी कि अपने किसी जानकार के पास पैसे ट्रांसफर कर और पैसे मंगवा। मैंने अपने जानकार पानीपत निवासी मोहित के पास पैसे ट्रांसफर कर दिए और उसके नंबर पर कॉल करके बता दिया कि पैसे लेकर पानीपत टोल प्लाजा पर मिले। मोहित पैसे लेकर टोल पर आ गया था, उसके पास 1.99 लाख रुपए थे। ये पैसे मैंने आरोपियों को दे दिए।

तरुण ने बताया कि मैंने आरोपियों से बोला कि मैं अपने दोस्त मोहित से बात करके आता हूं उस वक्त मैं कार से उतरा ही था कि पीछे से मेरा जीजा व अन्य जानकार कार लेकर मौके पर आ गए, जिनको देख आरोपी मौके से भाग गए। आरोपी रोशन कार के बाहर ही खड़ा था, इसलिए वह खेतों की तरफ भाग गया।

# कुंडली बार्डर के बाद अब ओचंदी बार्डर भी सील

**हिरासत**

**8 दिल्ली कूच के एलान के बाद सोनीपत पुलिस द्वारा खरखौदा क्षेत्र के कई किसानों को हिरासत में ले लिया गया**

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदाः** मंगलवार को दिल्ली पुलिस की तरफ से ओचंदी बार्डर को भी पूरी तरह से बंद कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शाम करीब चार बजे पुलिस की तरफ से बेरिकेडिंग करते हुए मार्ग को अवरुध कर दिया गया। जिससे दोनों तरफ के वाहनों को आवगाम बंद हो गया है। जबकि दिल्ली कूच के एलान के बाद सोनीपत पुलिस द्वारा खरखौदा क्षेत्र के कई किसानों को हिरासत में ले लिया गया। रात को उन्हें उनके घरों से उठाकर पुलिस अपने साथ ले गई। जिन्हें मंगलवार दोपहर करीब दो बजे छोड़ा गया। वहीं किसानों के दिल्ली कूच को लेकर सिसाना में एक पंचायत का भी आयोजन किया गया।



## संपादकीय

# कतर से भारतीय नौसैनिकों की रिहाई

**कतर की** जेल में बंद भारतीय नौसैनिकों की 18 महीने बाद जेल से रिहाई की सोमवार को जैसे ही खबर आई तो सारा देश ही झूम उठा। कुछ समय पहले इन अधिकारियों की मौत की सजा को अलग-अलग अवधि की जेल की सजा में बदल दिया गया था। तब देश को कम से कम यह संतोष तो था कि चलो हमारे नागरिकों की जान तो बच गई, पर देश यह भी प्रार्थना कर रहा था कि कतर की जेल में बंद भारतीय नागरिक रिहा होकर सकुशल देश वापस आ जाएं। बेशक, इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की विदेश नीति की बड़ी सफलता ही माना जाएगा कि कतर से फांसी की सजा घोषित हुए नागरिकों की रिहाई हो गई। वे सभी सकुशल और ससम्मान जनक तरीके से भारत की धरती पर वापस लौट आए। इस तरह से भारत की कुशल विदेश नीति को सारे संसार ने देखा और दांतों तले उंगलियाँ दबाकर आश्चर्य से देखते ही रह गये । अमूमन अरब देशों के शेख सामान्य तौर पर जासूसी के आरोप में सजा प्राप्त लोगों की सजा माफ नहीं करता क केन्द्र में मोदी सरकार के 2014 में गठन के बाद से भारत के अरब देशों के साथ संबंध लगातार सुधर रहे हैं। उसी के सार्थक परिणाम को भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और घरवापसी के रूप में देखा जाना चाहिए। अब अबू धाबी में सनातन संस्कृति का भव्य मंदिर भी दुनिया देखेगी। 'अगर मोदी जी नहीं होते तो हम हिंदुस्तान की सरजमीं पर आज नहीं खड़े हो पाते'। अपनी रिहाई से खुश एक नौसैनिक ने भारत आने पर भारत मां की जय बोलते हुए कहा कि यदि नरेन्द्र मोदी ने खुद हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आज हमारी रिहाई संभव नहीं थी। यह बड़ी उपलब्धि भारत के शक्तिशाली नेतृत्व का प्रभाव प्रमाण है। यह कूटनीतिक जीत 140 करोड़ देशवासियों की जीत है। आज प्रधानमंत्री मोदी की सफल विदेश नीति का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। देश किस तेजी से बदल रहा है, यह जानने को लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व छात्र नेता शेहला रशीद के उस बयान को देखना होगा। वो एक दौर में देश विरोधी शक्तियों के साथ जुड़ी हुई थीं। उन्होंने भी नौसैनिकों की रिहाई के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मौत की सजा से घर वापसी तकः यह भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत है और इस तथ्य का प्रमाण है कि हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सक्षम हाथों में है। प्रधानमंत्री मोदी और विदेशमंत्री डॉ. जयशंकर ने फिर असंभव को संभव कर दिखाया है। शांत रहें और विश्वास रखें। कतर से लौटे पूर्व नौसैनिकों के परिवार को बधाई। तो आप समझ गए होंगे कि किस तरह से देश बदल रहा है।

दरअसल, कतर के दोहा के अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ काम करने वाले भारतीय नौसेना के इन पूर्व जवानों को पिछले साल 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने राहत दी थी। अदालत ने तब अक्टूबर 2023 में इन्हें दी मौत की सजा को कम करते हुए 3 साल से लेकर 25 साल तक की अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। कतर की जेल में बंद भारतीयों की रिहाई से साफ है कि अब जहां पर भी भारतवंशी या भारतीय संकट में होते हैं तो भारत सरकार हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठती। रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल स्टुडेंट यूक्रेन में फंस गए थे।

# मौत के मुंह से वापस, बड़ी कूटनीतिक जीत



**राजेश माहेश्वरी**

> “ खासकर राजस्थान, केरल और कर्नाटक से वहां बहुत लोग जाते हैं। अगर हम बारीकी से देखें तो पाएंगे कि यह कूटनीतिक सफलता भारत के लिए आदत बनती जा रही है। कतर के अलावा अफगानिस्तान से भी भारत ने बड़ी कूटनीति और चालाकी से अपने नागरिकों को निकाला। कीव और मारियोपोल में भी भारतीय नागरिकों को बड़ी चतुराई से भारत ने निकाला। मारियोपोल में पुतिन ने भारतीय विद्यार्थियों को सेफ पैसेज दिया और पोलैंड, लाटविया और लिथुआनिया में हमारे पांच केंद्रीय मंत्री इंतजार कर रहे थे और यूक्रेन-संकट के दौरान भी वे निकाल कर लाए। यह भारत और प्रधानमंत्री की कूटनीतिक चालाकी है। इसमें यह भी एक मुद्दा गौर करने का है कि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान इस षडयंत्र में शामिल था, ऐसी भी आशंका जताई गयी है, क्योंकि पाकिस्तान भी कतर में काफी निवेश करता है ”

**कतर में** मौत की सजा से रिहाई पाने वाले पूर्व भारतीय नौसैनिक भारत लौट आए। पूर्व सैनिकों की रिहाई को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। कतर में मौत की सजा पाने वाले इन आठ भारतीयों को दोहा की एक अदालत ने रिहा कर दिया था। इन भारतीयों की रिहाई में भारतीय विदेश मंत्रालय ने अहम भूमिका निभाई थी और मौत की सजा को जेल की सजा में परिवर्तित करवाया था। दरअसल, ये सभी सैनिक दोहा स्थित अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ काम करते थे। ये कंपनी सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। पिछले साल 28 दिसंबर को कतर की एक अदालत ने इन्हें जासूसी के आरोप में मौत की सजा सुना दी थी। इसके बाद भारत सरकार एक्टिव मोड में आ गई और इन्हें राजनयिक तौर पर सहायता दी गई। भारत की अपील के बाद मौत की सजा को तीन साल से लेकर 25 साल तक की जेल की सजा सुनाई गई। भारत की पैरवी और पीएम मोदी के हस्तक्षेप के बाद इन सभी भारतीयों को रिहा कर दिया गया। रिहा हुए पूर्व सैनिकों में कैप्टन नवतेज गिल और सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा और सुगुनाकर पकाला और नाविक रागेश शामिल हैं। कैप्टन नवतेज गिल को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था। उन्होंने नौसेना अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बाद में तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में प्रशिक्षक के रूप में कार्य किया। इन सभी आठों पूर्व भारतीय नौसैनिकों को बीते साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। इन पर कतर की जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, इन भारतीयों पर इजरायल के लिए कतर के सबमरीन प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी जुटाने का आरोप था। भारत ने पहले कतर की छोटी अदालत द्वारा दी गई मौत की सजा पर चिंता व्यक्त की थी और इसे गलत बताया था। सरकार ने सभी अधिकारियों की मदद के लिए कानूनी विकल्पों पर विचार करने का वादा किया था। इसके बाद भारत ने मौत की सजा के खिलाफ कतर की अपील अदालत का रुख किया। 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने मौत की सजा को कम कर दिया और उन्हें जेल की सजा सुनाई। इस बीच नौसेना के पूर्व अधिकारियों के





चिंतित परिजनों ने उनकी रिहाई और उनकी सुरक्षित वतन वापसी की गुहार लगाई। जिसके बाद विदेश मंत्रालय ने आश्वासन दिया था कि वह सभी राजनयिक चौनलों को जुटाएगा और उन्हें वापस लाने के लिए कानूनी सहायता की व्यवस्था करेगा। कतर अदालत के फैसले को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत भी माना जा रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह दुबई में सीओपी28 शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ मुलाकात के कुछ हफ्तों बाद आया है। तब पीएम मोदी ने कहा था कि उन्होंने कतर में भारतीय समुदाय की भलाई पर चर्चा की थी। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात इसलिए अहम मानी गई थी क्योंकि उस समय ये भारतीय पूर्व नौसैनिक कतर की जेल में बंद थे। भारतीयों को मिली मौत की सजा पर भारत ने कहा था कि वह स्तब्ध है और सभी कानूनी विकल्पों पर काम कर रहा है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इन आठ भारतीयों के परिवारों से भी मुलाकात की थी। केंद्र की मोदी सरकार पर लगातार इन आठ पूर्व नौसैनिकों की रिहाई के लिए दबाव बन रहा था। कांग्रेस, एआईएमआईएम और अन्य विपक्षी पार्टियां इन भारतीयों को जल्द भारत वापस लाने की मांग कर रहे थे। वास्तव में पूर्व की हमारी सरकारें पश्चिम एशिया और पर्शियन गल्फ को कम महत्व देती थीं, लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए हैं, तब से माहौल बदला है। भारत अपना कूटनीतिक समय और प्रभाव इन जगहों पर खर्च नहीं करता था। अब वह गलती सुधारी जा रही है। मई 2014 में प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद जो पहला विदेश दौरा नरेंद्र मोदी ने किया, वह भूटान का था और दूसरा दौरा यूएई का किया। शुरू से ही उन्होंने यह स्पष्ट रखा कि पश्चिम एशिया और अरब देशों से संबंधों के मामले में वह नया अध्याय जोड़ने जा रहे हैं। कतर से हमारे संबंध पुराने और बेहतरीन रहे हैं। अगर हम देखें तो कतर की 30 फीसदी जनसंख्या तो भारतीय प्रवासियों की है। वहां जो श्रमिक वर्ग है या ब्लू कॉलर्ड वर्ग है, वह कतर जाते-आते रहते हैं। खासकर राजस्थान, केरल और कर्नाटक से वहां बहुत लोग जाते हैं। अगर हम बारीकी से देखें तो पाएंगे कि यह कूटनीतिक सफलता भारत के लिए आदत बनती जा रही है। कतर के अलावा अफगानिस्तान से भी भारत ने बड़ी कूटनीति और चालाकी से अपने नागरिकों को निकाला। कीव और मारियोपोल में भी भारतीय नागरिकों को बड़ी चतुराई से भारत ने निकाला। मारियोपोल में पुतिन ने भारतीय विद्यार्थियों को सेफ पैसेज दिया और पोलैंड, लाटविया और लिथुआनिया में हमारे पांच केंद्रीय मंत्री इंतजार कर रहे थे और यूक्रेन-संकट के दौरान भी वे निकाल कर लाए। यह भारत और प्रधानमंत्री की कूटनीतिक चालाकी है। इसमें यह भी एक मुद्दा गौर करने का है कि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान इस षडयंत्र में शामिल था, ऐसी भी आशंका जताई गयी है, क्योंकि पाकिस्तान भी कतर में काफी निवेश करता है। उसके पर्व त्योहार और छुट्टियों में भी पाकिस्तानी अधिकारी जाते हैं, साथ ही पाकिस्तान इस तरह के षडयंत्र में रहता भी है.। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नेहरूवादी विदेश-नीति के दौर से हम आगे निकल चुके हैं। पहले हमारी नीति प्रतिक्रियावादी होती थी। जब तक भारत को बिल्कुल ही कोने में धकेला नहीं जाता था। एक शब्द अंग्रेजी का है- प्रीएम्पशन, जिसका अर्थ होता है- पहले से तैयार रहना। नयी दिल्ली पहले इसका इस्तेमाल नहीं करती थी और इसका एक कूटनीतिक शस्त्र की तरह प्रयोग तो बहुत दूर की बात थी. देखा जाए तो मोदी और विदेश मंत्रालय ने प्रयत्न कर अपने संबंध अमेरिका और तेल से ऊपर उठ कर इन देशों से बनाए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि कतर उनके दूसरे घर की तरह है। जो पहले की सरकारें थीं, वे तेल और अमेरिका के संदर्भ में ही पश्चिम एशिया और अरब देशों को देखते थे। इसकी पृष्ठभूमि नरेंद्र मोदी और सुषमा स्वराज ने तैयार किया। इसके चलते आज हम बहुत आसानी से नौसेना के पूर्व-अधिकारियों को वापस ले आ सके हैं। इन पूर्व-अधिकारियों ने तो प्रोटोकॉल तोड़ते हुए सीधा स्वीकार भी किया है कि अगर पीएम मोदी का सीधा हस्तक्षेप नहीं होता, तो उनकी वापसी मुमकिन नहीं थी। एक बात टाइमलाइन की भी है। इन अधिकारियों की मौत की सजा को पहले विदेश मंत्रालय ने बदलवाकर लंबी कैद में करवाया, फिर इनको वापस लाने में सफल हुए। भारत ने पहले से सोचा कि ऐसी मुश्किलें आ सकती हैं और कतर की सफलता एक मील का पत्थर है। कतर से आठ पूर्व नौसेनिकों की रिहाई की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद संभाल रखी थी। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को छह बार गुपचुप कतर भेजा। सूत्रों ने बताया कि पीएम की सलाह व विदेश मंत्रालय और विभिन्न भारतीय खुफिया एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से यह रिहाई हो सकी। एजेंसियां पिछले एक साल से लगातार काम कर रही थीं। अजीत डोभाल ने कतर सरकार और वहां के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के नजदीकी लोगों को मौजूद जियो पॉलिटिक्स के मद्देनजर मामले की बारीकियां समझाईं। उधर, विदेश मंत्री एस जयशंकर की अगुवाई में खास गठित टीम कूटनीतिक स्तर पर मामले को संभाल रही थी।

कुल मिलाकर भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक और वैदेशिक नीति में जीत का दिन है, जश्न का दिन है।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

**संजीव**

# प्रेम के नाम पर अश्लीलता बढ़ाता वेलेंटाइन्स डे

**डॉ अजय कुमार मिश्रा**

**इंग्लैंड** और फ्रांस से शुरू हुआ प्रेम का प्रतीक वेलेंटाइन्स डे आज दुनियां में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है खासकर युवाओं में तेजी से न केवल पकड़ मजबूत हुई है बल्कि अनेकों ऐसे बच्चे भी मिल जायेगे जिन्हें वास्तव में इसके सरोकार में शामिल नहीं होना चाहिए, पर वो लोग और तन्मयता से जुड़े है` इस दिन कार्ड, फूल, चॉकलेट और उपहारों को देने के साथ झ्र साथ प्यार का इजहार किया जाता है` कई परिवर्तनों के दौर से गुजरता हुआ यह अब बाजारवाद का शिकार हो गया है और ग्लोबल कंपनियां इसे इस तरह प्रोमोट कर रही है की प्यार के इजहार का इससे नायब दिन कोई नहीं हो सकता` आधुनिकता के इस रंग में अब वेलेंटाइन्स डे सात दिनों के रंग का स्वरुप ले चुका है जिसमे प्रत्येक दिन कुछ अलग होता है और अंतिम स्वरुप 14 फरवरी को पूरा होता है प्रत्येक वर्ष यह 14 फरवरी को मनाया जाता है भारत का शायद ही कोई शहर ऐसा हो जो इसके प्रभाव में न हो` इसका प्रभाव बढ़ने से हम न केवल अपनी संस्कृति और सभ्यता भूलकर इन व्यवस्थाओं पर आगे बढ़ना चाह रहें है जिसका स्थायित्व कही नहीं है` वेलेंटाइन्स डे की अवधि में आप सभी ने यह जरुर सुना है की कुछ लोग इसका तीखा विरोध करतें है जबकि युवाओं को यह बेहद स्वीकार्य है` जगह झ्र जगह पार्कों और कई जगहों पर कथित प्रेमी प्रेमिकाओं को मिलने से रोका जाता है या कई ऐसी गतिविधियाँ की जाती है जिसका उद्देश्य युवाओं में इसके प्रति डर बैठाना होता है` देश के अन्दर की व्यवस्था में आप देखेगे तो वेलेंटाइन्स डे को अब किसी बंदिश के दायरें में नहीं रखा जा सकता` तकनीकी और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में विकास ने इसमें और अधिक आजादी दे दी है नतीजन प्यार, स्वच्छ भावना, समर्पण, त्याग की जगह व्यक्तिगत इच्छापूर्ति और शारीरिक इच्छापूर्ति ने ले लिया है जहाँ न्यूनतम उम्र और इस विषय के समझ की कोई बाध्यता नहीं है` आज आपको देश के महानगरों में सार्वजनिक स्थानों पर ऐसी गतिविधियाँ देखने को दिनभर मिलने लगी है की आप अन्दर से न केवल डरा हुआ महसूस करेगे बल्कि आपके मन में यह विचार अवश्य उत्पन्न होगा की मेरे बच्चे क्या इसी तरह के है ? आधुनिक समाज के कुछ तथाकथित विद्वानों ने इसे और अधिक बढ़ावा दिया है जबकि 95 प्रतिशत लोगों को प्रेम का मतलब ही नहीं पता वास्तव में प्रेम होता क्या है और इसके प्रति किस तरह के समर्पण की आवश्यकता है` जिस दिन हम सभी इस बात को स्वयं समझने और समझाने में सफल हो जायेगें उस दिन विरोध नहीं करना होगा बल्कि समाज में प्रत्येक जगह इसका विरोध युवाओं द्वारा दिखेगा यदि हम प्रेम की बात करें तो हमारी संस्कृति और धर्म में एक दो नहीं अनेकों ऐसे उदहारण है जिसे समझने से हम अपनी विषम से विषम परिस्थिति में भी आधुनिकता के इस मकड़जाल में नहीं आ पायेंगे।

## विचार

# आखिर मानने में हर्ज क्या है?

**जनांदोलनों को दबाएं नहीं, सुलझाएं जायज हो तो स्वीकार करो अन्यथा..**

**कमेटी,** कमेटी आखिर कब तक कमेटी,निर्णय क्यों नहीं?कीलें जिंदाबाद।अस्थाई मगर पूरी तरह से पक्की दीवार जिंदाबाद ताकि कोई दिल्ली में किसान-मजदूर,कर्मचारी और इनका समर्थन करने वाले ना घुस सकें क्योंकि दिल्ली सबकी नहीं है।दिल्ली अभिजात्य वर्ग की है,किसान-मजदूर का वहाँ क्या काम?इसलिए साम-दाम दंड भेद रोकिए! क्योंकि यह सत्य और तथ्य है कि जिस दिन वास्तव में इस देश का किसान-मजदूर,कर्मचारी,ग्रामीण गरीब महिला,छात्र,रेहड़ी-फड़ी वाले,झुग्गी-झोंपडी वाले,ऑटो-रिक्शा चालक,छोटे दुकानदार,छोटे व्यापारी,जनवादी किस्म लोग दिल्ली पहुँच गया,उसी दिन सत्ता में बैठे लोगों और सत्ता के लिए लड़ रहे लोगों के पैरों तले की जमीन खिसक जाएगी क्योंकि असली रामराज्य,असली सुराज,असली जनराज केवल यही लोग ला सकते हैं क्योंकि यही लोग किसान-मजदूर और कर्मचारी देश की रीढ़ है।एक पेट भरता है और एक पेट भरने की पूरी प्रक्रिया में अपना सर्वस्व देता है और एक पेट भरने के बाद कि तमाम जरूरतों को पूरा करता है। मगर इसे दुर्भाग्य कहिए कि ये तीनों ही हर बार प्रताड़ित होते हैं,हर बार ठगे जाते हैं,बार-बार ठगे जा रहे हैं और कभी-कभार जागते हैं तब कीलें जिंदाबाद बोलती हैं,सिमेंटिड दीवार जिंदाबाद बोलती हैं।सड़कें,कंकरीट,कंटीली तारें इंकलाब का राग गाने लग जाती है।डरती हैं तो सिर्फ सरकारें,मठाधीश,सत्ताधीश,तथाकथित वो लोग जो जनता को बहकाते हैं,भरमाते हैं और ऐसे लोग वो हरसंभव प्रयास करते हैं कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है,इसलिए उनके प्रयास होते हैं कि जनता ना आए क्योंकि जब जनता आएगी और इंकलाब का नारा लगाएगी तो सत्ता को सिंहासन से उतरना होगा वरना उतार दी जाएगी?असल बात क्या है?असल बात यह है कि अपने-अपने समय पर सत्ता में बैठे लोग कभी भी जनमुद्दों पर जबाब नहीं दे पाते,चाहे फिर सत्ता में कोई भी बैठा हो?सबका चरित्र एक ही रहा है बेशक चेहरा अलग-अलग रहा हो।वरना ऐसी क्या मांग है किसानों की,जो पूरी किया जाना संभव ना हो,छोटी-मोटी मांग ही तो हैं और एमएसपी की मगर हर नेता,हर पार्टी सिर्फ भाषण दे सकती हैं,वायदा कर सकती है लेकिन लागू नहीं करेगी जबकि किसी मान-सम्मान का मतलब केवल यही होता है कि जिसका मान-सम्मान हम कर रहें हैं,उसकी कही बातों को भी मानते हैं,उसके द्वारा की गई सिफारिश को भी मानते हैं,मगर हाय! रे राजनीति?यह हाल तमाम पार्टियों और नेताओं का है।जितनी मशक्कत रास्ते रोककर,कीलें ठोककर,दीवारें चिनवाकर किसानों को दिल्ली पहुँचने से रोकने की हो रही हैं,उससे तो अच्छा यह था कि सीधा एमएसपी को लीगल गारंटी बनाकर ही किसानों को दिल्ली पहुँचने से रोक दिया जाता?मगर यह तो मंजूर नहीं ना?मजदूर क्या चाहता है सिर्फ मजदूरी और उस मजदूरी की साल भर में मनरेगा के तहत तीन सौ दिन की कानूनी मौलिक अधिकार वाली गारंटी और मजदूरी एक दिन की केवल सात सौ रुपये,क्या दिक्कत है इसमें,कौनसी आफत आ जाएगी,कौनसा पहाड़ टूट जाएगा इसमें,मगर सत्ताएं बदली पर उनका चरित्र नहीं बदला?क्या मांगते है कर्मचारी?पुरानी पेंशन की बहाली की मांग ही तो कर रहे हैं,सिर्फ यही तो मांग है कि तमाम सार्वजनिक विभागों का निजीकरण रोको और सार्वजनिक विभागों का विस्तार करो,सिर्फ यही तो मांग है कि देश भर के तमाम विभागों में खाली पड़े पदों पर नियम से तय समय सीमा में स्थाई सरकारी भर्ती करो और कम से कम वेतनमान पचास हजार लागू करो,तमाम तरह के तमाम कच्चे कर्मचारियों को पक्का करो।सोचिए जरा!क्या खाली पदों पर भर्ती की मांग करना अनुचित है,क्या सार्वजनिक विभागों का निजीकरण रुकवाना नाजायज है,क्या न्यूनतम वेतन की मांग करना तर्कहीन है,क्या कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने की मांग औचित्यहीन है।जबकि हम तो विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और तीसरी बनने जा रहे हैं।सवाल बहुत जायज हैं बस दरकार है इन्हें लागू करने की। जब-जब भी जनांदोलन हुए हैं,किसी भी जनांदोलन ने कुरसी नहीं मांगी तभी तो वो गाना आज भी मौजूं है कि हम मेहनतकश दुनियावालों से जब अपना हिस्सा मांगेंगे,एक खेत नहीं,एक बाग नहीं,हम सारी दुनिया मांगेंगे क्योंकि यह कोई खैरात नहीं बल्कि हमारा हक है,अधिकार है,जिसे हमने अपने खून-पसीने से सींचा हैं।लेकिन यहाँ आंदोलनकारियों को भी सजग व सचेत रहने की जरूरत है कि उनका आंदोलन कानून के दायरे में ही रहे,सार्वजनिक संम्पति को नुकसान न पहुँचाया जाए,कोई भी ऐसी अप्रिय घटना ना हो,जो किसी को भी उंगली उठाने के लिए विवश कर दे,कोई ऐसा ब्यान ना आए,जो कुछ और साबित करे।उधर तथाकथित गोदी मीडिया को चाहिए कि किसी भी जनांदोलन को किसी अन्य नजरिए से ना देखे बल्कि सच दिखाए,सच बताए।यकीनन यह सब लोग चाहते हैं कि सत्ता पर कोई आए मगर व्यवस्था परिवर्तन हो और व्यव्यस्था ऐसी हो कि हर हाथ को रोजगार मिले, शिक्षा,स्वास्थ्य,सुरक्षा हो,सार्वजनिक विभाग बढ़े,न्याय सर्वसुलभ हो,मजदूर को मजदूरी मि गारंटी हो,किसान मो उसकी फसल का उचित मूल्य मिले आदि-आदि।वैसे सुना तो यह भी है कि देश में पहली बार देश भर के किसान-मजदूर और कर्मचारी मिलकर सौलह फरवरी को भारत बंद/हड़ताल करने जा रहे हैं।उचित,समुचित और न्यायसंगत यही है कि इनकी समस्याओं का समाधान किया जाए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ऋतुओं का ऋतुराज वसंत

**वसंत** पंचमी का पर्व वैदिक काल से ही मनाया जाता है। वसंत ऋतु उत्तर भारत की छः ऋतुओं में से एक है। माघ मास शुक्लपक्ष पंचमी के दिन वसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

सनातन धर्म में वसंत पंचमी के त्योहार को बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। वसंत पंचमी फरवरी महीने से लेकर अप्रैल महीने के मध्य तक अपने सौन्दर्य की छठा बिखरती है। वसंत पंचमी के दिन से ही वसंत ऋतु का आगमन होता है। वसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इसी दिन भगवान् विष्णु कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। मां सरस्वती मानव के लिए परम आवश्यक ज्ञान प्राप्ति की प्रथम सीढ़ी है। वाक शक्ति की अधिष्ठात्री देवी है। माता सरस्वती ज्ञान ओर विधा की देवी है। वसंत ऋतु बड़े ही हर्षोल्लास का पर्व है। वसंत को ऋतु राज की उपाधि इसलिए दी है कि यह अपने साथ उल्हास ओर सौन्दर्य की छटा बिखेर हुए है। पुराणों के अनुसार वसंत को कामदेव का पुत्र कहा है।

प्राचीन ग्रंथों से लेकर साहित्य तक वसंत अपने पूरे वैभव और ढसक के साथ अनगिनत आयामों के साथ विद्यमान है। वसंत का न जाने कितने रूपों में विवरण मिलता है। सुगंध, श्रंगार, प्यार का मनुहार का मौसम है। वसंत के आगमन से हर चीज और सुंदर हो जाती है। वसंत ऋतु में प्रकृति में चारों ओर रंग बिरंगे फूलों की छटा बिखर जाती है। जिससे सभी जीव और जंतुओं में एक प्रकार से मन में अलग ही तरह का उल्हास होता है। सर्द ऋतु में वृक्षों से गिरे पत्ते दोबारा से प्रफुटित होने लगते हैं। चारों तरफ पक्षियों की चचाहट ओर कोयल की हूक सुनाई देती है। मन में एक तरह से उल्लासपूर्ण वातावरण होता है। मस्ती ओर उमंग होती है।

वसंत पंचमी के दिन शुभ कर्म करने से स्वास्थ्य और दीघार्यु की प्राप्ति होती है। यह दिन सृष्टि में एक नए जीवन की नई आशा की रचना करता है। वसंत के आगमन से पृथ्वी पर सरसों के पीले पीले फूल अपने रंग की छटा बिखेरते हैं। पलाश के फूल खिलने से सृष्टि का अलग ही नजारा देखने को मिलता है। आम की बौर से वातावरण महक उठता है। इस मादक वातावरण में मनुष्य ही नहीं समूचा प्राणी जगत विमुग्ध और प्रेममय हो उठता है। वसंत का महीना मौज मस्ती का महीना होता है।

# कुर्सीलाल और चिपकु बाबा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**यह जो** कुर्सी नाम की चीज है यह वाकई बड़ी कमाल की है। अगर कुर्सी न होती तो न इतने नेता होते और न इतने चेले-चपाटे। परिणाम यह होता कि मधुशालाओं के बजाय अस्पताल खुलते और मक्खी मारने के बजाय रोजगार मिलते। देश में जो कुछ भी परेशानियाँ हैं वे सब कुर्सी के ही कारण हैं। जो भी हो, स्थिति यह है कि नेता गण तिलचट्टे की तरह धड़ से सर अलग हो जाने पर भी कुर्सी की माया के कारण जीवित रहते हैं। जब तक कुर्सी है तब तक उनकी मर्जी है। कुर्सी गई मतलब उल्टी गितनी शुरू। इसलिए कुर्सी चाहे जैसी भी हो लेकिन उसमें पॉवर अवश्य होना चाहिए। जब तक पॉवर है तब तक शरीर में झनझनाहट है। गली से लेकर दिल्ली तक सिर्फ और सिर्फ कुर्सी की माया चलती है। यह कुर्सी इतनी कमाल की होती है कि उस पर बैठा मच्छर डायनासोर लगने लगता है और उतरते ही डायनासोर मच्छर। यह किस्सा एक छोटी सी कुर्सी का है। वह भी कॉलोनी अध्यक्ष की। कॉलोनी अध्यक्ष की कुर्सी क्या गई कुसीर्लाल की तबियत खराब हो गई। कुर्सी छीनने से उन पर कहर टूट पड़ा। एक अदद कुर्सी की बात थी। मगर जब उसमें वे बैठते मानो खुद को भगवान समझने लगते। आगे-पीछे चमचे दुम हिलाने लगते। बात-बात पर शॉल ओढ़ना, माला पहनना उनके लिए साँस लेने जैसा हो गया था। हर छोटे-बड़े काम कराने के लिए माल अलग से मिलता था। वे अक्सर कहते - कुर्सी भले लकड़ी की बनी होती है लेकिन जानदार लोगों को झुकने पर मजबूर कर देती है। कुसीर्लाल फिर से कुर्सी प्राप्त करने के लिए चिपकु बाबा के पास पहुँचे। चिपकु बाबा अब तक नौ-दस बार पलटी मार चुके हैं। मजाल कि कोई कुर्सी उनसे चिपकने से मना कर दिया हो। उनकी पलटी को देख कुर्सी भी डर उठती है। उसे लगता कहीं यही मुझे उलटने-पुलटने के बहाने मेरा कचूमर न बना दे। यही कारण है कि चिपकु बाबा जिस दल में जाते कुर्सी भी उनके संग चल उठती। कुर्सी को भी सभी तशरीफें पसंद नहीं आतीं, जिसकी पसंद आती है उसी के हिसाब से अपना आकार बदल लेती है। और ऐसी कुर्सियाँ अपने आकार से नहीं तशरीफ के आकार से प्रसिद्ध हो जाती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### दुकान पर आया युवक संदिग्ध हालत में लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः शहर थाना** क्षेत्र के महलाना सड़क मार्ग स्थित दुकान पर आए युवक के संदिग्ध हालत में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव गढ़ी ब्राह्मण निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी महलाना रोड पर फर्नीचर की दुकान है। उसका बेटा दीपक भी दुकान पर उसके साथ काम करता है। गत 8 फरवरी को सुबह दुकान पर आया था। उसके बाद करीब 11 बजे दुकान पर नहीं मिला। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द युवक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### किसान आंदोलन को लेकर पुलिस ने रूट किए डायवर्ट

**सोनीपतः किसानों को** रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से होकर सोनीपत से दिल्ली व दिल्ली से पानीपत की तरफ आने जाने वाले मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद करने की स्थिति में पुलिस ने नया रूट डायवर्ट प्लान जारी किया है। अगर जीटी रोड पर सोनीपत जिले की सीमाओ में किसान प्रवेश करते है, तो उसके पास पुलिस विभाग की तरफ से डायवर्ट रूट प्लान के हिसाब से वाहन चालकों को मार्गो पर जाना होगा। पुलिस आयुक्त की तरफ से लोगों से अपील की है कि 13 फरवरी को जरूरी काम होने पर ही किसान जीटी रोड का प्रयोग करें। ताकि पुलिस विभाग की तरफ से व्यवस्था बनाने में परेशानी न हो सके। पुलिस आयुक्त ने बताया कि सोनीपत व पानीपत पुलिस की सयुंक्त टीमों को साथ केंद्र से भेजी गई टुकड़ियों को पानीपत पटी कलियाणा के पास ही रोक दिया जायेगा। अगर उसके वावजूद किसान जिले की सीमा में प्रवेश करते है, तो उसके लिए अलग से पुलिस की तरफ से प्लान बनाया गया है। वहीं दिल्ली पुलिस की तरफ से सर्विस रोड को कुंडली बार्डर की तरफ से आने-जाने वाले वाहनों के लिए रोक दिया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि देर शाम को किसानों की सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होना तय है, अगर उसमें समाधान निकल जाता है, तो किसी प्रकार की नौबत नहीं आयेगी। किसानों की गिरफ्तारी को लेकर पूछे गए सवाल पर पुलिस आयुक्त ने बताया कि अभी तक जिले में किसी भी किसान नेता व आंदोलन करने वाले संगठनों के पदाधिकारियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

**दिल्ली से पानीपत की तरफ : हलदाना बॉर्डर से आगे मार्ग अवरूद्ध होने पर यह रहेगा रूट**

= दिल्ली से मुरथल होते हुए गन्नौर चौक, गन्नौर के नमस्ते चौक से गांव गुमड़, कैलाना, खानपुर से गोहाना होते हुए पानीपत।

= दिल्ली से मुरथल बाईपास नेशनल हाईवे-352ए से सोनीपत गोहाना बाईपास, गांव बड़वासनी, गांव मोहाना से गोहाना होते पानीपत

पानीपत से दिल्ली की तरफ जाने के लिए : कुंडली-सिंघु बॉर्डर अवरुद्ध होने पर

= नेशनल हाईवे (एनएच)-44 से मुरथल बाईपास, सोनीपत गोहाना बाईपास, गांव बड़वासनी नहर मार्ग से, गांव महलाना, गांव रोहट, एनएच-344 पी, बवाना दिल्ली

= एनएच-44 से बीसवां मील चौक, गांव जठेड़ी, बारोटा चौकी, गांव बारोटा, सफियाबाद बॉर्डर दिल्ली

= एनएच-44 से बीसवां मील चौक, गांव जठेड़ी, बारोटा चौकी, गांव छतहेरा, नाहरी लामपुर बॉर्डर से होते हुए दिल्ली

= एनएच-44 से नाथूपुर मोड़, गांव सबौली, आईटीबीपी कैंप सबौली से नरेला दिल्ली

= एनएच-44 केएमपी से गांव पिपली टोल, गांव सैदपुर औचंदी बॉर्डर दिल्ली

= एनएच-44 केजीपी से गांव खेकड़ा, लोनी बॉर्डर से दिल्ली

= एनएच-44 पर थाना कुंडली के सामने से गांव सिंघु स्टेडियम, गांव जांटी, दहिसरा एमसीडी टोल से दिल्ली।

हाईवे पर आवागमन से बचने की सलाह-

पुलिस उपायुक्त यातायात मनवीर सिंह 13 फरवरी को लोगों से दिल्ली से पंजाब व पंजाब से दिल्ली मार्ग पर आवश्यकता होने पर ही यात्रा करने की सलाह दी है। साथ ही किसी तरह की समस्या आने पर तुरंत डायल-112 पर मदद ली जा सकती है।

# प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री को भारी मतों से विजयी बनाएगीः योगेंद्र शर्मा

## प्रदेश महामंत्री भाजयुमो योगेश जठेड़ी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने भव्य स्वागत किया



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**भाजपा के** जिला कार्यलय में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो योगेंद्र शर्मा का सोनीपत युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश महामंत्री भाजयुमो योगेश जठेड़ी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव 2019में सोनीपत व रोहतक की जनता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा व दीपेन्द्र हुड्डा का हराने का काम किया। अब की बार फिर प्रदेश की जनता 10 लोकसभा सीटों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम करेगी। उन्होंने भाजयुमों के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीब वर्ग के कल्याण के लिए बनाई गई नीतियों को गांव- गांव जाकर अवगत कराएं ताकि गरीब आदमी को जनहित की नीतियों का लाभ मिल सके। जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र का सोनीपत आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही केवल एकमात्र ऐसी पार्टी है जो परिवारवाद से ऊपर उठकर एक सामान्य कार्यकर्ता के कार्य को पहचान कर उसको सर्वोच्च पद पर ले जा सकती है। अपने सोनीपत प्रवास के दौरान योगेंद्र शर्मा ने योगेश जठेडी के आवास , साहिल ग्रोवर के आवास गांव बैयापुर में, देवेंद्र सरोहा के गांव रोहट में , परविंदर फौजी खरखौदा में, संदीप राणा ओमेक्स सिटी में, राहुल शर्मा गांव महारा में विकास के निवास स्थान पर पहुंचकर बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अधिक से अधिक वोटो से जीत दिलाकर तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की।

## जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल, गन्नौर के विद्यार्थियों ने लहराया सीए फाउंडेशन मे परचम



**गन्नौर। गढ़ी** झंझारा रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने गत दिनो घोषित किए गए सीए फाउंडेशन के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने बताया कि आर्यन रोहिल्ला ,तमन्ना, सुरभि जैन व अमन पांडे ने फाउंडेशन की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल की। उन्होंने गर्व महसूस करते हुए बताया कि स्कूल के विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट, सीए,सीएस व न्यायाधीश बनकर देश व विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

विद्यालय में समय-समय पर एडवांस एफिशिएंसी टेस्ट लिया जाता है जिससे बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्लेटफार्म मिलता है तथा समय-समय पर अध्यापकों द्वारा करियर काउंसलिंग भी की जाती है। इस शानदार सफलता के लिए प्रधानाचार्य ने विद्यालय के स्टाफ, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को भी आगे आने के लिए प्रेरित किया।

## कमेटी के जिला संयोजक ने किया ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष का स्वागत

**राई।** अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी के जिला संयोजक एवं भाजपा नेता पुनीत राई के कार्यालय में मंगलवार को ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद बैरागी का सम्मान किया गया। नवनियुक्त ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद बैरागी ने कहा कि वे अपनी नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो सम्मान दियाा है। वे ओबीसी मोर्चा में पार्टी की मजबूती के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे और लोगों को पार्टी से जोड़ेगे। भाजपा नेता पुनीत राई ने कहा कि नवनियुक्त ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद बैरागी पार्टी के प्रति समर्पित, निष्ठावान व मेहनती है।

# सामान के रुपये मांगना दुकानदार को पड़ा मंहगा, युवकों पर मारपीट व जाति सूचक शब्द कहने का आरोप

## पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
सदर थाना क्षेत्र के गांव रोहट के पास दुकान पर सामान लेकर रुपये न देने व दुकान सहित उसके भाई को पीट-पीटकर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपितों ने मारपीट के दौरान गाली-गलौच व जाति सूचक शब्द कहे। उसे हजारों रुपये की राशि छीनकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव थाना खुर्द निवासी मुकेश ने बताया कि वह गांव रोहट में सीएनजी पंप के साथ किरयाणा स्टोर की दुकान चलाता है। उसका भाई राहुल दुकान के बाहर रेहड़ी लगाता है। गत 10 फरवरी को देर शाम करीब 8.30 बजे दोनों दुकान पर मौजूद थी। उसी दौघ्रान गांव के उमेश व सोमा सहित दो अन्य व्यक्ति दुकान पर आए। उन्होंने दुकान को काफी सामान लिया। उसके भाई राहुल की रेहड़ी से आमलेट, अंडे लेकर चलने लगे। जब सामान के रुपये मांग तो उन्हें आरोपित जाति सूचक शब्दों के साथ गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर दोनों को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। उसी दौरान उसकी जेब से 5300 रुपये छीन लिए।

उसके उनके मोबाइल फोन छीनकर फेंक दिए। घायल करने के बाद दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर डायल-112 पर सूचना दी। उसके बाद अपने पिता को अवगत करवाया। परिजनों के आने पर नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे। जहां चिक्तिसक ने उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। पीड़ित ने बताया कि पहले भी आरोपित कई बार सामान लेकर गए है, लेकिन रुपये नहीं देते है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सिलेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## 250 पुलिस कर्मी व सेना के 200 जवानों की हुई तैनाती



**गन्नौरः किसान** संगठन अपनी मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली कूच के लिए निकल दिए हैं। ऐसे में किसानों को सोनीपत की सीमा में प्रवेश करने से रोकने के लिए समालखा के पट्टी कल्याणा के पास पानीपत व सोनीपत प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कड़े इंतजाम कर दिए गए हैं। किसान आगे न बढ़ पाएं इसके लिए सुरक्षा बल की तैनाती कर दी गई है। सोनीपत पुलिस के 250 पुलिस कर्मी पट्टी कल्याणा में तैनात हैं। वहीं सेना के 200 जवान की भी तैनाती कर दी गई है। किसानों को रोकने के लिए भारी पत्थरों, कंटीले तारों व कंटेनरों भी मंगवा कर रखवा दिए गए हैं। कंटेनरों में मिट्टी से भरे कट्टे भरे जा रहे हैं, ताकि किसान उन्हें हटा न सकें।

**- वज्र वाहन व वाटर कैनन भी मंगवाए**

किसानों द्वारा यदि जबरदस्ती बैरियर तोड़ने की कोशिश की जाती है तो ऐसी परिस्थितियों में किसानों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागने के लिए वज्र वाहन भी मंगवाया गया है।

# रिश्ता पक्का होने पर मंगेतर ने बात नहीं की तो युवक हुआ मानसिक रूप से परेशान

## खाना-पीना छोड़ने के बाद फंदे से लटकर कर ली जीवन लीला समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र में किराए पर रह रहे युवक ने मानसिक परेशानी के चलते फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी मिली कि उसका रिश्ता हो गया था। गत पांच दिनों से उसकी मंगेतर उससे बातचीत नहीं कर रही थी। जिसके चलते वह मानसिक परेशान रहने लगा। उसने फंदे से लटकर अपनी जीवलीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। यूपी निवासी संजीव ने बताया कि उसका भाई सूरज (21) कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनी में काम करता था। वह लांडा कॉलोनी में किराए के कमरे पर रहता था। परिजनों ने उसका रिश्ता पक्का कर दिया था। उसकी आगामी 29 फरवरी को शादी होने वाली थी। संजीव ने बताया कि वह उसके फोन से अपनी मंगेत्तर से बातचीत करता था। करीब पांच से छह दिनों से उसकी मंगेत्तर उससे बातचीत नहीं कर रही थी। जिसके चलते वह मानसिक परेशान रहने लगा। ৮

## अधिवक्ता को फोन पर पुलिस कर्मी बताकर की जा रही कॉल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला न्यायालय** में अधिवक्ता को फोन पर पुलिस कर्मी बनकर बार-बार कॉल करके परेशान करने का मामला सामने आया है। अधिवक्ता ने मामले को लेकर शहर थाना के अंतगर्त कोर्ट काम्लेक्स चोरी में शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। पुलिस कॉलर का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि आरोपित को काबू किया जा सके।

जिला न्यायालय में चैंबर नंबर-604 के अधिवक्ता देवेंद्र गौतम ने बताया कि गत 6 फरवरी को एक मोबाइल नंबर से उसके पास बार-बार कॉल आ रही है। कॉलर खुद को पुलिस कर्मचारी बता रहा है। उसने बार-बार थाने में बुलाया जा रहा है। थाने में जानकारी होने के कारण उसने पुलिस कर्मचारियों से संपर्क करके नंबर की जांच करवाई। पुलिस की तरफ से ऐसा नंबर किसी पुलिस कर्मचारी का न होने की जानकारी दी।

# जिला क्षेत्र में पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

**किसान आंदोलन**

**8 बेरिकेडिंग, कंटीले तार, लोहे व पत्थर के बेरिकेड के साथ सीमेंट के बैग भी रखवा दिए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**दिल्ली पुलिस** ने किसानों को रोकने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सोनीपत-दिल्ली की सीमा पर स्थित कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर संपर्क मार्ग को छह लेयर की बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया है। दिल्ली को आवागमन सिर्फ फ्लाईओवर के ऊपर से हो रहा है। फ्लाईओवर के ऊपर भी महज दो लेन से वाहनों को निकाला जा रहा है। अन्य लेन पर खाली कंटेनर, पत्थर व लोहे के बैरिकेड तथा कंटीले तार रखे गए हैं। दिल्ली पुलिस ने कुंडली की सीमा में संपर्क मार्ग को बंद कर दिया है। वहीं फ्लाईओवर पर दो लेन से आवागमन व व्यावसायिक टोल कर्मियों के टोल लेने को खड़े होने से जाम की स्थिति बन रही है। एसकेएम (गैर राजनीतिक) ने दिल्ली कूच को 'किसान आंदोलन-2' का नाम दिया है। इस कूच में हरियाणा से सात, पंजाब के 10 व हिमाचल प्रदेश से एक संगठन समेत 18 किसान संगठनों के शामिल होने की बात कही जा रही है। कुंडली बॉर्डर क्षेत्र के लोगों की मुसीबत फिर से बढ़ना शुरू हो गया है। कुंडली-सिंघु सीमा पर संपर्क मार्ग पूरी बंद कर दिया गया है। फ्लाईओवर के ऊपर से वाहनों को भेजा जा रहा है। सोनीपत के कुंडली से दिल्ली के गांव सिंघोला तक फ्लाईओवर बना दिया गया है। ऐसे में दिल्ली की सीमा में करीब ढाई किलोमीटर अंदर भी किसानों को रोकने के व्यापक प्रबंध है। गांव सिंघोला के पास दिल्ली पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने फिर से बेरिकेडिंग, कंटीले तार, लोहे व पत्थर के बेरिकेड के साथ सीमेंट के बैग भी रखवा दिए हैं। क्रेन भारी पत्थर लाकर रख रही है। क्रेन व कंटेनर भी लाकर रखे गए है।

कुंडली बॉर्डर पर वाटर कैनन, आंसू गैस के गोले से लेकर हर तैयारी

## अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी की जिला एवं विधानसभा स्तर की नियुक्तियां

**राई। अभिनंदन** प्रस्तावना कमेटी की जिला एवं विधानसभा स्तर की नियुक्तियां भाजपा जिलाध्यक्ष जसवीर दोदवा की सहमति से अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी के जिला संयोजक पुनीत त्यागी द्वारा की गई। जिला संयोजक पुनीत त्यागी ने बताया कि जिला सह संयोजक तरुण देवीदास, अरुण बडोक, सोनीपत विधानसभा संयोजक सुरेंद्र मदान निगम पार्षद, गन्नौर विधानसभा संयोजक विकास त्यागी मंडल अध्यक्ष ,खरखौदा विधानसभा संयोजक सतपाल दहिया, गोहाना विधानसभा संयोजक संदीप कौशिक, बरोदा विधानसभा संयोजक ओमवीर वत्स, राई विधानसभा संयोजक प्रदीप आँतिल को बनाया है।

# मिशन चौक सहित रोहतक रोड पर कई दिनों में चोरी की वारदातें

## चोरी दुकानों से सीसीटीवी की डीवीआर तक ले गए उखाड़, पुलिस ने मौके का मुआयना कर किया मुकदमा दर्ज

**रोष**

**8 सोमवार रात को हुई चोरों की वारदातों से दुकानदारों में रोष-बढ़ता जा रहा है।**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहर** के अंदर चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। चोरों ने शहर के मिशन चौक व रोहतक रोड स्थित कई दिनों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित दुकानदारों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर थाना पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

दुकानदार मुकेश कुमार ने बताया कि उसने किरयाणा स्टोर मिशन चौक के पास कर रखा है। रविवार को दुकान के बंद करके घर चला गया। सुबह सूचना मिली कि दुकान पर चोरी हुई है। दुकान पर पहुंचकर देखा तो दुकान का शट्र टूटा हुआ पाया गया। दुकान के पास दूसरी दुकान पर भी सामान गायब मिला। वहीं दुकानदार सुरेश हलवाई ने बताया कि चोरों ने दुकान और दो गोदामों का शटर उखाड़ दिया और गल्ले में रखी नगद राशि तथा सामान भी चोरी कर ले गए। इसके बाद चोरों ने साथ लगती किरयाने की दूकान को भी निशाना बनाया। दुकान मालिक अरुण गर्ग ने बताया कि चोर शटर तोड़कर चॉकलेट के डिब्बे उठा कर ले गए। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि चोरों का कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। शहर में चोरी की वारदातें आम हो चुकी है। चोर मंदिरों, शिक्षण संस्थानों सहित घरों व दुकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने में गुरजे नहीं कर रहे है। चोरी की वारदात के दौरान चोर बचने के लिए दुकानों पर अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ने के साथ-साथ उनकी डीवीआर को भी चोरी करके ले जाते है। ताकि पुलिस सीसीटीवी की मदद से उनकी पहचान करना चाहे तो पुलिस को कुछ न मिल सके।

चोरी की वारदातों से दुकानों में रोष, पहले भी कर चुके है रोष-प्रदर्शन-

शहर के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चोर दुकानों को निशाना बना रहे है। गत दिनों पहले चोरी की वारदातों से परेशान दुकानदारों ने रोष-प्रदर्शन कर पुलिस की गश्त बढ़ाने की अपील की थी। सोमवार रात को हुई चोरों की वारदातों से दुकानदारों में रोष-बढ़ता जा रहा है।

# भोगीपूर पावर हाऊस के उपभोक्ताओं को परेशानी से मिलेगी निजात



**स्थाई समाधान**

**8 पावर हाऊस में मुरथल पावर हाऊस से भोगीपूर पावह हाऊस में 133 केवी की बिजली आपूर्ति लाईन पहुंचाई गई**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**भोगीपूर पावर** हाऊस की बिजली आपूर्ति को दुरूस्त करने के लिए बिजली विभाग द्वारा 133 केवी बिजली आपूर्ति लाईन को रेलवे लाईन क्रासिंग के लिए बिजली विभाग द्वारा दुसरी कार्य शुरू कर दिया है। इसके दबाने से बरसात के समय रेलवे लाईन क्रासिंग के लिए पहले से दबाई गई बिजली आपूर्ति लाईन के बक्शे के फटने के बाद पावह हाऊस की बिजली आपूर्ति कई- घंटे के लिए बंद नही होगी। अगर बक्शा फट भी जाता है तो तुरन्त हाल में रेलवे लाईन क्रासिंग कर दबाई जा रही 133 के वी आपूर्ति लाईन से पावह हाऊस की सप्लाई जोड़कर ग्रामीणों की समस्या का तुरन्त समाधान कर दिया जाएगा। ग्रामीण त्रिलोकचंद ने बताया कि राजलू गढ़ी में बड़े पुल के पास से पावर हाऊस में मुरथल पावर हाऊस से भोगीपूर पावह हाऊस में 133 केवी की बिजली आपूर्ति लाईन पहुंचाई गई है। जहां से रेलवे लाईन के नीचे से आपूर्ति लाईन को क्रास करवाया गया है। वहां पर बरसात का पानी भरने के कारण बक्शे को ठीक करना मुश्किल हो जाता था। जब भी पावर हाऊस की बिजली आपूर्ति बंद हो जाती थी तो बरसात के समय भरे पानी के अन्दर घुसकर ही कर्मचारी लाईन ठीक करते थे। जिस कारण भोगीपूर पावर हाऊस से जुड़े गांव अगवानपुर, राजलू गढ़ी, भोगीपूर, उदेशीपुर गांव की बिजली आपूर्ति कई- कई बंद रह जाती थी।

**एक्सईन कौशिक ने करवाया स्थाई समाधान, जताया आभार**

ग्रामीणों ने बताया कि वे इस समस्या से पिछल्ले कई सालों से परेशान थे। हर साल गर्मी व बरसात के मौसम में उन्हें दिक्कत आती थी। जब ग्रामीणों ने उक्त समस्या को लेकर सड़क पर जाम भी लगा दिए तो उस दौरान बिजली विभाग के एक्सईन अश्वनी कौशिक ने दौरा किया और स्थाई समाधान के लिए बड़ा कदम उठाते हुए रेलवे लाईन के नीचे से दुसरी 133 केवी बिजली आपूर्ति लाईन दबाने के आदेश दिए। अब बिजली विभाग द्वारा गर्मी व बरसात के मौसम से पहले ही स्थाई समाधान के लिए काम शुरू कर दिया है।

**पावर हाऊस की सप्लाई बक्शे फटने से नही होगी बंद :** एक्सईन - बिजली विभाग के एक्सईन अश्वनी कौशिक ने बताया कि विभाग द्वारा ग्रामीणों व पावह हाऊस की बिजली आपूर्ति में कोई दिक्कत न हो। इसके लिए 133 केवी बिजली आपूर्ति लाईन से बिजली चालू करने का दुसरा आप्शन का रास्ता निकाल दिया है।

# हिन्दू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक महोत्सव आयोजित किया



**समालखा (कुलदीप सिंह )**
हिन्दू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वजीर पुर टिटाना में वार्षिक महोत्सव आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथी हल्का समालखा के एम एल ए धर्म सिंह छोक्कर एवं हल्का इसराना के एम एल ए बलबीर वाल्मिकी. को वरिष्ठ अतिथि के रूप समारोह में राकेश सरोहा, कपूरी राम कॉलेज के चैयरमैन पवन रमन जयभगवान खटके भी सम्मिलित हुए। इस समारोह में पिछले वर्ष के दसवी व बारहवी के छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया । दसवी कक्षा की छात्रा कीर्ति ने 500 में से 488, मुस्कान ने, 461, समीक्षा ने 453, परी, वंशिका, ईशु, ईशा व आशा ने अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। बारहवीं कक्षा के छात्र वाशु, खुशी, निधि व योगेश ने व योगेश ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इन छात्रों को इनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आस-पास के गाँव के लोगो ने कार्यक्रम में साम्मलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# महिलाओं को हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए: कविता

## मुसीबत की घड़ी में सीखा हुआ काम परिवार का सहारा बन सकता है, इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा है कि महिलाओं को छोटे-छोटे हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि मुसीबत की घड़ी में सीखा हुआ काम परिवार का सहारा बन सकता है, इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा जो उन्हें सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने में सहायक होगा।

कविता जैन मंगलवार को गोपीनाथ मंदिर, गढ़ी घसीटा में साथी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे मुफ्त सिलाई एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले चुकी 200 से ज्यादा महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं सिलाई, ब्यूटीपार्लर की किट वितरित कर रही थी। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण केंद्रों में अब तक 800 से ज्यादा महिलाओं को



प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जो या तो नौकरी कर रही है, या फिर अपना काम शुरू कर चुकी है।

फाऊंडेशन के चेयरमैन राजीव जैन ने कहा कि महिलाओं में इन केंद्रों के माध्यम से आत्मविश्वास पैदा किया जा रहा है ताकि वह किसी भी क्षेत्र में पीछे न रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला 8 से 10 घंटे की ड्यूटी वाली नौकरी नहीं कर सकती, इसलिए उनके लिए पार्ट टाइम कार्य शुरू करने की भावना को अंजाम दिया जा रहा है उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि अपना निजी व्यवसाय शुरू करने वाली महिलाओं को बिना ब्याज के ऋण दिलवाने की व्यवस्था भी की जाती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा एवं लोकसभा में महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण होने से उनके लिए आगे बढ़ने के रास्ते खुलते जा रहे हैं।

कार्यक्रम में प्रीति, सोनिया, रितु, चित्रा, सोनी, पुष्प, सुदेश, अरुणा, रुपाली, मंजू, अंजलि, वंदना, रूबी, रीना, आरती, रेनू, ममता, बबिता, राजरानी, रुचिका, पूजा, मेनका, ऋतिक, खुसबू, अंजलि एवं अन्य महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सारिका कालरा, कार्यकर्ता राजकुमार शर्मा, अशोक कुमार, नीरज सोनी, राजेंद्र शर्मा, हिमांशु, भगवान दास शर्मा, जय प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्राओं का विदाई कार्यक्रम हुआ

**शुभकामनाएं**

8 स्कूली शिक्षा पूर्ण करने उपरांत आप जीवन मे सफल कैरियर बनाएं। हर क्षेत्र में कठोर परिश्रम करें



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** झांसा रोड श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विधालय के प्रांगण मे बारहवीं कक्षा की छात्राओं के विदाई अवसर पर आशीर्वाद समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय प्राचार्य भजन राठोर ने की। राठोर ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें अच्छे अंक प्राप्त करने का आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा पूर्ण करने उपरांत आप जीवन मे सफल कैरियर बनाएं। हर क्षेत्र में कठोर परिश्रम करें। परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। माता पिता व बड़ों का सम्मान करें। सफल होने पर समाज सेवा में यथाशक्ति योगदान दें। प्राचार्य राठोर ने बच्चों को सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों के सम्मान के साथ साथ जीवन में आत्म संयम व अनुशासन की सीख भी दी।कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों ने बारहवीं के सभी बच्चों को सुंदर उपहार दिए। बारहवीं कक्षा के बच्चों ने विधालय की अध्यापिकाओं को माइक्रो ओवन भेंट किया। फोटो शूट हुआ। अन्त में, सभी बच्चों, अध्यापिकाओं व स्टाफ ने लजीज खाने का आनंद लिया।इस अवसर पर उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, रीटा योगी, डा. संतोष शर्मा, रेखा धीमान, सरिता शर्मा, कुसुम शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी,अनु पाहवा, अनिता, सुमन धीमान, तमन्ना , मनप्रीत वर्मा, ज्योति रानी, मोनिका माटा, अनूप शर्मा, आलिषा अरोडा, चांदनी चड्डा ,सीमा रानी, मधु शर्मा व महेंद्र सैनी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# दीप्ति मिस फेयरवेल, सुजल चुने गए मिस्टर फेयरवेल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर के नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को समारोहपूर्वक विदाई दी । विदाई समारोह में जूनियर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इस दौरान दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को अलग-अलग टाइटल से नवाजा गया। दीप्ति को मिस फेयरवेल एवं सुजल को मिस्टर फेयरवेल चुन लिया गया। सना को फोटोजेनिक, प्रियांश को द टाइटन ऑफ टुमॉरो व रौनक को मिस्टर अमेजिंग के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण सुझाव एवं आशीर्वाद दिया। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की दिशा और दशा को भी तय करती है। विद्यार्थी जीवन में जो किशोर व युवा अनुशासन में रहकर शिक्षा को प्राप्त करता है, वो अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल करते हैं । विद्यार्थियों को अपने कैरियर को लेकर हमेशा सजग रहना चाहिए और उसकी सही दिशा में तैयारी भी करनी चाहिए । उन्होंने दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । सीईओ संजय जैन ने छात्र-छात्राओं को कैरियर निर्माण संबंधी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के बाद कक्षा ग्यारहवीं में दाखिले के समय विषयों का चयन सावधानी पूर्वक करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में समय का बहुत बड़ा महत्व होता है । विद्यार्थियों को इस बात को सदैव ध्यान में रखना चाहिए । प्राचार्या रिचा चावला ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करें। इससे पहले समारोह में नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का तिलक कर हार्दिक स्वागत किया । जूनियर छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत की धुनों पर रंगारंग प्रस्तुति दी ।इस मौके पर म्यूजिकल चेयर गेम में विदांत व मानव और पास टू पास गेम्स में हिमांशी व दिशा ने पुरस्कार जीता।

# आशादीप मार्डन कांवेंट स्कूल में मनाया मातृ पितृ पूजन दिवस

**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**समालखा** नगर पालिका की पार्षद एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्षा रेनू धीमान ने कहा कि बच्चों के लिए माता-पिता से बढ़कर कोई प्रेरणा स्त्रोत नहीं हो सकता। इसलिए बच्चों को मां बाप को ही अपना आइडल बनाकर उनसे मिले संस्कारों को जीवन में अपनाना चाहिए। पार्षद रेनू धीमान जौरासी रोड स्थित आशादीप मॉडर्न कान्वेंट स्कूल द्वारा आयोजित मातृ-पितृ पूजन दिवस समारोह में बोल रही थी इस मौके पर पार्षद अपनी स्वर्गीय मां को याद कर भावुक हो गईं और उन्होंने कहा कि नारी



सशक्तिकरण के लिए काम करने से की प्रेरणा उन्हें मां से मिली। तारा एंक्लेव कालौनी के प्रधान नरेश जौरासी ने पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को खेलने कूदने की आजादी देने की वकालत करते हुए अभिभावकों को बच्चों की रूचि अनुसार ही आगे बढ़ने की प्रेरणा दे। इसी तरह विशिष्ट अतिथि रवि जैन ने संस्कृति व संस्कारों को ही असली पूंजी बताते हुए बच्चों को माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उनकी सेवा करने का आह्वान किया।

**सम्मान**

8 पहले बच्चों को भारतीय सांस्कृतिक मूल्य एवं संस्कार देने के लिए मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया

इससे पहले बच्चों को भारतीय सांस्कृतिक मूल्य एवं संस्कार देने के लिए मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने पूजा की थाली सजाकर माता-पिता को तिलक लगाया व पुष्प माला अर्पित की और उनका मुंह मीठा करवाकर पूजन किया। माता-पिता ने भी बच्चों को हृदय से लगाकर आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर स्कूल के नन्हें छात्र छात्राओं ने ह्राराम आएंगेह्ल व ह्राराधा -कृष्णह्ल के गीतों की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

इस मौके पर स्कूल संचालक डॉह्ल देवेंद्र आर्य व नीरज आर्य,प्रधानाचार्य सुदेश गर्ग,मुख्य प्रबंधक नरेश गहल्याण, अध्यापक व अध्यापिका अमित, सचिन ,ज्योति शर्मा ,सावन , स्वीटी शर्मा, सुभाष रमन,नरेश जोरासी, राजेश अग्रवाल, नरेंद्र जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

# शिलान्यास कार्यक्रम का किया जाएगा लाईव प्रसारण

**सोनीपत: उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 16 फरवरी को रेवाड़ी में बनने वाले एम्स अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम का जिला की सभी विधानसभाओं का ऑनलाइन लाईव प्रसारण किया जाएगा, जिसके लेकर जिला की सभी 06 विधानसभाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। उपायुक्त ने बताया कि सोनीपत विधानसभा के लिए नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, गोहाना विधानसभा के लिए एसडीएम गोहाना विवेक आर्या, राई विधानसभा के लिए एसडीएम सोनीपत अमित कुमार तथा बरोदा विधानसभा के लिए सीईओ जिला परिषद डॉ० सुशील मलिक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

# प्राकृतिक घटना के पीछे का कारण विज्ञान है: डॉ. ऋषि

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर के कल्पना चावला राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, अम्बाला शहर के व्याख्याता डॉ. ऋषि पाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजोखेड़ी, ब्लॉक-बरारा की 9वीं और 10वीं कक्षा की छात्राओं को हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व पर व्याख्यान दिया। डॉ. ऋषि पाल ने विभिन्न प्रकार की विज्ञान घटनाओं के आधार पर विभिन्न विज्ञान प्रयोगों का प्रदर्शन किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि किसी भी



वस्तु के बारे में जानकारी ग्रहण करना और जानकारी को सही तरीकों से लागू करना एवं किसी भी वस्तु का सही अवलोकन करना एवं उसका विश्लेषण करना ही विज्ञान है। 'वि' का अर्थ है विकास करना और विज्ञान का अर्थ हुआ विकास करने वाला ज्ञान। शिक्षा से ज्ञान और ज्ञान से विज्ञान तब विज्ञान से विकास होता है।

**जानकारी**

8 व' का अर्थ है विकास करना और विज्ञान का अर्थ हुआ विकास करने वाला ज्ञान'

# जेनिसिस में सफल बच्चों संग मनाया सफलता का जश्न



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस।** देश में इंजीनिरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस का परिणाम घोषित होने के साथ ही करनाल में खुशी की लहर दोड़ गई। करनाल ही नहीं देश और प्रदेश में प्रतिष्ठत और भरोसेमंद कोचिंग शिक्षण संस्थान जेनिसिस क्लासिस के 200 से अधिक बच्चों ने जेईई-मेंस क्वालिफाई किया। वहीं 22 बच्चों ने 99 पेरसेंटाइल से अधिक तथा 50 विद्यार्थयों ने 98 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए।

जेनिसिस के अमित सिंह ने 100 परसेंटाईल मैथ्स में, टोटल 99.9 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर करनाल का नाम रोशन किया। वहीं पर 98 से अधिक अंक पाने वालों की संख्या भी काफी अधिक रही। इस खुशी को सैक्टर-6 मार्किट में जेनिसिस परिसर में नाच गाकर मनाया गया। इस खुशी को

**सफलता**

8 22 बच्चों ने 99 पेरसेंटाइल से अधिक तथा 50 विद्यार्थयों ने 98 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए

जेनिसिस क्लासिस के डायरेक्टर जितेंद्र सिंह अहलावत तथा नवनीत कल्हण ने विद्यार्थियों की मेहनत और जेनिसिस स्टॉफ की लग्न और सतत मार्गदर्शन को समर्पित किया। वहीं अभिभावकों ने कहा कि जेनिसिस का जवाब नहीं। वहीं बच्चों ने कहा कि इस सफलता के असली हकदार जेनिसिस क्लासिस के टीचर्स और स्टॉफ है, जिन्होंने कभी मायूस नहीं होने दिया। पिछले 15 साल पहले जेनिसिस ही नहीं करनाल और हरियाणा में गिनती के बच्चें मेडिकल कॉलेज और इंजीनियिर कॉलेजों में प्रवेश ले पाते थे।

# 'जिला परिषद के विकास कार्यों में नहीं आने दी जाएगी किसी प्रकार की कमी'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि जिला परिषद के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। जिला परिषद के अंतर्गत आने वाले जिला परिषद के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा इन विकास कार्यों की निर्माण सामग्री की चैकिंग भी की जा रही है।जिला परिषद की चेयरमैन कवंलजीत कौर मंगलवार को पंचायत भवन में जिला परिषद की 120वीं बैठक को संबोधित कर रही थी। बैठक में सबसे पहले अयोध्या में भव्य राम मंदिर और भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापन हेतु प्रस्ताव पारित



किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में करीब 4 करोड़ का बजट पास किया गया, इस बजट में राजकीय प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में बच्चों के लिए कंप्यूटर, प्रिंटर, माइक सिस्टम देने बारे प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा गांवों में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ई-रिक्शा देने बारे प्रस्ताव पारित किया गया।जिप चेयरमैन ने कहा कि इस बजट में हर पंचायत के लिए लेक्चर स्टैंड और कुर्सियां देने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने पार्षदों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करें तथा उन कार्यों में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता को भी चैक करे। उन्होंने पार्षदों को कहा कि अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को ओर तेज करवाएं। जिप चेयरमैन ने सभी सदस्यों से एक-एक करके बातचीत की और उनकी समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि तय समय सीमा के अंदर ही कार्य को पूरा करें और उसकी रिपोर्ट जिप कार्यालय में भी भेजे। स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बढ़ावा देने के लिए तथा पंचायत में सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए मूलभूत सुविधाओं के लिए इस बजट में प्रावधान किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सभी पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने कुछ विकास कार्य बताए थे, उन विकास कार्यों के लिए भी इस बजट में प्रावधान किया गया है।जिला परिषद कुरुक्षेत्र के सीईओ अशोक कुमार मुंजाल ने कहा कि 138 विकास कार्यों के वर्क आर्डर जारी किए जा चुके है।

# 'रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा ऋण'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो, को बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशुपालन, किराना दुकान, मनिहारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि निगम द्वारा कुल लागत का 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 हजार रुपये तक का अनुदान व 10 प्रतिशत मार्जिन मनी 4 प्रतिशत वार्षिक व्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा बकाया ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है।

# जीएसटी बिल पोर्टल पर अपलोड कर जीतें 10 हजार से एक करोड़ का इनाम: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि यदि आप अपने रोजमर्रा की जरूरतों के लिए खरीदे गए सामान के बिल के माध्यम से इनाम जीतना चाहते हैं तो सरकार की ओर से लागू की गई ह्यमेरा बिल-मेरा अधिकारह्ल योजना के तहत 200 रुपए या इससे अधिक का जीएसटी बिल पोर्टल पर अपलोड कर एक करोड़ रुपए का इनाम जीत सकते हैं। योजना का उद्देश्य टैक्स चोरी को रोकना और आम लोगों को जीएसटी बिल लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। उपायुक्त ने उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि वे दुकानदार से खरीदे गए सामान का बिल अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने व्यापारियों से भी आह्वान किया कि वे ग्राहकों को बिल अवश्य दें। उन्होंने बताया कि सरकार ने ग्राहकों को प्रोत्साहित करने और जीएसटी बिलों में बढ़ोतरी के लिए के लिए मेरा बिल मेरा अधिकार योजना लागू की है। इस योजना के तहत जीएसटी बिल अपलोड करने वाले नागरिकों को जीतने पर एक करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मेरा बिल मेरा-अधिकार योजना के तहत लोगों को एक करोड़ इनाम के साथ कई और ईनाम भी मिलेंगे। इस योजना में हर महीने सरकार 800 लोगों को चुनेगी। ये 800 लोग वे होंगे जो हर महीने अपना जीएसटी बिल अपलोड करेंगे। इन 800 लोगों को 10 हजार रुपये का ईनाम मिलेगा। इन 800 लोगों के अलावा सरकार द्वारा 10 ऐसे लोगों का चयन किया जाएगा जिन्हें इनाम स्वरूप 10 लाख रुपए की राशि मिलेगी। उन्होंने बताया कि एक करोड़ रुपये की राशि का लाभ 2 लोगों को मिलेगा।

**एक यूजर महीने में 25 बिल कर सकता है अपलोड:-** उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का लाभ केवल उन ही व्यापारियों को मिलेगा जो तिमाही आधार पर जीएसटी बिल अपलोड करेंगे। इसके लिए व्यापारियों को मेरा बिल मेरा अधिकार के एप पर अपना जीएसटी बिल अपलोड करना होगा।

# किडजी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी

## प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी तथा स्टाफ सदस्यों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
किडजी,किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक विद्यालय, सेक्टर -3 कुरुक्षेत्र में बड़ी धूमधाम से बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी तथा स्टाफ सदस्यों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया । इस अवसर पर एकेडमिक इंचार्ज मेघा, पी.आर.ओ कुमारी रुचिका, कोऑर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा व अन्य शिक्षक शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सभा का आयोजन किया गया। कक्षा प्ले ग्रूप से तीसरी कक्षा तक के बच्चों



ने पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को बसंत पंचमी के बारे में अवगत कराया।छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सातवीं तथा आठवीं कक्षा के छात्रों द्वारा रंग -बिरंगी पतंग उड़ाकर इस अवसर का मनाया गया। विद्यार्थियों ने नृत्य, सरस्वती वंदना, भाषण, बसंत महोत्सव गीत श्लोक उच्चारण कर समा बांधा।

कक्षा छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों की लिखित प्रतियोगिता भी हुई। कक्षा छठी में प्रथम स्थान जीना द्वितीय स्थान यूवी तथा तृतीय स्थान आरव ने प्राप्त किया।कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान वंशिका, द्वितीय स्थान मानवी तथा तृतीय स्थान गिन्नी ने प्राप्त किया।कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान निधि तथा मन्नत तथा द्वितीय स्थान सुशील ने प्राप्त किया।विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन ऋतुराज बसंत का आगमन माना जाता है। बसंत पंचमी हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है। जिसका मुख्य उद्देश्य मां सरस्वती के चरणों में विद्या का वरदान प्राप्त करना है। बसंत पंचमी का त्योहार ज्ञान की देवी सरस्वती को समर्पित है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार सरस्वती देवी कला, बुद्धि और ज्ञान के निरंतर प्रवाह का प्रतीक है। इस दिन वीणावादिनी, हंस पर विराजमान माता सरस्वती मनुष्य के जीवन में छाई अज्ञानता को मिटाकर उन्हें ज्ञान और बुद्धि का उपहार देकर उनका कल्याण करती है।

# डीसी ने किया शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यालय का औचक निरीक्षण

## आठ सफाई कर्मियों को चार्जशीट करने और दो कर्मचारियों की एक दिन की सैलरी काटने के भी दिए निर्देश

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**डीसी** वीरेंद्र कुमार दहिया ने मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे पानीपत के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यालय में औचक निरीक्षण किया। बदहाल सफाई व्यवस्था को देखकर डीसी ने न केवल अधिकारियों को खूब सुनाई बल्कि कार्यालय के अनुपस्थित दो असिस्टेंट कमलेश और बिजेंदर की एक दिन की सैलरी काटने के भी निर्देश दिए। यही नहीं उन्होंने शौचालय की बदहाल व्यवस्था को देख कार्यालय के सभी आठ सफाई कर्मचारियों को चार्ज शीट करने के भी निर्देश दिए।

डीसी ने बदहाल शौचालय की व्यवस्था और पड़ी हुई गंदगी के लिए उपस्थित अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि



कार्यालय में आठ सफाई कर्मचारी होते हुए भी सफाई व्यवस्था बदहाल है, पानी की टोंटियां टपक रही हैं। भविष्य में ऐसा नजर नहीं आना चाहिए उन्होंने अग्निशमन उपकरणों पर अंकित तिथि को भी चेक किया जो की ठीक थी।

डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि वे 15 मार्च के बाद दोबारा इस बिल्डिंग का औचक निरीक्षण करेंगे। तब तक बिल्डिंग पर पेंट करवाना, लटकी हुई तारों और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ सभी सीसीटीवी दोबारा चेक करवाएं कि सभी चालू हालत में हैं या नहीं। यही नहीं दीवारों पर चस्पा किए गए विभिन्न पोस्टर और कागजों को भी तुरंत प्रभाव से हटाए। उन्होंने कार्यालय में पड़ी पुरानी चीजों की नियम अनुसार बोली करवाने के भी

**सख्ती**

**8 कर्यालय में जो भी वाटर कूलर लगे हुए हैं उनका हेल्थ सर्टिफिकेट लेकर इन पर लगाया जाए**

निर्देश दिए और कहा कि इन्हें यहां से हटवाएं। उन्होंने कहा कि कार्यालय में जो भी वाटर कूलर लगे हुए हैं उनका हेल्थ सर्टिफिकेट लेकर इन पर लगाया जाए। उन्होंने रिकॉर्ड रूम की व्यवस्था भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। आगंतुकों के लिए बनाए गए कैबिन में 9 से 5 बजे तक बैठना सुनिश्चित करें।

डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि कार्यालय में जब भी आगुंतक आते हैं तो वे संबंधित कर्मचारियों से अपने काम के बारे में जानकारी लेते हैं इसलिए बनाए गए इंक्वारी कैबिन में 9 से 5 तक कर्मचारी बैठता सुनिश्चित करें और आगंतुको के साथ भद्रता के साथ पेश आएं।

इस दौरान उन्होंने कार्यालय के बेसमेंट का भी निरीक्षण किया और कहा कि यहां पर खड़े किए जाने वाले वाहनों में जो भी कंडम वाहन खड़े हैं उन्हें सही स्थान पर खड़े करवाएं और पार्किंग के लिए दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाएं। इस मौके पर डीटीपी प्रवीण चौहान और डीटीपी सुनील आंतिल के अलावा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारियों भी उपस्थित रहे।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एन.सी.सी गर्ल्स विंग द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय महिला दिवस

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के एन. सी. सी गर्ल्स विंग एवं महिला अध्ययन शोध केन्द्र द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में न्यू मिजार्पुर कॉलोनी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एन.सी. सी. कैडेट्स ने ग्रामीण महिलाओं एवं स्कूल की छात्राओं को पोस्टर प्रस्तुति के द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाई गई नारी सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता प्रो. अनिता दुआ, निदेशिका महिला अध्ययन शोध केन्द्र ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटी सिखाओ पर विशेष बल देते हुए, महिलाओ को अर्थिक रूप से मजबूत बनने को कहा।



एनसीसी. कार्य प्रभारी डॉ. ऋतु सैनी ने महिलाओं से विचार विमर्श के दौरान उन्हें इन योजनाओं से लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में महिला अध्ययन शोध केंद्र की उप निर्देशिका प्रो. वनिता ढींगरा, चेतना संस्थान की अध्यक्षा मीरा गौतम, प्रधानाचार्या अनिता सुखीजा, शिक्षकगण, ग्रामीण महिलाएं, छात्राएं और एन. सी. सी. कैडेट्स सहित 100 से अधिक दर्शक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियो को प्रशंसा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### नागरिक 10 वर्ष पूर्व बने आने आधार कार्ड डॉक्यूमेंट अपडेट करवाएं: उपायुक्त

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**उपायुक्त** डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में सभी नागरिकों को पिछले 10 वर्ष पहले बने आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपडेट करवाने होंगे। किसी भी प्रकार की परेशानी बचने के लिए जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करवा दें।

उपायुक्त ने जिला वासियों से आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड में आगामी 14 मार्च तक मुफ्त ऑनलाईन अपडेशन की सुविधा की है। यह सुविधा स्वयं ऑनलाईन आधार पोर्टल पर अपडेट करने पर ही मिलेगी जबकि किसी भी आधार केंद्र पर इस सेवा के लिए 50 रुपए की राशि देनी होगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन सेवा का लाभ अपने फोन में माई आधार ऐप के माध्यम से लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी नागरिक जिनके 10 साल पहले आधार कार्ड बने थे वे अवश्य अपने आधार कार्ड मे अपने दस्तावेज अपलोड करवा दें।

### आज बसंत पंचमी पर आयुष विभाग कुरूक्षेत्र द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. सुदेश जाटियान ने बताया कि 14 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर गुर्जर धर्मशाला कुरुक्षेत्र में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयुष विभाग के अनुभवी आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक विशेषज्ञों द्वारा रोगियों को निशुल्क चिकित्सा व परामर्श दिया जाएगा। शिविर के दौरान अनुभवी योग विशेषज्ञ द्वारा योग का अभ्यास भी करवाया जाएगा। निशुल्क चिकित्सा शिविर में मधुमेह, बीपी की जांच निशुल्क की जाएगी। इस प्रकार के शिविरों का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित होकर निशुल्क औषधि के साथ-साथ अनुभवी चिकित्सकों द्वारा बताए जा रहें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त करें।

### जबरन वसूली करने वाला आरोपी गिरफ्तार; वसूली के 1 लाख रुपए बरामद

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना** माडल टाउन की आठ मरला चौकी पुलिस ने पुलिस के साथ जान पहचान का भय दिखाकर राज नगर निवासी युवक से दर्ज अभियोग में सहायता करने के नाम पर जबरन 1 लाख रुपए की वसूली करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सतीश निवासी राज नगर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को रविवार देर रात राज नगर से गिरफ्तार किया। आठ मरला चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आठ मरला चौकी में राज नगर निवासी सुमित ने शिकायत देकर बताया था कि उसका भाई एक लड़की को लेकर भाग गया था। इस संबंध में थाना में अभियोग दर्ज होने पर उन्होंने दोनों की तलाश कर भाई को थाना में पेश कर दिया था। पड़ोस में रहने वाले सतीश को इस बात का पता चला तो उसने पुलिस के साथ अपनी अच्छी जान पहचान होने की बात कही। सतीश ने उसके भाई को छुड़ाने के लिए एक लाख रुपए देने के लिए कहा। सतीश ने दबाव बनाकर उसने 70 हजार रुपए खाते में डलवा लिए व 30 हजार रुपए कैश ले लिए। पैसे लेने के बाद सतीश किसी को इस बारे में बताने पर भाई को बड़े मुकदमें में फसवाने व जान से मारने की धमकी देने लगा।

सतीश ने दबाव बनाकर जबरन उनसे 1 लाख रुपए ले लिए। शिकायत पर थाना माडल टाउन में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामलें की जांच व आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सतीश के कब्जे से वसूली के 1 लाख रुपए बरामद कर पूछताछ के बाद सोमवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। पानीपत जिला पुलिस की आमजन से अपील अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का भय दिखाकर उनसे जबरन वसूली करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# विकसित भारत विकसित हरियाणा कार्यक्रम की सफलता को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

## कार्यक्रम में अहम भूमिका रहेगी परिवार पहचान पत्र व पेंशन विभाग की

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आगामी** 16 फरवरी को जिले की चारों विधान सभाओं में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न विभागों की बैठक उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में मंगलवार को दोपहर बाद जिला सचिवालय में सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंथन किया। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में कोई कोर कसर नहीं

**मंथन**

**8 बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंथन किया**

रहनी चाहिये। उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने बताया कि जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनता को दिखाया जायेगा।कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि का संबोधन भी रहेगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को आदेश दिए कि अधिकारी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करें। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई व पानी की विशेष करें। उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में यह कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित होना चाहिये। कार्यक्रम में सभी नए पैंशन लाभार्थियों की मौके पर ही पात्र लोगों की पैंशन बनवाने का काम भी संबंधित विभाग द्वारा किया जाएगा और हैल्थ चैकअप कैम्प भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान विभाग का स्टॉल भी लगाया जाएगा।

उपायुक्त ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिए चारों विधानसभाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# प्रदेश भर में कल्याणकारी योजनाएं क्रियांवित की गई

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां व पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेश भर में कल्याणकारी योजनाएं क्रियांवित की गई है। इन योजनाओं के तहत पात्रों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता (पेंशन) योजना के तहत 3 हजार रुपये, निराक्षित बच्चों को वित्तिय सहायता योजना के तहत 2100 ,दुलर्भ बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को वित्तिय सहायता योजना के तहत 3 हजार रुपये दिये जाते हैं।

विधवा एवं निराक्षित महिलाओं को वित्तिय सहायता योजना के तहत 3 हजार रुपये, राष्ट्दीय परिवार लाभ योजना (एनएफबीसी) के तहत 20 हजार रुपये एक मुश्त, लाडली सामाजिक योजना के तहत 3 हजार रुपये प्रति माह , किन्नर भत्ता योजना के तहत 3 हजार, दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 3 हजार रुपये प्रति माह दिये जाते हैं, कैंसर रोगियों के लिए वित्तिय सहायता योजना के तहत 3हजार रुपये, बौना भत्ता योजना के तहत 3 हजार प्रति माह, विदुर एवं अविवाहित की वित्तिय सहायता योजना के तहत 3 हजार और स्कूल ना जा सकने वाले 0 से 18 वर्ष तक के मंद बुद्धि बच्चों को वित्तिय सहायता योजना के तहत 24 सौ रुपये प्रति माह दिये जाते हैं।

# 'तार दिल के' हुआ रिलीज



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत नूरवाला** की हरिसिंह कालोनी निवासी युवा गायक शिवम पांचाल का गाना तार दिल के आज रिलीज हो गया। गाने को रिलीज पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा द्वारा अपने एल्डिगो स्थित निवास पर किया गया। विधायक महीपाल ढांडा ने गायक शिवम पांचाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के एक युवा को गायिकी के क्षेत्र में कदम रखते हुए देख उन्हें बेहद खुशी हो रही है। वह मां सरस्वती से प्रार्थना करते हैं कि शिवम पांचाल एक प्रसिद्ध गायक बने तथा पानीपत का नाम रोशन करे। बता दें कि दिल के तार गाने के लेखक,सिंगर व कम्पोजर शिवम पांचाल हैं। गाने में माडल हिमांशु यादव व श्वेता चौहान ने अभिनय किया है। जबकि संगीत दिया है वीआर म्युजिक ने तथा रिलीज किया है स्नोटैक वीडियो चैनल ने।

# सी आर कॉलेज में चलाया संपर्क अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**हम संगठन** की युवा शक्ति ने संपर्क अभियान के तहत सी आर कॉलेज में छात्रों से मुलाकात की। कॉलेज के पार्क में सैकड़ों छात्रों ने अभियान में हिस्सा लिया।

छात्र प्रधान तुषार पंडित ने कहा कि छात्र हितो के लिए आवाज उठाना ही हम संगठन का उद्देश्य है और हम हर छात्र को अपने ही परिवार का अंग मानते हैं। उप प्रधान देवा ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई करने के साथ साथ अपने अधिकार और कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक होना चाहिए। केवल पाठ्यक्रम ही पर्याप्त नहीं है बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए व्यावहारिक और सामाजिक समझ भी छात्रों में होनी चाहिए। उप प्रधान ओजस





दहिया ने कहा कि हम संगठन किसी भी छात्र के साथ कोई भी भादभाव नही होने देगा और भाईचारे का संदेश आगे भी देता रहेगा।

सी आर कॉलेज से अगुवाई करते हुए विक्की मालिक ने कहा कि सीआर कॉलेज में हर छात्र की समस्या को कॉलेज प्रशासन के साथ मिलके हल करवाना ही हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर विनीत सरोहा, प्रधान हनी दहिया, एंडी राणा, प्रियांशु, जतिन, दीपांशु, हिमांशु, मनीष ट्री और नितिन सहित सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

# घर से आभूषण व जेवरात चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला जटवाड़ा में घर पर ताला लगाकर दिल्ली स्थित ननिहाल में जगराता में शामिल होने गए परिवार के घर से चोर जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार वापस लौटा तो चोरी का पता लगा। जिस पर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मोहल्ला जटवाड़ा निवासी बिट्टू ने बताया कि वह अपने परिवार सहित उनके ननिहाल दिल्ली के गांव टटेसर में आयोजित जगराता में गए थे। जब वह वापस लौटे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था।

# महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वी जन्म जयंती मनाई

**प्रेरणास्त्रोत**

**8 ऋषि दयानंद ने समाज से अशिक्षा अज्ञानता का अंधकार मिटाने के लिए अंतिम साँसों तक संघर्ष किया**

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य** समाज मॉडल टाउन पानीपत में महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती जी की 200वी जन्म जयंती पर विशेष यज्ञ का आयोजन हुआ । जिसमें सभी सदस्य उपस्थित हुए और आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विधालय की प्रधानाचार्या सुमित्रा अहलावत ने मुख्य यजमान के रूप में यज में पूर्ण आहुति दी और सभी



के उज्वल भविष्य की कामना भी की । उन्होंने कहा कि ऋषि दयानंद ने समाज से अशिक्षा अज्ञानता का अंधकार मिटाने के लिए अंतिम साँसों तक संघर्ष किया आज विश्व की लगभग दस हजार आर्य संस्थाएँ और आर्य शिक्षण संस्थाओं में ऋषि दयानंद की 200वी जयंती के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर श्रीमती ज्योति कटारिया एवम् श्रीमती सुमेधा गुलाटी जी ने जन्मोत्सव के बधाई गीत गाये और माता संतोष सुटा जी/ प्रधान श्री शशि कांत चढ़ा जी ने स्वामी जी के प्रति अपने अपने उद्गार प्रगट् किए। सुश्री कल्याणी ने महर्षि जी के जीवन की सत्य कथा को सुनाते हुए बताया कि अराजकता वहाँ होती है जो वेद मार्ग पर नहीं चलता एक सुराष्ट्र के लिए वेद मार्ग को अपना कर ही राष्ट्र का कल्याण हो सकता है। चन्द्र मोहन गुलाटी मंत्री ने मंच संचालन किया व राज कुमार शास्त्री, रमेश बजाज , डावर , दीपांशु, अनूप , सुमित्रा अहलावत, गुलशन नंदा , बीरमती ,अलका आहूजा, आशा, सुमेधा गुलाटी, जानतानगपाल तथा अन्य उपस्थित रहे।

# विधालय के विकास में स्कूल प्रबंधन समिति का अहम योगदानः दया सिंह

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)राजकीय आदर्श** संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक सत्र 2023-24 की चौथी स्कूल प्रबंधन समिति की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने की।अपने संबोधन में उन्होंने स्कूल प्रबंधन समिति के अब तक के सहयोग के लिए सराहना की।उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति का विद्यालय की उनत्ति में एक महत्वपूर्ण योगदान होता है।यदि प्रत्येक एस. एम.सी अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता पूर्वक करे तो शिक्षा के स्तर को बहुत ऊंचाईयों तक ले जाया जा सकता है।इस अवसर पर बी. आर. पी. लाडवा श्रीमति कोमल ने भी एस. एम.सी सदस्यों को डिजिटल बोर्ड के माध्यम से प्रशिक्षण की बारीकियों की जानकारी दी।इस प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यालय प्रबंधन समिति की संयोजक जसविंदर सिंह, अनिल चुघ , प्रमोद कुमार ,एस. एम.सी प्रधान श्रीमति सुनीता देवी ,उप्रधान गुलजार,सामाजिक कार्यकर्ता जयचंद समेत एस. एम.सी के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# खादी संस्थान में उत्पादन प्रक्रिया देखने पहुंचे विद्यार्थी

## खादी संस्थान में विद्यार्थियों ने खादी में रोजगार के अवसरों को समझा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**

**खादी में भी** रोजगार के अवसर हैं। खादी उत्पादन की प्रक्रिया को समझने के लिए निरंतर विद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ में पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी 70 के करीब फैशन एवं डिजाइनिंग की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी खादी संस्थान में पहुंचे। इन विद्यार्थियों का खादी संस्थान के सचिव एवं संचालक सतपाल सैनी ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि यह



विद्यार्थियों का दल अध्यापिका लीलावती तथा मधुबाला के नेतृत्व में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरिपुर से आया था। अध्यापिका लीलावती एवं मधुबाला ने कहा कि यहां बच्चों के साथ खादी उत्पादन की प्रक्रिया देखकर बहुत अच्छा लगा है। खादी को बढ़ावा देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि फैशन एवं डिजाइनिंग की शिक्षा ग्रहण कर रहे इन विद्यार्थियों खादी उत्पादन के साथ महत्व की भी जानकारी मिली है। विद्यार्थियों के दल में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल रहे। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों को खादी के बारे में जानने की काफी उत्सुकता थी। खादी संस्थान में कितने बेहतरीन एवं सुंदर कपड़ों का निर्माण हो रहा है। खादी संस्थान भारत सरकार के स्वदेशी के नारे को सार्थक कर रहा है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने खादी की बुनाई व कताई के साथ खादी कपड़े के निर्माण की पूरी जानकारी हासिल की।

**दौरा किया**

**8 मंगलवार को भी 70 के करीब फैशन एवं डिजाइनिंग की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी खादी संस्थान में पहुंचे**

# विज्ञान के सरल प्रयोग की व्याख्या की गई

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह)**

**वैज्ञानिक डार्विन की** जयंती के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढोडपुर में विज्ञान के सरल प्रयोग एवं चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या की गई। दूसरे दिन यह कार्यक्रम हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति एवं शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया।इस अवसर पर स्कूल विज्ञान अध्यापिका अनादी ने संस्था के साथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति के सचिव डाक्टर शीशपाल ने संस्था



के कार्यों का परिचय रखा। संस्था के कार्यकर्ता मोमीन ने विज्ञान के विभिन्न प्रयोग करते हुए वायुदाब हमारे जीवन में कैसे काम करता है, यह विद्यार्थियों को समझाया गया साथ ही पानी के ऊपर चीजे कैसे तैरती हैं, इसके अलावा पानी के सरफेस पर सुई को तैराकर जैसे प्रयोगो के माध्यम से वैज्ञानिक विधि बताई। आयोजन में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति पानीपत के जिला सचिव वेदपाल ने कहा की भौतिक वस्तुओ का प्रयोग करना ही वैज्ञानिक मानसिकता नहीं है , बल्कि वैज्ञानिक मानसिकता से व्यवहार करना है तथा अपने आस-पास घटित हो रही घटनाओं का वैज्ञानिक विश्लेषण ही वैज्ञानिक मानसिकता है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मतदाता केंद्रों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

निरीक्षण

**8 बीएलओ समस्त पात्र महिलाओं, लड़कियों व युवाओं को वोट बनवाने के लिए करें प्रेरित**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिला क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए स्थापित मतदाता केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा बनाई जा रही नई वोट के कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने भारत कॉलोनी, गांव सेहतपुर, एनआईटी-3, एसजीएम नगर व जवाहर कॉलोनी में स्थित राजकीय व निजी विद्यालयों में स्थापित बूथों का निरीक्षण कर जायजा लिया।

इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा, एसडीएम बडखल अमित मान, एसडीएम फरीदाबाद अमित गुलिया, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, तहसीलदार चुनाव दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने इस दौरान जिला फरीदाबाद की भारत कॉलोनी में स्थित निधि पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, गांव सेहतपुर में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एनआईटी-3 में स्थित विद्या निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल, एसजीएम नगर में स्थित श्रीराम मॉडल स्कूल और जवाहर कॉलोनी में स्थित गुरु नानक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में स्थापित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ को शहर व ग्राम के सभी घरों में भ्रमण कर मतदाता सूची में सम्मिलित होने की पात्रता रखने वाली महिलाओं, लड़कियों व युवाओं सहित शत-प्रतिशत लोगों को वोटर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बूथों पर मौजूद बीएलओज को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक महिलाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक करें। इसके अतिरिक्त जिन व्यक्तियों की अब तक किसी कारणवश वोट नहीं बनी है तो उनकी वोट बनवाने की दिशा में भी कार्य किया जाए। इसके अलावा वोट बनवाने संबंधी सभी दस्तावेजों को ध्यानपूर्वक चैक करें और वोट कटवाने संबंधी आवेदनों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

वोट कटवाने के आवेदनों के समस्त कागजात की बारीकी से जांच की जाए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, रैंप, शौचालय सहित बिजली आदि मूलभूत सेवा-सुविधाओं की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए।

# मेला में बेहद कम दामों में मौजूद हैं हाथों से बनाए गए विभिन्न उत्पाद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** 37 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ की ओर से मेले के मीडिया सेंटर के नजदीक स्टॉल लगाई गई है, जिसमें जूट के बैग, मोबाइल बैग, पोटली बैग, सिलाई के कपड़े, ऊन से बनाए गए बंदरबान, थारपोश, चंकेरी (बोइया), वेस्ट कपड़ो से बनाए गए हैंड बैग, बोतल बैग जैसे हाथ से कढ़ाई-बुनाई करके बनाए गए विभिन्न उत्पाद उपलब्ध हैं। यह सभी उत्पाद बाल कल्याण परिषद की ओर से प्रशिक्षण कर रही लड़कियों व महिलाओं के द्वारा तैयार किए गए हैं, जोकि बेहद कम दामों में स्टॉल पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।



उल्लेखनीय है कि बाल कल्याण परिषद हरियाणा की ओर से प्रत्येक जिला में स्थित बाल कल्याण भवन में प्रशिक्षण केंद्र चलाए जा रहे हैं, जहां पर लड़कियों एवं महिलाओं को सिलाई, कढाई, बुनाई, ब्यूटी केयर आदि जैसे विभिन्न प्रशिक्षण निशुल्क प्रदान किए जाते है, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने में सक्षम बन सकें। बाल भवन के इन प्रशिक्षण केंद्रों में शिक्षिकाओं के माध्यम से लड़कियों व महिलाओं को छह महीने का स्लेबस के अनुसार बिना किसी फीस के कोर्स करवाया जाता है। इन प्रशिक्षण केंद्रों में ट्रेनिंग लेने के लिए लडकी अथवा महिलाओं को कम से कम आठवीं कक्षा पास होना अनिवार्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### जीवन में सबसे बड़ा सुख उत्तम स्वास्थ्य है - राजेश नागर



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 77 स्थित केएलजे सोसाइटी बी ब्लॉक में ओपन जिम का उद्घाटन किया और उसका प्रयोग भी करके देखा।

उन्होंने एक छोटी बच्ची से रिबन कटवा कर यह जिम जनता को सौंपा। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ा सुख उत्तम स्वास्थ्य है। जो व्यक्ति निरोगी जीवन जीता है, वह सभी पदार्थों का सुख भोगता है। जबकि बीमार व्यक्ति सब कुछ होने के बाद भी उनका उपभोग नहीं कर सकता। नागर ने कहा कि हम सबको अपने स्वास्थ्य की निरंतर जांच करवाते रहना चाहिए, जिससे किसी भी बड़ी बीमारी की आशंका को शुरुआत में ही दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी लापरवाही का नतीजा होता है कि बीमारी बड़ी होकर हमारे सामने आती है और तब अनेक बार वह लाइलाज भी हो जाती है।

विधायक राजेश नागर ने लोगों से इस ओपन जिम का इस्तेमाल कर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया और कहा कि मैं आप सभी के लिए हर समय उपलब्ध हूं। अपनी स्थानीय समस्याओं संबंधी मांगों को मुझे कभी भी बता सकते हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर तिगांव विधानसभा क्षेत्र में सब तरफ विकास कार्य जारी हैं। मुझे यह कहने में कोई परेशानी नहीं है कि यदि कोरोना महामारी ना आती तो अब तक हमारे यहां कोई विकास कार्य शेष नहीं रहता। हमारा बड़ा महत्वपूर्ण समय यह महामारी ले गई लेकिन यह भाजपा सरकार है जिसने ना कालाबाजारी होने दी और ना लूट-खसोट होने दी।

राजेश नागर ने कहा कि आज देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व प्राप्त है और प्रदेश को मनोहर लाल जैसा ईमानदार पारदर्शी मुख्यमंत्री प्राप्त है। इससे पहले का राज आप लोगों ने देखा है। आप लोगों से कुछ भी छुपा नहीं है। नागर ने कहा कि आप लोग एक बार अयोध्या जरूर जाएं। अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर में विराजित भगवान के दर्शन करें। यह समय हमें 500 वर्षों के संघर्ष के बाद और कुशल नेतृत्व के हाथ प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर डीके सिंह, शैलेश झा, नरवीर यादव, एच आर मैत्री, किरण, मनोज आदि मुख्य रूप से प्राप्त मौजूद रहे।

### 700 किसान की कुर्बानी के बाद भाजपा सरकार ने झूठा आश्वासन देकर देश के किसानों के साथ किया है बड़ा विश्वासघात :: धर्मवीर भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सुबह 6:00 बजे से ही आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना को किसान आंदोलन के चलते पुलिस प्रशासन ने हाउस अरेस्ट किया उन्हें पहले पाली पुलिस चौकी में ले जाया गया उसके पश्चात लगभग 12:00 बजे उन्हें उनके कार्यालय पर अरेस्ट रखा गया , इस पर धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार जंगलराज की सरकार है उनकी करनी और कथनी में बहुत बड़ा फर्क दिखाई पड़ता है 1 वर्ष पहले 700 किसानों की कुर्बानी के बाद भाजपा सरकार ने झूठा आश्वासन दे उनका आंदोलन समाप्त करवा दिया था लेकिन भाजपा सरकार अपनी जुबान पर खरी नहीं उतरी और किसानों को दोबारा सड़क पर उतरना पड़ रहा है,

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार में मजदूर ,किसान ,युवा, महिला सभी वर्ग परेशान हैं कमर तोड़ महंगाई और बेरोजगारी ने पूरे देश का बुरा हाल कर रखा है,उन्होंने यह भी कहा कि वह इस तरह मुझे हाउस अरेस्ट कर या गिरफ्तार कर किसानों के आंदोलन में मेरे सहयोग को दबा नहीं सकते और उन्हें मौका मिला तो वह कंधे से कंधा मिलाकर किसानों के आंदोलन में भाग लेंगे उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सभी कार्यकर्ता और उनकी पार्टी पूरी तरह किसानों के साथ है,

### दिल्ली जाने की बजाए चंडीगढ़ में बातचीत करें किसान: विज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने आंदोलनकारी किसानों को आहवान किया है कि वह दिल्ली कूच का ऐलान वापस ले लें, केंद्र सरकार उनके साथ बातचीत करने के लिए तैयार है।

मंगलवार को चंडीगढ़ में पुलिस अधिकारियों से कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर अपडेट लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्र सरकार के मंत्री चंडीगढ़ में आकर किसानों के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। दो चरणों की बातचीत चंडीगढ़ में हो चुकी है, फिर किसान दिल्ली कूच पर क्यों अड़े हुए हैं।

# अनेकता में एकता का संदेश दे रहा है सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला

रंगारंग कार्यक्रम

**8 देशी व विदेशी कलाकार गायन, वादन व नृत्य से दे रहे हैं अपनी संस्कृति का परिचय**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सूरजकुंड मेला में देश व विदेश से आए सभी वर्गों के लोग एक सूत्र में बंधे अनेकता में एकता की झलक दिखा रहे हैं। देश के अलग-अलग प्रांत और विश्व के करीब 40 से अधिक देशों से आए शिल्पकार व कलाकार 37वें सूरजकुंड मेले की शान को बनाए रखने में मददगार साबित हो रहे हैं। मेला में एक ओर जहां शिल्पकार अपने हुनर को पर्यटकों के समक्ष रख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अलग-अलग कलाकार भी अपने देश की समृद्ध विरासत, संस्कृति, गायन-वादन-नृत्य कला और वेशभूषा से लोगों का मन मोह रहे हैं।



मंगलवार को भी मेले की मुख्य व छोटी चौपाल पर अलग-अलग जगहों से आए कलाकारों ने अपनी-अपनी मन मोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कोंगो से आए ला-सांजा ग्रुप के कलाकारों ने अपने पारंपरिक डांस फॉर्म माकूतानू की शानदार प्रस्तुति दी। यह कांगों में खुशी के मौके पर किया जाने वाला नृत्य है। थीम स्टेट गुजरात के सिद्धी समुदाय के कलाकारों ने सिद्धी धमाल नामक डांस की जोरदार पेशकश कर दर्शकों का मनोरंजन किया। सिद्धी समुदाय करीब 800 वर्ष पूर्व अफ्रीका से पलायन कर गुजरात आया था, उस समय से यह समुदाय गुजरात प्रांत में ही निवास कर रहा है। इस समुदाय के लोग सिद्धी धमाल नृत्य की प्रस्तुति अपने अराध्य बाबा हजरत गौर को प्रसन्न करने के लिए करते है। दक्षिणी अफ्रीका के सुंदर देश मालावी के कलाकारों ने डांस प्रस्तुति के माध्यम से अपने देश की समृद्ध संस्कृति और बड़े-बुजुर्गों के प्रति आदर-सम्मान भाव रखने का संदेश दिया। असम से आए कलाकारों ने बीहू नृत्य से दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा चौपाल पर इथोपिया, जाम्बिया, नाइजिरिया, किर्गिस्तान, केपवर्द, बेलारूस, सेनेगल, बोट्स्वाना आदि देशों के कलाकारों ने अपने-अपने देश के लोकगीतों व पारंपरिक गायन की कला से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

# सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित किया गया शो एंड टैल और फोटोग्राफी मुकाबला

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला परिसर में प्रतिदिन अलग-अलग स्कूलों के छात्र-छात्राओं की विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाकर उनके हुनर को निखारने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को दिखाओ और बताओ की जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रतियोगिता तथा फोटोग्राफी मुकाबला आयोजित करवाया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में अलग-अलग विद्यालयों के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



दिखाओ और बताओ की जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में अरावली इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद के जयदित्या विज ने प्रथम, अराध्या पब्लिक स्कूल तिलपत के संस्कार ने द्वितीय और आइडियल पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की समरिति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झाडसैंतली के अदित्या ने प्रथम और मॉडर्न बी.पी. पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के केशव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### हरियाणा सरकार ने 16 जिला राजस्व अधिकारी बदले

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने लंबे समय से अटके जिला राजस्व अधिकारियों को स्थानांतरण कर दिया है। मंगलवार को हरियाणा के वित्तायुक्त टीवीएसएन प्रसाद ने 16 जिला राजस्व अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए।

सरकार की सूची के अनुसार कैप्टन विनोद कुमार को अंबाला से वित्तायुक्त कार्यालय, कनब लाकरा को रोहतक, चंद्रमोहन को कैथल, कुलदीप सिंह को पंचकूला, हरिओम अत्री को पलवल, रणविजय सुलतानिया को पानीपत, श्यामलाल को यमुनानगर, मनीष कुमार को करनाल, संजय चौधरी को चरखी-दादरी तथा योगेश कुमार को अंबाला में जिला राजस्व अधिकारी के पद पर तैनात किया गया है।

# राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में मनाया गया महिला दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** दिनांक 13 फरवरी को राजकीय महाविद्यालय, फरीदाबाद में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रुचिरा खुल्लर के संरक्षण में और एनसीसी , नेवल विंग की एएनओ सब लेफ्टिनेंट डॉ अमृता श्री और वीमेन सेल की प्रभारी डॉ चारू मिढ़ा के निर्देशन में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डॉ अमृता श्री ने राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि सरोजिनी नायडू के जयंती के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। डॉ चारू मिढ़ा ने विद्यार्थियों को ऐसे प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया । स्त्रियों को सशक्त करने के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और उपरोक्त

योगदान

**8 इन प्रतियोगिताओं के आयोजन में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों का भी योगदान रहा**

प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ अमृता श्री और डॉ रेणु यादव ने किया । इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में श्रीमति मीनाक्षी रावत, डॉ अंशु भट्ट, श्री अमित कुमार शामिल रहे और अपने नीर-क्षीर विवेक से प्रतियोगिताओं का परिणाम निकाला। प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी अमन शर्मा, नैन्सी, वंशिका, लक्षिता, अनुराधा और सकीना रहे।

इन प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों का भी योगदान रहा जिसमें डॉ अंकिता , डॉ कंचन जमीर, श्रीमती सविता, डॉ रमणीक , श्रीमती दीपिका आदि थे।

# मेले में आया बॉयोस्कोप पर्यटकों को करवा रहा है राम मंदिर के दर्शन

बॉयोस्कोप

**8 राजस्थान के भिलवाड़ा से आए शिवम ने मेला में चार स्थानों पर लगाए हैं बॉयोस्कोप**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारत देश के विभिन्न मोनूमेंट्स को एक ही स्थान पर लोगों को दिखाने का कार्य बाबा जी का बॉयोस्कोप कर रहा है। 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में राजस्थान के भिलवाड़ा क्षेत्र से आए शिवम देश के विभिन्न मोनूमेंट्स को अपने बॉयोस्कोप के जरिए मेला घूमने आए पर्यटकों को अनोखे अंदाज में दिखा रहे हैं। मात्र 50 रुपए के शुल्क पर वे पुराने समय में दिखाए जाने वाले चलचित्र की तर्ज पर ही वे बॉयोस्कोप को चकरी को घुमाकर झांसी व चित्तौरगढ का किला, कुतुब मिनार, दुनिया के सात अजूबों में से एक ताजमहल जैसे अन्य स्थलों के चित्रों को दिखाकर लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। बॉयोस्कोप में एक ओर जहां पर्यटक आयोध्या के राम मंदिर के दर्शन कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर जी-20 के मोदी जी को भी निहार रहे हैं।



राजस्थान के शिवम का कहना है कि वे अपनी पुस्तैनी कार्य को आगे बढाने में अपने पिता का सहयोग कर रहे हैं। वे सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में पिछले 12 वर्षों से आ रहे हैं। इससे पहले उनके पिता सोहनलाल और उनके दादा भंवरलाल भी सूरजकुंड के मेले के साथ-साथ दिल्ली हाट में बॉयोस्कोप दिखाकर लोगों का मनोरंजन करते आ रहे हैं। शिल्प मेला में विभिन्न चार स्थानों पर लगाए गए बॉयोस्कोप पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शिवम का कहना है कि बॉयोस्कोप को लोकल भाषा में 12 मण को धोबण भी कहा जाता है।

# जर्मन फेडरेशन ने रखी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ तालमेल की पेशकश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जर्मनी के फेडरल इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के प्रतिनिधिमंडल ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का भ्रमण किया और कुलपति डॉ. राज नेहरू के साथ बैठक की। उन्होंने फेडरेशन से जुड़े 100 से भी अधिक विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ तालमेल की पेशकश रखी है। उनके साथ फेडरेशन के माध्यम से तालमेल होने पर स्किल डेवलपमेंट, रिसर्च, ट्रेनिंग, व्यवसायिक कोर्स के क्षेत्र में काम आगे बढ़ाया जा सकेगा। इस दिशा में पहले दौर की बातचीत हुई है। इस फेडरेशन से जुड़े ज्यादातर शिक्षण संस्थान व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में काम करते हैं। बैठक में फेडरेशन के प्रतिनिधि कार्थिकेयन और जर्मन फेडरल मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन एंड साइंटिफिक रिसर्च की प्रतिनिधि अंतजे वेसल्स और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के डीन इंटरनेशनल कोलैबोरेशन, प्रोफेसर निर्मल सिंह भी मौजूद रहे।



भ्रमण

**8 जर्मनी के फेडरल इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के प्रतिनिधिमंडल ने कौशल विवि का भ्रमण किया**

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि जर्मन की यह फेडरेशन विश्व के चुनिंदा संस्थानों के साथ तालमेल कर रही है, ताकि वैश्विक स्तर पर स्किल और व्यावसायिक शिक्षा का एक बेहतर इकोसिस्टम विकसित किया जा सके। इसी कड़ी में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने समस्त संभावनाओं पर विचार विमर्श किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय फेडरेशन के माध्यम से इन जर्मन संस्थानों के साथ जुड़ सकता है। यदि यह बातचीत सिरे चढ़ती है तो इससे कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा दिया जा सकेगा। ट्रेनिंग के लिए भी इन संस्थाओं के साथ भागीदारी हो सकती है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों का आदान-प्रदान भी संभावित होगा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इससे प्रोफेशनल प्रोग्राम विकसित करने की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। उन्होंने जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल का श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में काम कर रहे शिक्षण संस्थानों को एक प्लेटफार्म पर आकर आगे बढ़ना चाहिए। डीन इंटरनेशनल कोलैबोरेशन, प्रोफेसर निर्मल सिंह ने बताया कि इस बैठक के बाद अगले दौर में स्कोप ऑफ वर्क पर चर्चा होगी। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किस तरह से सभी शिक्षण संस्थानों के साथ तालमेल बिठाया जा सकता है, इस पर एक व्यापक नीति बनाई जाएगी। प्रोफेसर निर्मल सिंह ने कहा कि जर्मनी में स्किल और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में काफी उन्नत कार्य हो रहा है और देश का पहला कौशल विश्वविद्यालय होने के नाते यदि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का इस फेडरेशन के साथ समन्वय स्थापित होता है तो आने वाले दिनों में विद्यार्थियों को इसका सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। साथ ही फैकल्टी भी इससे प्रत्यक्ष लाभान्वित होगी।

# 'विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की अहम भूमिका'

## श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में पश्चिम बंगाल व झारखंड के राज्यपाल पहुंचे, 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का कद बढ़ा'

**दीक्षांत**

**मोदी ने दुनिया में भारत के कद को बड़ा और सशक्त बनाने के लिए बदलाव व सुधार के कई प्रयास किए हैं**







**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली/झुंझुनूं**
**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत के कद को बडा और सशक्त बनाने के लिए बदलाव व सुधार के जो प्रयास किए हैं, उनसे आज के युवा और शिक्षक को प्रेरणा लेनी चाहिए। आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की अहम भूमिका होगी, इसलिए शिक्षकों को हर युवा की आंतरिक क्षमता को पहचान कर उसका बेहतर इस्तेमाल करना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में बदलाव का सबसे मजबूत हथियार शिक्षा है और हमें मिलकर इस दिशा में काम करना है। मंगलवार को झुंझुनूं स्थित श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबडेवाला विश्वविद्यालय (श्री जेजेटी युनिवर्सिटी) के 12वें दीक्षांत समारोह में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस व झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए। अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने कहा कि हम भारत नहीं हैं, बल्कि भारत हम सभी के अंदर है। एक नागरिक के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कितना काम करते हैं, क्या एक शिक्षक, एक छात्र के नाते हम उतना काम नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक को छात्र के अंदर की ताकत को पहचानने व इसके सही दिशा में इस्तेमाल करने की जिम्मेदारी लेनी होगी, तभी एक युवा अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सुधार लाएगा और यही बदलाव देश व समाज को आगे बढाने में कारगर साबित होगा। झारखंड राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभी शोधार्थियों, शैक्षणिक डिग्री प्राप्त कर रहे युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पडाव हर किसी के जीवन में महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पढाई में शत-प्रतिशत अंक हासिल करना नहीं है, बल्कि पढ लिख कर सोसायटी में अपना योगदान देना है। उन्होंने कहा कि आपने जो ज्ञान हासिल किया है, वह देश व समाज के काम आए, ऐसे प्रयास करना जरूरी है।

### राज्यपालों को डी लिट की उपाधि से नवाजा

**यूनिवर्सिटी** चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबडेवाला व प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस व झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को डी लिट की उपाधि से नवाजा। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला ने कहा कि यूनिवर्सिटी का मुख्य लक्ष्य शिक्षा व खेल क्षेत्र में युवाओं को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना है, ताकि आने वाले समय में युवा नौकरी लेने नहीं, नौकरी देने वाले बनें। इससे पूर्व यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने दीक्षांत समारोह शुरू होने की घोषणा की। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि अनुसन्धान के बाद अब यूनिवर्सिटी खेलों में तेजी से नई ऊंचाइयां छू रही है।

### 'यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों का शानदार अनुभव रहा'

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें दीक्षांत समारोह के माध्यम से बहुत सी यूनिवर्सिटी में जाने का मौका मिला है, लेकिन श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी में शोधार्थियों, विद्यार्थियों द्वारा अनुशासन का प्रदर्शन करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मेरिटोरियस ने श्री जेजेटी युनिवर्सिटी द्वारा महिला शिक्षा को लेकर उठाए गए कदमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेरिट प्राप्त व प्रतिभाशाली छात्राओं की शत-प्रतिशत ट्यूशन फीस माफ व हर छात्रा की 75 प्रतिशत ट्यूशन फीस माफ करने का निर्णय महिला शिक्षा को बढावा देने वाला है। उन्होंने किसी युनिवर्सिटी में ऐसी योजना नहीं देखी। उन्होंने श्री राजस्थान सेवा संघ की गतिविधियों, विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान किए गए कामों को लेकर भी तारीफ की।

# 'गो इंडिया का नारा लगाने वाले अब वेलकम इंडिया कह रहे'

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
**जम्मू कश्मीर अपनी** पार्टी के चेयरमैन सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी ने सोमवार को कहा कि अगर कोई पूर्व हुर्रियत नेता या कोई अन्य अलगाववादी नेता मुख्यधारा की राजनीति में शामिल होता है तो किसी को एतराज नहीं होना चाहिए। बशर्ते वह जम्मू कश्मीर को भारत का अविभाज्य अंग मानता है, भारतीय संविधान में आस्था रखता हो और कभी भी आतंकी हिंसा में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कल तो जो लोग कश्मीर में गो-इंडिया का नारा लगाते थे,आज वेलकम इंडिया कहते हैं, यह भारतीय लोकतंत्र की जीत है और हमें इसका जश्न मनाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 10 फरवरी को श्रीनगर में पूर्व हुर्रियत नेता जफर हबीब डार ने जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी का दामन थामा है। इससे पूर्व दक्षिण कश्मीर में जमाते इस्लामी के एक पूर्व नेता ने जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी में शामिल होकर मुख्यधारा की सियासत में आगे बड़ने का एलान किया था।

# जमीन पर उतरेंगे 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव



**समीक्षा**

**आगामी 19-21 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा की**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक कर आगामी 19-21 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा की। विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री जी ने विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए जीबीसी-4.0 के सफल आयोजन के लिए निम्न दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 10-12 फरवरी, 2023 को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ।
इस आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, पार्टनर कंट्री के 04 मंत्रीगण, 17 केंद्रीय मंत्रीगणों, राजदूतों/उच्चायुक्तों और 25000 से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। यह आयोजन हमारी 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं, युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को $1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है 16 देशों के 21 नगरों और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन के उपरांत तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 39.52 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

# 20 को जम्मू दौरे पर होंगे पीएम नरेंद्र मोदी



**टीम एक्शन इडिया/उधमपुर /जम्मू**
**जम्मू-कश्**मीर में मौजूद केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि पीएम मोदी 20 फरवरी को जम्मू दौरे पर होंगे और वह यहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसी के साथ-साथ एक रैली को भी संबोधित करेंगे।
**यहां रुकेगी कटरा दिल्ली वंदे भारत ट्रेन:** जितेंद्र सिंह ने कहा कि पीएम मोदी जम्मू में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। ये रैली शहीद कैप्टन तुषार महाजन रेलवे स्टेशन पर कटरा-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव के लिए होगी। बता दें कि इलाके के लोगों को सुविधा हो इसके लिए उधमपुर और कठुआ रेलवे स्टेशनों पर मध्यम दूरी की सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज शुरू किया गया था।
**कई परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ:** जितेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम चाहते थे कि प्रधानमंत्री चुनाव आचार संहिता शुरू होने से पहले जम्मू-कश्मीर का दौरा करें। उन्होंने बताया कि पीएम का कार्यक्रम 20 फरवरी को होने वाला है, जिसके दौरान वह विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे और एक सार्वजनिक बैठक को भी संबोधित करेंगे।
**इन परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन:** यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी सांबा के विजयपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रियासी जिले में चिनाब पर सबसे ऊंचे रेलवे पुल, उधमपुर में देविका परियोजना, आईआईएम जम्मू और शाहपुर-कांडी बांध परियोजना का उद्घाटन करेंगे। वहीं रिवर बेड से 359 मीटर ऊपर स्थित 1.3 किलोमीटर लंबा चिनाब रेल पुल, जो कि पेरिस के प्रतिष्ठित एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है और कटरा से बनिहाल तक 111 किलोमीटर की दूरी में एक महत्वपूर्ण लिंक बनाता है।



# नरेला: श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की बही रसधार







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी दिल्ली के नरेला में समस्त महिला मंडल की ओर से सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नरेला के रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में आयोजित भागवत कथा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सातवें दिन की कथा में वृंदावन से पधारे कथावाचक श्री कृष्ण स्वामी महामंडलेश्वर ने द्वारिका लीला, परीक्षित मोक्ष, व्यास पूजन सुदामा चरित्र का वर्णन सुनाते हुए भागवत धर्म का उपदेश देते हुए कथा का समापन किया। सुदामा चरित्र व राजा परीक्षित मोक्ष की कथा सुनकर श्रोता भक्ति भाव में डूब गए। सप्तम दिवस की कथा में व्यास पीठ से कृष्ण स्वामी जी ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि द्वारपाल ने द्वारकाधीश से जाकर कहा, प्रभु द्वार पर एक ब्राह्मण आया है और आपसे मिलना चाहता है वह अपना नाम सुदामा बता रहा है। यह सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने राजमहल के द्वार पर पहुंच गए। यह सब देख वहां लोग यह समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े-दौड़े चले आए। कथा व्यास जी ने कहा कि भगवान प्रेम के भूखे हैं यही कारण है कि अपने



गरीब मित्र सुदामा की दीन दशा को देखकर कन्हैया की आंखों में आंसू छलकने लगे। उन्होंने परीक्षित मोक्ष की कथा का श्रवण करते हुए बताया कि उत्तरा और अभिमन्यु के पुत्र पांडवों के एकमात्र उत्तराधिकारी राजा परीक्षित आखेट करते हुए शामिका महर्षि के आश्रम में पहुंचे लेकिन महर्षि राजा के पहुंचने से बेखबर रहे। क्रोध वश राजा ने पास पड़े मरे हुए सर्प को महर्षि के गले में डाल दिया और चले गए। महर्षि के पुत्र श्रृंगी ऋषि ने यह दृश्य देख लिया और राजा को सातवे दिन सांप के काटने से मृत्यु होने का श्राप दे दिया। श्रृंगी ऋषि के श्राप को पूरा करने के लिए तक्षक नामक सांप ब्राह्मण का भेष बदलकर राजा परीक्षित के पास पहुंचकर उन्हें डस लेता है और जहर के प्रभाव से राजा का शरीर जल जाता है और मृत्यु हो जाती है। लेकिन श्रीमद् भागवत कथा सुनने के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त होता है। पिता की मृत्यु को देखकर राजा परीक्षित के पुत्र क्रोधित होकर कर सर्प नष्ट हेतु आहुतियां यज्ञ में डालना शुरू कर देते हैं। जिनके प्रभाव से संसार के सभी सर्प यज्ञ कुंडों में भस्म होना शुरू हो जाते हैं। तब देवता, ऋषि सभी राजा जनमेजय को समझते हैं और उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं।

कथा व्यास ने कहा की कथा के श्रवण करने से जन्म जन्मांतरों के पापों का नाश होता है और विष्णु लोक की प्राप्ति होती है। कथा उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कथा में विनोद भारद्वाज, सविता नरेश खत्री, हरी भारद्वाज, मनोज बंसल, आनंद खत्री, प्रमोद नरवाल, विकास पंचाल, प्रताप दहिया, महावीर गुप्ता, मोहित गुप्ता, सुनील, सुनीता गुप्ता, सुनीता मंगला, संतोष, मनीषा, नेहा गोयल सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस पर 65 कन्याओं का विवाह समारोह संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की प्रमुख समाजिक संस्था, श्री बरसाना धाम फाउण्डेशन व बृज प्रभात सेवा संस्थान कौसी के संयुक्त तत्वधान में 65 कन्याओं का सामूहिक विवाह, संतों व विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में कोसी नंदगांव में बड़े ही आनंद व भाव के साथ सम्पन्न हुआ।

श्री बरसाना धाम फाउण्डेशन के चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल ने उपस्थित वर पक्ष व कन्यापक्ष व अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रमुख लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन का ध्वज अब पूरे देश और दुनिया में अपना वैभव दिखा रहा है, जहाँ एक और 22 जनवरी को रामलला 500 साल के बाद अपने निजधाम में स्वयं पधारे है, वहीं दूसरी और यू.ए.ई. में प्रधानमंत्री मोदी भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करने जा रहे है। वो भी समय था जब आक्रान्ताओं का शासन था और आज के ही बसंत पंचमी के पावन दिवस पर, 14 साल के वीर हकीकत राय की इसलिए निर्मम हत्या कर दी गई थी कि उस बालक ने इस्लाम कबूल करना स्वीकार नहीं किया था, बसंत पंचमी का उत्सव हमारे जीवन में नई उमंगे व तरंगे लेकर आता है और इस दिन मां सरस्वती का पूजन करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते है। आज जिन 65 जोड़ो की शादी में हम शामिल हुए है वो सभी सनातन प्रम्पराओं का पालन करते हुए अपना जीवन आगे बढ़ाएं और भारत को हिन्दु राष्ट्र व विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दें।

# सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा लगाया गया मुफ्त मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जैसे कि हम सब जानते हैं कि मोतियाबिन्द पूरे विश्व में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहा है, इस दिशा में सावन कृपाल रूहानी मिशन लगातार प्रयासरत है और वह लोगों की अंधकार भरी जिंदगी में रोशनी लाने में सहायता कर रहा है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के मार्गदर्शन में साल में दो बार मुफ्त आंखों की जांच और मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिसमें अमेरिका से मान्यता प्राप्त आंखों के डॉक्टर्स, आई केयर अस्पताल, नोएडा के साथ मिलकर समाज सेवा के लिए सहयोग करते हैं। इस वर्ष 38वें मुफ्त आंखों की जांच व मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन 4 फरवरी से 11 फरवरी तक कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर 35वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जोकि मानव एकता और विश्व शांति के समर्पित है। मानवता की भलाई के लिए लगाए गए इस शिविर में बढ़िया क्वालिटी के लेंस के साथ मरीजों की मुफ्त सर्जरी की गई, जिसमें उससे संबधित सभी सामान व महत्त्वपूर्ण चीजों को खुले दिल से भेंट किया गया।

# त्रिनगर विधानसभा: शांति नगर इलाके में चलाया गया 'चलो गांव, चलो बूथ अभियान'






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नम्बर-147 शांति नगर में चलो गाँव, चलो बूथ की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर त्रिनगर मंडल द्वारा दीवारों पर कमल चिन्ह की प्रिटिंग भी गई।

इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी, रूपक शर्मा, अजीत जैन, कपिल गोयल, संजय जैन, बालकिशन शर्मा, राधेश्याम गर्ग, चंचल गुप्ता महिला मोर्चा अध्यक्ष सहित पार्टी के कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने बताया कि आज बूथ नम्बर-147 पर चलो गाँव, चलो बूथ अभियान चलाया गया। उन्होंने आगे बताया कि इस दौरान लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओ से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि हम इस अभियान के दौरान जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है, लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है।

# जहांगीरपुरी पुलिस चौकी के पास जाहरवीर की रसोई का हुआ भव्य शुभारंभ







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के जहांगीरपुरी स्थित आजाद चौक के पास 'जाहरवीर की रसोई' का आयोजन किया गया। इसमें बाहुताय की संख्या लोग मौजूद रहे और प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम का आयोजन साहू समाज एकता समिति के अध्यक्ष व सेवादार गिरीश कुमार साहू ने किया। इस दौरान विधिवत् तरीके से हरीश चंद साहू और श्रीमति ओमवती साहू ने रसोई का भव्य शुभारंभ किया।

**कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने रसोई के कार्यो को सराहा:** जाहरवीर की रसोई में आये हुए अतिथियों ने कार्यक्रम के आयोजको की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन सभी को करने चाहिए।

**रसोई का आयोजन पुण्य का कार्य:** अवधेश कुमार त्यागी ने बताया कि आज बड़े ही पुण्य के कार्य का शुभारंभ जाहरवीर की रसोई के रूप में हुआ है। ऐसे आयोजन सभी को अपने-अपने क्षेत्र में करने चाहिए। यह एक पुण्य का कार्य है।

**प्रत्येक महिने होगा आयोजन:** कार्यक्रम के आयोजक गिरीश कुमार साहू ने कहा कि प्रभु जाहरवीर जी महाराज के आशीर्वाद से



जाहरवीर की रसोई का आयोजन प्रत्येक माह किया जायेगा।

**रसोई में बहुताय की संख्या में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद:** जाहरवीर की रसोई के पहले ही दिन लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली और बहुताय की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**कार्यक्रम में आये हुए लोगों का किया धन्यवाद:** सेवादार राजाराम साहू ने कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया। इस मौके पर समाजसेवी इन्दरमनी तिवारी, समाजसेवी अवधेश त्यागी, हरिओम, रामनिवास, मिस्टर करौतिया के अलावा हरीश चंद साहू, ओमवती साहू, सेवादार गिरीश साहू, सेवादार राजाराम साहू, सेवादार रामसिंह साहू, रोहित साहू, प्रमोद साहू, इन्द्रजीत साहू, राजेन्द्र साहू, नितिन साहू, प्रेमचंद साहू, प्रेम सिंह साहू, संतोष साहू, बृजेश साहू, राम बाबू गुप्ता, शरद साहू, रिंकू साहू के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।